नई दिल्ली
बुधवार, 29 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 195
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 30
न्यून. 17

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# देश में चलेगा गृह संपर्क अभियान बस्तियों में होंगे 'हिंदू सम्मेलन'

**जबलपुर में संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक 30 से 1 नवंबर तक**

**संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत सहित 407 कार्यकर्ता शामिल होंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

यहां 30 अक्टूबर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक होगी। 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक होनी वाली बैठक में आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत सहित 407 कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम में डॉ. भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले तथा 6 सहसरकार्यवाह, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सहित सभी 11 क्षेत्रों एवं 46 प्रांतों के संघचालक, कार्यवाह व प्रांत प्रचारक उपस्थित रहेंगे।

मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता को आरएसएस प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने संबोधित करते हुए कहा कि जबलपुर में पहली बार ये बैठक हो रही है। देशभर में संघ का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है, देशभर में हिंदू सम्मेलन भी किए जाएंगे, इसमें युवाओं के लिए भी विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर पर बस्ती और मंडल के स्तर पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन होगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी मंडल की बैठक में देश की सामाजिक हालातों पर चिंतन होगा। इसमें बस्ती-मंडल स्तर पर होने वाले हिंदू सम्मेलन की कार्ययोजना पर बात होगी। इसके अलावा शताब्दी वर्ष पर प्रारंभ होने वाले सघन गृह संपर्क अभियान पर चर्चा की जाएगी।


आरएसएस प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर(बाएं) संवाददाताओं से चर्चा करते हुए

### देश की सुरक्षा जैसे विषयों पर भी चिंतन किया जाएगा

इसके अलावा हिंदू धर्म के लिए त्याग बलिदान देने वाले गुरु तेग बहादुर के 350वीं शहीदी वर्ष पर विशेष साहित्य और कार्यक्रम तय होंगे। इसी तरह भगवान बिरसा मुंडा की भी 15 नवंबर को 150वीं जयंती है। इन पर भी विशेष साहित्य और कार्यक्रम पर बैठक में चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि युवाओं को संघ से विशेष रूप से जोड़ने के लिए विशेष आयोजन होंगे। पंच परिवर्तन के कार्यक्रम से प्रेरित संस्था,व्यक्तियों, मठ, मंदिरों, सामाजिक शैक्षणिक संस्था से शताब्दी वर्ष के दौरान संपर्क किया जाएगा। यह व्यापक अभियान होगा इसके लिए स्तर पर संपर्क किया जाएगा। तीन दिवसीय बैठक में समाज जीवन पर होने वाली बातों के अलावा देश की सुरक्षा जैसे विषयों पर भी चिंतन किया जाएगा।

**अंबाला एयरफोर्स स्टेशन से उड़ान भरेंगी**

# अब राफेल जेट में उड़ान भरेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**इससे पहले वह सुखोई फाइटर जेट में भी उड़ान भर चुकी हैं**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अंबाला के एयर फोर्स स्टेशन पर पहली बार पहुंचेंगी। इसको लेकर एयरफोर्स स्टेशन पर सभी तैयारियां हो चुकी हैं। राष्ट्रपति के आधिकारिक प्रवक्ता ने यह भी बताया है कि राष्ट्रपति मुर्मू अंबाला एयरबेस से ही लड़ाकू विमान राफेल में उड़ान भरने वाली हैं। इससे पहले वह सुखोई फाइटर जेट में भी उड़ान भर चुकी हैं। राफेल लड़ाकू जेट में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ऐतिहासिक उड़ान को भारतीय वायुसेना के लिए गर्व और देश की महिलाओं के लिए प्रेरणा के रूप में देखा जा रहा है। गौर हो कि इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने 8 अप्रैल 2023 को असम के तेजपुर एयरबेस पर सुखोई-30 एमकेआई में उड़ान भरी थी। वे सुबह 8 बजे के आसपास ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सुरक्षा व्यवस्था को किया गया अलर्ट

सुखोई एमकेआई में उड़ान भरने के दो साल बाद वह एक बार फिर फाइटर जेट की सीट संभालेंगी, जो भारत की रक्षा शक्ति का प्रतीक है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस मौके पर एयर चीफ मार्शल और सीनियर अफसरों की मौजूदगी में पूरी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अंबाला एयरफोर्स स्टेशन देश के सबसे रणनीतिक एयरबेस में से एक है, इस ऐतिहासिक क्षण के लिए तैयार है। वायुसेना के अधिकारी और तकनीकी टीमें राफेल की सभी प्री-फ्लाइट जांच पूरी कर चुकी हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अमेजन में छंटनी, 14 हजार कर्मचारियों को निकाला




**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने टेक जगत की बड़ी छंटनी की है। कंपनी ने 14,000 कॉर्पोरेट कर्मचारियों की नौकरियां खत्म कर दी है। यह कदम टेक जगत के इतिहास में बड़ी छंटनियों मे गिना जा रहा है। यह छंटनी कंपनी के कॉर्पोरेट वर्कफोर्स के एक बड़े प्रतिशत को प्रभावित करेगी। कंपनी में 3.5 लाख कर्मचारी हैं।

### मंधाना ने हासिल की करियर की बेस्ट रेटिंग



**दुबई।** भारत की बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने घरेलू विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के दम पर मंगलवार को करियर की बेस्ट रेटिंग हासिल करने के साथ महिला वनडे क्रिकेट में शीर्ष बल्लेबाज के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पिछले दो मैचों में न्यूजीलैंड के खिलाफ 109 और बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 34 रन बनाए।

### भारत में एक साल तक फ्री हुआ चैट जीपीटी गो



**नई दिल्ली।** ओपन एआई ने भारत के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए घोषणा की है कि 4 नवंबर 2025 से सभी भारतीय यूज़र्स को चैट जीपीटी गो का एक साल का मुफ्त एक्सेस दिया जाएगा। यह ऑफर कंपनी के पहले देव डे एक्सचेंज इवेंट के साथ बेंगलुरु में लॉन्च किया जाएगा। यह पहल भारत में तेजी से बढ़ रहे एआई को ध्यान में रखते हुए की गई है।

**मोदी सरकार का बड़ा फ़ैसला**

# 50 लाख कर्मचारी और 69 लाख पेंशनर्स को मिलेगा लाभ, किसानों के लिए सस्ते होंगे उर्वरक

**8वें केंद्रीय वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ़ रेफरेंस को मंजूरी दी**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को दो अहम फैसले लिए। केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन और पेंशनरों की पेंशन में इज़ाफ़े का मार्ग प्रशस्त कर दिया।

केंद्रीय कैबिनेट ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ़ रेफरेंस को मंजूरी दी और रबी सीजन 2025-26 के लिए 37,952 करोड़ रुपये की न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडी (एनबीएस) दरों को स्वीकृति प्रदान की।

### किसानों को होंगे ये लाभ

- डीएपी और टीएसपी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, कीमत नहीं बढ़ेगी।
- फॉस्फोरस और पोटाश युक्त उर्वरक सस्ती दरों पर मिलेंगे।
- एमोनियम सल्फेट (घरेलू व आयातित) को भी सब्सिडी दरों पर उपलब्ध कराया जाएगा ताकि यूरिया पर निर्भरता घटे।
- किसानों के लिए उर्वरकों की उपलब्धता और कीमतों में स्थिरता बनी रहेगी।

### सरकार का कहना

*मोदी कैबिनेट के फ़ैसले के बाबत पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा है कि ये फैसले कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को सशक्त करेंगे और कृषि क्षेत्र में उत्पादन लागत घटाकर किसानों को राहत देंगे। बकौल वैष्णव, "कृषि, श्रम और अर्थव्यवस्था के तीनों क्षेत्रों में यह निर्णय संतुलन और विकास का प्रतीक है।"*

### 8वां वेतन आयोग: 18 महीने में देनी होगी सिफारिशें

*इसी साल, जनवरी में केंद्र सरकार ने 8वें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की थी। अब कैबिनेट ने इसके कार्यक्षेत्र व दायरे (टर्म्स ऑफ़ रेफरेंस) को अंतिम रूप दे दिया है। केंद्र सरकार ने यह फैसला विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों और जॉइंट कंसलटेटिव मशीनरी (जेसीएम) के कर्मचारी पक्ष से परामर्श के बाद लिया। आयोग को अपनी सिफारिशें 18 महीनों के भीतर सरकार को सौंपनी होंगी। इससे करीब 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों, जिनमें रक्षा बलों के कर्मचारी भी शामिल हैं, तथा 69 लाख पेंशनभोगियों को लाभ मिलेगा। सूत्रों के अनुसार, आयोग वेतन, भत्तों, पेंशन और अन्य भत्तों में सुधार से जुड़ी सिफारिशें करेगा। जाहिर है सिफारिशें लागू होते ही वेतन और पेंशन में बढ़ोतरी की संभावनाओं से इनकार नहीं किया का सकता।*

### रबी सीजन 2025-26 के लिए 37,952 करोड़ की सब्सिडी

*मंत्रिमंडल ने किसानों के हित में बड़ा कदम उठाते हुए न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडी योजना के तहत रबी 2025-26 के लिए सब्सिडी दरों के संशोधन को मंजूरी दी है। मोदी सरकार ने नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश और सल्फर पर प्रति किलोग्राम सब्सिडी तय की है।इस योजना के तहत 28 ग्रेड के उर्वरक शामिल हैं। इस बार फॉस्फोरस और सल्फर पर सब्सिडी दरें 1 से 10 प्रतिशत तक बढ़ाई गई हैं, जबकि नाइट्रोजन और पोटाश की दरें यथावत रखी गई हैं। नई दरें 1 अक्टूबर से प्रभावी होंगी।*

### क्या है न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडी

*इस योजना के तहत सरकार नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश और सल्फर जैसे पोषक तत्वों पर सब्सिडी तय करती है। इसका उद्देश्य किसानों को उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना और अंतरराष्ट्रीय बाजार की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर किसानों पर न पड़ने देना है।*

**भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित लोगों की त्वरित सहायता हेतु एसडीआरएफ की दूसरी किस्त जारी**

# अमित शाह ने नगालैंड को 20 करोड़ की अग्रिम किस्त मंजूर की, आपदा राहत के लिए केंद्र का बड़ा कदम

**■ अब तक 15,554 करोड़ रुपए राज्यों को जारी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नागालैंड राज्य को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ़) के केंद्रीय हिस्से की 20 करोड़ की दूसरी अग्रिम किस्त जारी करने की मंजूरी दी है। यह राशि वित्त वर्ष 2025-26 के अंतर्गत स्वीकृत की गई है, ताकि राज्य सरकार इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान हुई अत्यधिक वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत सहायता प्रदान कर सके।

### केंद्र सरकार हर आपदा में राज्यों के साथ खड़ी

*केंद्र ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में भारत सरकार प्राकृतिक आपदाओं के समय राज्यों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है।*

### अब तक राज्यों को जारी हुई बड़ी राशि

*गृह मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में केंद्र सरकार अब तक 15,554 करोड़ की राशि 27 राज्यों को एसडीआरएफ़ के तहत आवंटित कर चुकी है, जबकि 2,267.44 करोड़ की राशि 15 राज्यों को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ़) के तहत, 4,571.30 करोड़ 21 राज्यों को राज्य आपदा शमन कोष (एसडीएमएफ़) से, तथा 372.09 करोड़ 9 राज्यों को राष्ट्रीय आपदा शमन कोष (एनडीएमएफ) से जारी कर चुकी है।*

### एनडीआरएफ और सशस्त्र बलों की अधिकतम तैनाती

*केंद्र सरकार ने इस वर्ष मानसून के दौरान प्रभावित राज्यों को लॉजिस्टिक सहायता, एनडीआरएफ़ टीमों की तैनाती, सेना और वायुसेना की मदद उपलब्ध कराई। इस बार 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एनडीआरएफ़ की रिकॉर्ड 199 टीमों को बचाव एवं राहत कार्यों के लिए तैनात किया गया। यह अब तक की अधिकतम तैनाती मानी जा रही है।*

### केंद्र का उद्देश्य, त्वरित राहत और दीर्घकालिक सुरक्षा

*केंद्र सरकार का कहना है कि इन कदमों का उद्देश्य न केवल प्रभावित लोगों को तात्कालिक राहत देना है, बल्कि राज्यों को भविष्य में आपदाओं से निपटने के लिए अधिक सशक्त बनाना भी है। सरकार ने यह भी दोहराया है कि किसी भी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में "भारत सरकार राज्यों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी रहेगी।"*

**रत्नावली महोत्सव हरियाणा की लोक-संस्कृति, कला और परंपरा को सहेजने का प्रेरक मंच: नायब**

# कुरुक्षेत्र में हरियाणा की लोक-संस्कृति के महाकुंभ रत्नावली महोत्सव शुरू

- **रत्नावली महोत्सव में 3500 युवा कलाकारों की होगी भागीदारी, 34 विधाओं में करेंगे शिरकत**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा की समृद्ध लोक-संस्कृति और कला परंपरा को सहेजने वाले राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव का सोमवार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में भव्य शुभारंभ हुआ। महोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर



महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्सव हरियाणा की गौरवशाली विरासत, हमारी माटी की महक और ▶▶ शेष पेज 5 पर

# हरियाणा कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष बनाए गए धर्मपाल मलिक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति (डिसपलानरी कमिटी) के गठन को मंजूरी दे दी है। पार्टी की ओर से महासचिव, संगठन, केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह समिति तत्काल प्रभाव से कार्यभार संभालेगी। इस समिति की अध्यक्षता नब्बे के दशक में प्रदेश अध्यक्ष रहे सूबे के वरिष्ठतम कांग्रेसी नेताओं में शुमार धर्मपाल मलिक को बनाया गया जबकि बतौर सदस्य सचिव अधिवक्ता रोहित जैन को समिति के सचिव होंगे। अकरम ख़ान, कैलाश सैनी और अनिल धनतीरी को पाँच सदस्यीय समिति का सदस्य बनाया गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस नई अनुशासन समिति से पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा और वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला का बाहर रहना संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है। कांग्रेस के अंदरूनी समीकरणों में यह कदम संगठन में नई पीढ़ी और प्रदेश स्तर पर सक्रिय चेहरों को प्रमुखता देने और पुराने गुटीय प्रभाव को सीमित करने की दिशा में देखा जा रहा है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

# चार दिवसीय महापर्व का व्रत का पारण कर समापन

**उदित होते सूर्य को दूध और जल से अर्घ्य देकर व्रत खोला,फिर घाटों को किया साफ**


बनारस में गंगा घाट पर जुटे श्रद्धालु

***नई दिल्ली।*** *उगा उगा हो सुरुज देवा, भइल अरगा के केल आदि भोजपुरी भजनों व गीतों को गाते हुए भोजपुरी व पूर्वांचल समाज के लोगों ने छठ पर मंगलवार को उदित होते सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। इसी के साथ चार दिवसीय महापर्व का व्रत का पारण कर समापन किया गया। खास बात यह है कि भोजपुरी समाज के लोगों ने इस मौके पर स्वच्छता का संदेश देते हुए।* ▶▶ शेष पेज 5 पर

**टीएमसी सांसद बनर्जी ने एसआईआर को लेकर साधा भाजपा पर निशाना**

# आयोग की मंशा पर किए सवाल खड़े, पूर्वोत्तर के 5 राज्यों में एसआईआर क्यों नहीं हो रहा?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता और सांसद अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को भाजपा और चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर की पूरी कवायद 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को चुनिंदा तौर पर शामिल और बाहर करने की साजिश है। बनर्जी ने एसआईआर को 'साइलेंट इनविजिबल रिगिंग' यानी 'शांत और अदृश्य धांधली' बताया। उन्होंने चुनाव आयोग की मंशा पर भी सवाल खड़े किए। भाजपा की ओर से एसआईआर की जरूरत बताने के लिए बांग्लादेश और रोहिंग्या घुसपैठ का हवाला दिया गया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए बनर्जी ने कहा कि अगर यही कारण है, तो फिर पूर्वोत्तर के पांच राज्यों में एसआईआर क्यों नहीं किया जा रहा, जिनकी सीमाएं बांग्लादेश और म्यांमार से लगती हैं? बनर्जी ने कहा कि जब लोकसभा चुनाव को केवल 18 महीने ही हुए हैं, तो अब अचानक मतदाता सूची में गड़बड़ी की बात क्यों की जा रही है। अभिषेक ने तंज कसते हुए कहा कि अगर मतदाता सूची में वाकई इतनी विसंगतियां हैं, तो लोकसभा भंग की जाए और दोबारा चुनाव कराया जाए। उन्होंने आयोग से पूछा कि जब 2002 में एसआईआर की प्रक्रिया दो साल चली थी, तो अब इतनी बड़ी कवायद दो महीने में कैसे पूरी होगी। उन्होंने कहा कि केवल बंगाल को निशाना बनाकर राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की जा रही है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

**राजस्व 55,000 करोड़ दो वर्षों के भीतर बढ़कर 1.4 लाख करोड़ होने का अनुमान**

# भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में बुनियादी ढाँचे की अहम भूमिका होगी: गडकरी

**दो-लेन राजमार्गों को चार लेन में बदलने का काम जारी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुनियादी ढांचे के भविष्य के लिए तीन प्रमुख स्तंभों - जन, समृद्धि और योजना का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचा जन-केंद्रित होना चाहिए, जिससे नागरिकों के लिए आराम और सुविधा सुनिश्चित हो। गडकरी ने कहा कि देश भर में सड़क के किनारे 670 सुविधाएं विकसित की गई हैं। गडकरी ने मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित 'स्मार्ट सड़कों का भविष्य - सुरक्षा, स्थिरता और अनुकूलन' विषय पर सीआईआई के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2027 तक भारत को पाँच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अंतर्गत, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का विकास एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क और परिवहन क्षेत्र देश भर में आर्थिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन के अपार अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय का वर्तमान वार्षिक राजस्व 55,000 करोड़ रुपये अगले दो वर्षों के भीतर बढ़कर 1.4 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है, जो इस क्षेत्र की अपार विकास क्षमता को दर्शाता है। गडकरी ने कहा कि मंत्रिमंडल में वर्ष 2027 के लिए एक व्यापक बुनियादी ढाँचा योजना पर चर्चा की गई, जिसमें सड़क निर्माण में 80 लाख टन पृथक प्लास्टिक कचरे का उपयोग और सड़क निर्माण के लिए शोधन संयंत्रों से उपचारित जल का पुनः उपयोग जैसी स्थायी पहल शामिल हैं। 25,000 किलोमीटर लंबे दो-लेन राजमार्गों को चार लेन में बदलने का काम चल रहा है, जबकि 2 लाख करोड़ रुपये का बंदरगाह संपर्क कार्यक्रम सभी प्रमुख बंदरगाहों को राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ रहा है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि बेहतर सड़क संपर्क देश के कई हिस्सों में धार्मिक पर्यटन और साहसिक खेलों को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने प्रदूषण पर अंकुश लगाने और टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल और अनुकूल विकास को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। गडकरी ने बताया कि सरकार की हरित पहल के अनर्गत द्वारका एक्सप्रेसवे के किनारे 8,500 पेड़ लगाए गए हैं। गडकरी ने अवसंरचना विकास को पारिस्थितिक उत्तरदायित्व के साथ संतुलित करने पर ज़ोर दिया। उन्होंने सुरक्षित, टिकाऊ और विश्वस्तरीय ▶▶ शेष पेज 5 पर

# एक माह में पांच अपराधी मुठभेड़ में हुये ढेर, दर्जनों पहुंचे सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



राजधानी में इस महीने दिल्ली पुलिस की बदमाशों के साथ कम से कम 10 मुठभेड़ हुई। इनमें एक दर्जन से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और बिहार में सक्रिय गिरोह के चार बदमाशों समेत पांच बदमाश मारे गए। इन ऑपरेशन के दौरान बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से कई पुलिसकर्मियों की जान बच गई।

पुलिस के अनुसार जारी कार्रवाई संगठित अपराध नेटवर्क और राजधानी व एनसीआर के राज्यों में सक्रिय आदतन अपराधियों के खिलाफ पुलिस की रणनीति को दर्शाता है। पुलिस ने दावा किया कि दो अक्टूबर को एक सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' की हत्या की सुपारी लेकर आए रोहित गोदारा–गोल्डी बराड़–वीरेंद्र चारण गिरोह के दो सदस्यों को जैतपुर-कालिंदी कुंज रोड पर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों की पहचान हरियाणा के राहुल और साहिल के रूप में हुई। पुलिस का दावा है कि वे विदेश में मौजूद गैंगस्टर रोहित गोदारा के निर्देश पर काम कर रहे थे। यमुनानगर में तीन लोगों की हत्या के मामले में आरोपी राहुल मुठभेड़ में घायल हुआ। अगले दिन तीन अक्टूबर को इसी गिरोह से जुड़े दो और बदमाशों को कापसहेड़ा में मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया। इनकी पहचान राजस्थान के आकाश राजपूत और महिपाल के रूप में हुई। दोनों के खिलाफ तीन राज्यों में रंगदारी और अपहरण के कई मामले दर्ज थे। 20 हजार रुपये के इनामी बदमाश राजपूत को पैर में गोली लगने के बाद पकड़ा। पुलिस ने बताया कि दोनों दलेर कोटिया गैंग के साथ काम करते थे और गोदारा नेटवर्क से जुड़े थे। सात अक्टूबर को दिल्ली और गुरुग्राम पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान नेपाल के मूल निवासी भीम महाबहादुर जोरा की दक्षिण-पूर्व दिल्ली के आस्था कुंज पार्क के पास मुठभेड़ में मौत हो गई। जोरा मई 2024 में जंगपुरा के एक चिकित्सक की हत्या और कई अन्य गंभीर अपराधों में वांछित था, उसने पुलिस पर गोली चलाई, जिसके बाद पुलिस की जवाबी गोलीबारी में वह मारा गया। पुलिस के अनुसार नौ अक्टूबर को रोहिणी में पुलिस ने हमजा नाम के एक अपराधी को गिरफ्तार किया, जो उत्तर प्रदेश के मेरठ में हत्या के एक मामले में वांछित था। हमजा ने अपने दोस्त आदिल की हत्या का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। उसने पुलिस पर गोली चलाई, लेकिन जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने के बाद वह पकड़ा गया। 10 अक्टूबर को नरेला औद्योगिक क्षेत्र में एक और मुठभेड़ में अफताब आलम उर्फ अट्टी नाम का अपराधी घायल हुआ। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पुलिस पर दो बार गोली चलाई थी, लेकिन जवाबी कार्रवाई में घायल होने के बाद पकड़ा गया। वह लूट, छीना-झपटी और हत्या जैसे कई मामलों में शामिल था। 12 दिन बाद 22 अक्टूबर को द्वारका में मुठभेड़ के बाद रितिक उर्फ डांसर नाम के अपराधी को गिरफ्तार किया गया। रितिक उत्तम नगर में हत्या के एक मामले में वांछित था। पुलिस ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो उसने गोली चलाई। जवाबी गोलीबारी के दौरान उसके पैर में गोली लगी जबकि निरीक्षक सुभाष चंद के हाथ में गोली लग गई थी। मुठभेड़ में बदमाशों से कई हथियार और कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

## एयरपोर्ट पर बस में लगी आग, कोई हताहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 के पास खड़ी एअर इंडिया की एक बस में मंगलवार दोपहर आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस का आरोप है कि घटना के समय एअर इंडिया ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी की बस खाली थी। एअर इंडिया के विमान के पास खड़ी एआईएसएटीएस की बस का पिछला हिस्सा आग की लपटों में घिर गया।

डीसीपी एयरपोर्ट विचित्र वीर ने बताया कि घटना के समय बस में न तो कोई यात्री था और न ही सामान रखा गया था। दिल्ली हवाई अड्डे की परिचालक कंपनी दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने बताया कि आग कुछ ही मिनटों में बुझा दी गई। एआईएसएटीएस, टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया की ग्राउंड हैंडलिंग शाखा है। यह एअर इंडिया और एसएटीएस समूह का एक संयुक्त उद्यम है। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना दोपहर करीब एक बजे आईजीआई हवाईअड्डा पुलिस थाने को दी गई, जिसके बाद दमकल की गाड़ियां, स्थानीय पुलिस और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवान मौके पर पहुंचे। डीसीपी ने कहा कि आग लगने के समय केवल बस का चालक ही मौजूद था। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने तुरंत आग पर काबू पा लिया। किसी के घायल होने अथवा हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस के अनुसार हवाई अड्डा परिसर में यात्रियों को लाने-ले जाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला वाहन इस घटना में क्षतिग्रस्त हो गया। एआईएसएटीएस ने एक बयान में कहा कि आग के कारण का पता लगाने के लिए जांच चल रही है और वे संबंधित अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। जिस क्षेत्र में आग लगी थी, उसे एहतियात के तौर पर कुछ समय के लिए घेर लिया गया तथा आग के कारण का पता लगाने के लिए बस की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### कुछ ही घंटों में मामा-भांजा गिरफ्तार

# सीमापुरी में व्यक्ति की चाकू से गोदकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी इलाके में 35 वर्षीय व्यक्ति की कथित तौर पर सोमवार देर रात चाकू से गोदकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को जानकारी दी कि मृतक की पत्नी का फब्ती कसने और छेड़छाड़ करने पर एक युवक से झगड़ा गया था और उसका पति बीच-बचाव कर रहा था। मुस्लिन (18) और उसके मामा को कथित हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। मृतक की पहचान न्यू सीमापुरी निवासी अकबर अली मिर्जा के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि उसे सोमवार रात करीब 11.56 बजे सीमापुरी थाने में झगड़े के संबंध में पीसीआर कॉल आई। मृतक की पत्नी फरीन द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार परिवार के परिचित मुस्लिन ने कथित तौर पर उन्हें गालियां दी और फब्तियां कसी। विरोध करने पर भी वह नहीं माना और मारपीट करने लगा। पुलिस ने शिकायत के हवाले से बताया कि जब अकबर अली ने स्थिति को शांत करने के लिए हस्तक्षेप किया तो मुस्लिन के मामा उसके समर्थन में मौके पर पहुंचे और अली पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अली को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अपराध और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम ने भी घटनास्थल का दौरा किया और साक्ष्य एकत्र किए। छेड़छाड़ और हत्या से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मुख्य हमलावर सहित दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। अली भी सीमापुरी थाने का सूचीबद्ध बदमाश था। पुलिस हमले के पीछे के असली मकसद सहित सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## तेजाब हमले की झूठी कहानी गढ़ने वाली छात्रा से पूछताछ करेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

■ छात्रा का पिता अपने खिलाफ दर्ज बलात्कार की एक शिकायत को लेकर बदला लेना चाहता था

राजधानी में अपने पिता के कहने पर तेजाब हमले की कथित तौर पर झूठी कहानी गढ़ने वाली 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा से दिल्ली पुलिस जल्द पूछताछ करेगी। सूत्रों से पता चला कि एक टीम मंगलवार को छात्रा के घर भी पहुंची थी। छात्रा का पिता अपने खिलाफ दर्ज बलात्कार की एक शिकायत को लेकर बदला लेना चाहता था। इसके लिये उसने बेटी का हथियार बनाना चाहा था।

गौरतलब है कि दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के नॉन-कॉलेजिएट वुमंस एजुकेशन बोर्ड की बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा ने दावा किया था कि रविवार को वह अतिरिक्त कक्षा में शामिल होने जा रही थी। अशोक विहार के पास तीन लोगों ने उस पर तेजाब फेंक दिया। हालांकि, पुलिस ने कहा कि उसे मौके पर तेजाब का कोई सुराग नहीं मिला और न ही वारदात वाली जगह की सीसीटीवी फुटेज में हमलावर नजर आए। फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम को भी उस इलाके में तेजाब की कोई फेंकी हुई बोतल नहीं मिली थी। जांच में पता चला कि छात्रा ने आरोपियों को फंसाने के लिए अपने हाथ पर 'टॉयलेट क्लीनर' उड़ेल लिया था। आरोपी छात्रा के रिश्तेदार हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि छात्रा से जल्द पूछताछ की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की टीम उससे पूछताछ करेगी ताकि घटना के पीछे की वजह पता चल सके। अब तक हमें पता चला है कि छात्रा का पूरा परिवार इस साजिश में शामिल है। छात्रा के पिता अकील खान को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। खान ने यह कबूला था कि उसने अपने खिलाफ दर्ज बलात्कार की शिकायत का बदला लेने के लिए नकली हमले की साजिश रची थी। पूर्व में आरोपियों में से एक की पत्नी ने खान पर 2021 और 2024 के बीच उसकी जुराब फैक्टरी में काम करने के दौरान यौन उत्पीड़न किये जाने का आरोप लगाया था। इस बीच पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से जब्त किए गए तरल पदार्थ की जांच से पता चला है कि वह 'टॉयलेट क्लीनर' है, तेजाब नहीं। मामले की जांच जारी है।

## नकली पासपोर्ट बनाने के रैकेट का सरगना पकड़ा



**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने नकली पासपोर्ट बनाने और भारत की संवेदनशील जानकारी विदेशी हैंडलरों तक पहुंचाने के आरोपी आदिल हुसैनी उर्फ सैयद आदिल हुसैन उर्फ मोहम्मद आदिल हुसैनी को गिरफ्तार किया है। आरोपी जमशेदपुर, टाटा नगर, झारखंड का रहने वाला है। 59 वर्षीय आरोपी को रविवार को दिल्ली के सीमापुरी इलाके से गिरफ्तार किया गया। एडिशनल सीपी पी एस कुशवाहा के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपी मोहम्मद आदिल हुसैनी पर अपने भाई अख्तर हुसैनी के साथ मिलकर विदेशी देशों को संवेदनशील जानकारी देने और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके कई भारतीय पासपोर्ट बनवाने में शामिल होने का शक है। उसके पास से एक ओरिजिनल और दो जाली पासपोर्ट की कॉपी बरामद हुई हैं। आरोपी को कोर्ट ने सात दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा है।

## मादक पदार्थों की तस्करी के सात आरोपी दबोचे

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए गए एक अभियान के दौरान करीब 1.60 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थों की बड़ी खेप बरामद की गयी है। इस सिलसिले में सात तस्करों को गिरफ्तार किया गया। मादक पदार्थों के परिवहन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दो कारें भी जब्त की गई हैं। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम नबील (23), तालिब (30), नादिर खान उर्फ साहिल (29), मोहम्मद अमान (50), अरीब (26), अर्शु (26) और तरक्की (30) हैं। पुलिस के अनुसार इनमें से कई तस्कर बार-बार अपराध करते हैं तथा डकैती, छीना-झपटी, चोरी और शस्त्र अधिनियम के मामलों में भी संलिप्त रहे हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से 121.58 किलोग्राम मारिजुआना और 600 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि छठ पूजा के दौरान पुलिसकर्मियों की अधिक तैनाती होने के कारण संदिग्ध तस्कर मादक पदार्थों की बड़ी खेप पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इस सूचना के आधार पर सोमवार शाम राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-9 पर गाजीपुर बॉर्डर के पास जाल बिछाया गया था। पुलिस के अनुसार बिना नंबर प्लेट वाली एक कार सहित दो कारों को रोका गया और सभी सात संदिग्धों को पकड़ लिया गया।

## पटाखे फोड़ते समय हुए विवाद में गोलियां चलाने के आरोप में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



केशवपुरम इलाके में दिवाली की रात पटाखे फोड़ते समय हुए विवाद के दौरान 26 वर्षीय एक व्यक्ति पर गोलियां चलाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के नाम अविनाश उर्फ टोनी (21) और सनी उर्फ रफ्तार (24) है।

पुलिस के अनुसार यह घटना लॉरेंस रोड पर हुई थी, जहां पीड़ित भानु अपनी दादी से मिलने गया था। देर रात करीब एक बजे आरोपी कथित तौर पर नशे की हालत में थे और सार्वजनिक जगह पर पटाखे फोड़ रहे थे। जब भानु और उसके दोस्तों ने इसका विरोध किया तो झगड़ा शुरू हो गया। इस दौरान आरोपियों ने कई राउंड गोलियां चलाई, जिनमें से एक भानु के पेट में लगी और उसे भगवान महावीर अस्पताल ले जाया गया। संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था और अपराधियों का पता लगाने के लिए पुलिस की एक टीम गठित की गई थी। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान अविनाश और सनी ने अपने साथी जीशान के साथ गोलीबारी की घटना में शामिल होने की बात कबूली है। जीशान अभी फरार है। अविनाश की निशानदेही पर अपराध में प्रयुक्त एक पिस्तौल भी जब्त की गई है। जीशान को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

# द्वारका में मुठभेड़ के बाद छिप्पी और जठेड़ी गिरोह से जुड़ा अपराधी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने द्वारका में मुठभेड़ के बाद अनिल छिप्पी और काला जठेड़ी गिरोह के एक संदिग्ध बदमाश को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को बताया कि हरियाणा के रोहतक निवासी विकास उर्फ बग्गा हत्या, हत्या के प्रयास और डकैती के कई मामलों में वांछित था।

पुलिस को सूचना मिली थी कि विकास अपने एक साथी से मिलने के लिए दिचाऊं-हिरण कूदना रोड पर मुंगेशपुर ड्रेन की पटरी के पास आएगा। सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछाया। आरोपी स्कूटर पर आया और उसने पुलिस पर कथित तौर पर गोलियां चलाई। एक गोली हेड कांस्टेबल की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी और वह बाल-बाल बच गया। पुलिस बल ने आत्मरक्षा में गोलियां चलाई, जिनमें से एक गोली आरोपी के दाहिने पैर में लगी। इसके बाद उसे काबू कर लिया गया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि विकास पहले हरियाणा में हत्या और हत्या के प्रयास के एक मामले में शामिल था। वह दिल्ली के रोहिणी जिले में दर्ज डकैती हत्या के एक मामले में भी आरोपी है। यहां उसने एक व्यक्ति को कथित तौर पर गोली मार दी थी और उसकी मोटरसाइकिल लेकर भाग गया था। आरोपी एक शातिर अपराधी है जिसके अनिल छिप्पी और काला जठेड़ी गिरोह से संबंधों का खुलासा हुआ हैं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2)(ii) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वेद प्रकाश पुत्र** महेन्द्र सिंह **निवासीः** 1. मै० एन्टरप्राईजेज फाईबर, प्रेम नगर-II, पानी की टंकी, 2. C-190, गाँव किराड़ी, दिल्ली 3. गाँव छज्जू नंगला, थानाः खोड़, जिलाः अलीगढ़, यू.पी. ने **FIR No. 257/2015 U/s 498A/406/34 IPC थानाः सुल्तानपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **वेद प्रकाश** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **वेद प्रकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 257/2015 U/s 498A/406/34 IPC थानाः सुल्तानपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **वेद प्रकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
नेहा गोयल
जेएमएफसी, (महिला कोर्ट-02), कमरा नं. 18
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/14543/OD/2025
(Court Notice)


## डीएमआरसी ने कार्गो सिस्टम के डेवलपमेंट के लिए किया एमओयू साइन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने पोर्ट सेक्टर में कदम रखकर अपनी कंसल्टेंसी एक्टिविटीज़ में एक बड़ा कदम आगे बढ़ाया है। सोमवार को डीएमआरसी और दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी (डीपीए), उमेदस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और बीईएमएल लिमिटेड के बीच गुजरात के कांडला में डीपीए के लिए एक रियल टाइम ऑटोमेटेड कार्गो इवैक्यूएशन सिस्टम (ई-एफटीएस) डेवलप करने के लिए एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) साइन किया गया। एमओयू के मुताबिक, ई-एफटीएस को एक पायलट प्रोजेक्ट स्टेज पर डेवलप किया जाएगा। ऑपरेशंस और मेंटेनेंस स्टेज के दौरान, डीएमआरसी 25 साल की अवधि के लिए प्रोजेक्ट का ऑपरेशंस और मेंटेनेंस करने का प्रस्ताव रखता है। इसके अलावा, पार्टियों का विस्तृत स्पेसिफिक स्कोप 'डेफिनिटिव एग्रीमेंट' में शामिल किया जाएगा, जिसे शामिल पार्टियों के बीच एग्जीक्यूट किया जाएगा।

## दिल्ली पुलिस ने राजस्थान में हाई-प्रोफाइल डकैती को अंजाम देने के आरोप में तीन को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राजस्थान के श्रीगंगानगर में पुलिस अधिकारी बनकर एक हाई-प्रोफाइल डकैती को अंजाम देने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस ने राजस्थान पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में पंजाब के निवासी बलजिंदर सिंह (50) और उसके बेटे सरवजीत सिंह (25) के अलावा उनके सहयोगी सुरेंद्र सिंह (40) को दिल्ली से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक 18 अक्टूबर की रात को पांच से छह हथियारबंद लुटेरे गुरचरण सिंह के घर में घुस आए और परिवार के सदस्यों को बंदूक का भय दिखाकर धमकाते हुए उनके सामान की तलाशी ली। पुलिस ने बताया कि जब पीड़ित परिवार के लोगों ने शोर मचाया तो लुटेरे मोबाइल फोन और कीमती सामान लेकर भाग गए। उन्होंने बताया कि अगले दिन कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि खुफिया सूचना के आधार पर एक टीम ने तकनीकी निगरानी शुरू की। टीम ने बलजिंदर सिंह पर ध्यान केंद्रित किया, जो एक आदतन अपराधी था और जिसके खिलाफ कई राज्यों में 52 से ज़्यादा आपराधिक मामले दर्ज थे। पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# आप सांसद स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल को लिखा पत्र भगवंत मान के विवादित वीडियो की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को एक पत्र लिखकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर सोशल मीडिया पर लगे गंभीर आरोपों की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की मांग की है। मालीवाल ने पत्र में लिखा है कि जगमन समरा नामक व्यक्ति, जो स्वयं को भगवंत मान का पुराना परिचित बताता है, उसने कुछ कथित आपत्तिजनक वीडियो सार्वजनिक किए हैं। समरा ने दावा किया है कि उसके पास ऐसे कई अन्य वीडियो भी हैं, जिनमें से एक में कथित रूप से गुरु नानक देव और गुरु गोबिंद सिंह के पवित्र चित्रों का अपमान किया गया है। मालीवाल ने अपने पत्र में लिखा है कि यदि इन दावों में एक प्रतिशत भी सच्चाई है, तो यह बेहद गंभीर बेअदबी का मामला है, जो करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करता है। उन्होंने कहा कि आरोपों की जांच करने के बजाय पंजाब पुलिस ने वीडियो जारी करने वाले व्यक्ति पर ही एफआईआर दर्ज कर दी है, जिससे मामले की निष्पक्षता पर सवाल उठता है। मालीवाल ने सवाल किया कि जब मुख्यमंत्री और गृह मंत्री, दोनों ही पदों पर भगवंत मान स्वयं हैं, तो पंजाब पुलिस से निष्पक्ष जांच की उम्मीद कैसे की जा सकती है। मालीवाल ने मांग की है कि अरविंद केजरीवाल सभी वीडियो तत्काल मंगवाएं और उनकी जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी, जैसे सीबीआई से कराई जाए।उन्होंने कहा कि यदि वीडियो असली साबित होते हैं, तो मुख्यमंत्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। और यदि वे एआई-जनित या फर्जी हैं, तो उन्हें फैलाने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। अपने पत्र में मालीवाल ने याद दिलाया कि अतीत में भी भगवंत मान पर नशे की हालत में सरकारी बैठकों में पहुंचने और विदेशी उड़ान से उतारे जाने जैसे आरोप लग चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह का आचरण एक संवेदनशील सीमा राज्य के मुख्यमंत्री पद की गरिमा को ठेस पहुंचाता है। मालीवाल ने पार्टी नेतृत्व की चुप्पी पर भी सवाल उठाया, इसे बेहद चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि यह विवाद पार्टी की साख को नुकसान पहुंचा रहा है। लोग सच्चाई जानना चाहते हैं। ऐसे समय में मौन रहना न तो पंजाब की जनता के प्रति और न ही आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के प्रति उचित है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शादाब पुत्र सबीर अली निवासी मकान नं. 241, सुखदेव विहार, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 273/2018, भा.द.सं. की धारा 420/34 के तहत, थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **शादाब** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **शादाब** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 273/2018, भा.द.सं. की धारा 420/34 के तहत, थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शादाब** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.12.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री दीपक वत्स**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, दक्षिण पूर्व जिला**
**कोर्ट कमरा नं. 515, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/14477/SE/2025**





## दिल्ली में करीब 1300 घाटों पर छठ पूजा का हुआ आयोजन

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व हुआ संपन्न



**नई दिल्ली।** छठ महापर्व मंगलवार को संपन्न हुआ। 4 दिन का ये छठ महापर्व 25 अक्टूबर को नहाय खाय से शुरू हुआ था और मंगलवार उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ खत्म हो गया। दिल्ली में इस बार बड़े ही श्रद्धा भाव और भव्य तरीके से छठ महापर्व मनाया गया। दिल्ली में करीब 1300 घाटों पर छठ पूजा का आयोजन हुआ, जिनमें 17 प्रमुख घाट यमुना नदी के किनारे बनाए गए थे। दिल्ली में यमुना किनारे बनाए गए घाटों पर उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंची। आईटीओ स्थित हाथी घाट, वासुदेव घाट समेत सभी घाटों को लाइटों से सजाया गया था और छठ पूजा के लिए विशेष रूप में तैयार किया गया था।

## मुख्यमंत्री रेखा ने वासुदेव घाट पर की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

छठ महापर्व के भव्य आयोजन के बाद मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कश्मीरी गेट स्थित यमुना के वासुदेव घाट पर स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। मुख्यमंत्री ने स्वयं झाड़ू लगाकर सफाई कार्य की शुरुआत की और उपस्थित टीम के साथ घाट परिसर की सफाई में सक्रिय रूप से भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने हर बड़े पर्व के बाद सफाई व स्वच्छता अभियान चलाया है, क्योंकि हमारी सरकार राजधानी की स्वच्छता को लेकर संकल्पबद्ध है।

वासुदेव घाट पर चलाए गए इस सफाई अभियान में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ विकास मंत्री कपिल मिश्रा सहित संबंधित



विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री का कहना है कि छठ महापर्व के भव्य आयोजन के बाद घाटों को उसकी स्वच्छता और प्राकृतिक संतुलन के साथ पुनर्स्थापित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हर उत्सव तभी पूर्ण होता है जब उसके उपरांत भी परिवेश स्वच्छ और सुंदर बना रहे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि बारह महीने, चौबीस घंटे और सातों दिन चलने वाला सतत अभियान है, जिसमें सरकार और जनता दोनों की समान भागीदारी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने दीपावली, वाल्मीकि जयंती और अब छठ महापर्व के उपरांत भी पूरे शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया है।

उन्होंने कहा कि छठ महापर्व दिल्ली की कॉलोनियों, नहरों और यमुना घाट पर मनाया गया, इसलिए सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि आयोजन के तुरंत बाद प्रत्येक स्थान की सफाई प्रभावी रूप से की जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि यमुना नदी के तट और घाट परिसर में जहां भी गंदगी आदि दिखाई दे रही है, उसे तुरंत साफ किया जा रहा है।

### 'दिल्ली में सफाई बनाए रखना नगर निगम की जिम्मेदारी'



नई दिल्ली। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की जिम्मेदारी दिल्ली में सफाई बनाए रखना है। छठ के भव्य आयोजन के दौरान सोमवार को बड़ी संख्या में लोग इस घाट पर उपस्थित थे, जिससे काफ़ी गंदगी हो गई। छठ घाटों पर सफाई सुनिश्चित करने के लिए हमारे भाजपा कार्यकर्ता और दिल्ली नगर निगम के कर्मचारी दिल्ली भर के सभी घाटों पर तैनात हैं। महापौर सिंह ने बताया कि छठ महापर्व दिल्लीवासियों की आस्था, एकता और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक है और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में इस वर्ष छठ महापर्व के आयोजन के लिए अभूतपूर्व तैयारियां की गई थी।



## प्रवेश ने आईटीओ स्थित हाथी छठ घाट पर की सफाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने मंगलवार को दिल्ली सरकार द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान में भाग लेते हुए आईटीओ स्थित यमुना के हाथी घाट पर साफ-सफाई की। इस बात की जानकारी मंत्री प्रवेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर तस्वीरें शेयर कर दी। उन्होंने आईटीओ घाट पर साफ सफाई करते हुए तस्वीरों को एक्स पर शेयर करते हुए लिखा कि छठ पर्व की आस्था और स्वच्छता, दोनों का संतुलन है। उन्होंने लिखा कि छठ पर्व धूमधाम से सम्पन्न हो गया है, लेकिन हमारी जिम्मेदारी अभी जारी है। आज आईटीओ छठ घाट पर सफाई अभियान में हिस्सा लिया, ताकि कहीं भी गंदगी जमा न हो और दिल्ली स्वच्छ बनी रहे।

## दिल्ली नगर निगम के 12 वार्डों में उपचुनाव की हुई घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ 30 नवंबर को होगा मतदान, तीन दिसंबर को होगी हार जीत

दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 वार्डों में खाली पड़ी सीटों को भरने के लिए उपचुनाव कराने की घोषणा की है। आयोग में प्रभारी सचिव आदेश्वर कांत ने मंगलवार को प्रेस नोट जारी कर यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि उपचुनाव की पूरी तिथियां घोषित कर दी गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, इन उपचुनावों के लिए इस वर्ष मतदान 30 नवंबर 2025 (रविवार) को होगा और मतगणना तीन दिसंबर 2025 (बुधवार) को होगी, जिसके बाद हार जीत के परिणाम घोषित किए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया कि उपचुनाव की सारी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं और सभी संबंधित जिलाधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और मतदान अवश्य करें।

### इन वार्डों में होंगे उपचुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार वार्ड 35- मुंडका, वार्ड 56 - शालीमार बाग-बी (महिला), वार्ड 65 - अशोक विहार (महिला), वार्ड 74 - चांदनी चौक, वार्ड 76 - चांदनी महल, वार्ड 120 - द्वारका-बी (महिला), वार्ड 128 -दिचाऊं कलां (महिला), वार्ड 139 - नारायणा, वार्ड 163 - संगम विहार-ए, वार्ड 164 - दक्षिण पुरी (अनुसूचित जाति), वार्ड 173 - ग्रेटर कैलाश (महिला) और 198 - विनोद नगर में उप चुनाव होंगे।

### निगम उपचुनाव की प्रमुख तिथियां

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार चुनाव की अधिसूचना जारी होने और नामांकन शुरू होने की तिथि - तीन नवंबर 2025 (सोमवार), नामांकन भरने की अंतिम तिथि - 10 नवंबर 2025 (सोमवार), नामांकन पत्रों की जांच - 12 नवंबर 2025 (बुधवार), नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि - 15 नवंबर 2025 (शनिवार), मतदान की तिथि एवं समय - 30 नवंबर 2025 (रविवार), सुबह 7:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक, मतगणना की तिथि - 3 दिसंबर 2025 (बुधवार) और चुनाव प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि - 10 दिसंबर 2025 (बुधवार) है।

## कांग्रेस निगम उप चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस निगम उप चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है। सभी वार्डों पर कांग्रेस जीत हासिल करेगी। हमें सभी वार्डों पर जीत का भरोसा इसलिए भी है क्योंकि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को पहले ही नकार दिया है।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मंगलवार को उपचुनाव की घोषणा के बाद यह दावा किया। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली निर्वाचन आयोग द्वारा दिल्ली में 12 वार्डों में उपचुनाव 30 नवम्बर को कराने की घोषणा का स्वागत किया।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी को निगम में बहुमत होने के बावजूद सत्ता गंवानी पड़ी और भाजपा पिछले 8 महीनों में दिल्ली की जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी है।

## सरदार पटेल की जयंती पर कल दिल्ली विधानसभा में संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा 30 अक्टूबर 2025 को 'सरदार वल्लभभाई पटेल और भारत के एकीकरण में उनके अमूल्य योगदान' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन करेगी। यह आयोजन भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके अद्वितीय राष्ट्र-निर्माण कार्यों को स्मरण और नमन करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

इस बात की जानकारी विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को दी है। गुप्ता ने बताया कि संगोष्ठी में बिहार के राज्यपाल अरिफ मोहम्मद खान मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता के रूप में शामिल होंगे। दिल्ली कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा स्वराज आश्रम, बारडोली (गुजरात) की प्रशासक निरंजनाबेन कालारथी विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लेंगी।

## निगम एमटीएस कर्मियों को फिर मिली तारीख, नहीं मिला समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के हड़ताली एमटीएस कर्मियों को फिर एक और नई तारीख मिल गई है और मंगलवार को हुई कमेटी की बैठक में भी उनकी मांगों का उचित समाधान नहीं हो सका है। एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन के महासचिव देवानंद शर्मा ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि 24 अक्टूबर को महापौर राजा इकबाल सिंह की अगुवाई में हुई कमेटी बैठक को लेकर कर्मियों में भारी नाराज़गी है।

यह बैठक सिर्फ औपचारिकता भर थी। महापौर ने दो दिन में निर्णय का आश्वासन दिया था, मगर चार दिन बीत जाने के बाद भी न तो कोई सूचना मिली और न ही कोई

### 30वें दिन भी जारी रही की हड़ताल



ठोस कदम उठाया गया। इसके बाद मंगलवार को निगम में नेता सदन प्रवेश वाही ने फिर से मांगों को लेकर वहीं बात दोहराई और दो दिन में समाधान निकालने का फिर आश्वासन दिया गया। यूनियन ने निगम शासन प्रशासन को चेताते हुए घोषणा की है कि यदि तारीख पर तारीख ही मिलती रही तो आने वाले दिनों में पूरे दिल्ली में पैदल मार्च निकालकर जनता को सच्चाई बताई जाएगी।

एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन ने साफ कहा है कि जब तक कर्मियों की मांगों पर उचित फैसला नहीं होता, तब तक हड़ताल समाप्त नहीं की जाएगी। बता दें कि एमटीएस कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को लगातार 30वें दिन भी जारी रही। 29 सितंबर से चल रही इस हड़ताल ने मंगलवार को एक महीना पूरा कर लिया, लेकिन कर्मियों का कहना है कि जब तक उनके हक में ठोस निर्णय नहीं होता, हड़ताल इसी तरह जारी रहेगी।

## रेखा गुप्ता आज से रहेगी दो दिनों के लिए बिहार दौरे पर

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज बुधवार से दो दिनों के लिए बिहार के दौरे पर रहेंगी जहां वह अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में शामिल होंगी। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बृहस्पतिवार और शुक्रवार को पांच विधानसभा क्षेत्रों - बोचहां (मुजफ्फरपुर), दानापुर (पटना ग्रामीण), पटना साहिब (पटना), मधुबन और दिनारा(रोहतास) में प्रचार करेंगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित 14 राज्यों में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पिछले दिनों उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा सहित पार्टी के कुछ उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल किए जाने के दौरान बिहार में थीं। दिल्ली में भाजपा नेताओं ने बताया कि बिहार में दो चरणों में होने वाले चुनाव के लिए मुख्यमंत्री आगामी सप्ताहों में भी व्यापक प्रचार करेंगी। भाजपा नेताओं के अनुसार, राज्य की महिला मतदाताओं के बीच रेखा गुप्ता का खासा प्रभाव माना जा रहा है। बिहार में 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में -छह नवंबर को पहला और 11 नवंबर को दूसरा- मतदान होंगे जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी।

### बुराड़ी, उत्तरी करोल बाग और मयूर विहार जैसे क्षेत्रों में किया रसायनों का छिड़काव

# राजधानी के कुछ इलाकों में कृत्रिम बारिश कराने के लिए किए गए परीक्षण : मनजिंदर सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वायु प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार ने मंगलवार को आईआईटी-कानपुर के सहयोग से दिल्ली के कुछ हिस्सों में कृत्रिम बारिश कराने के लिए परीक्षण किए। इस बात की जानकारी दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को दूसरा परीक्षण पूरा होने के बाद एक वीडियो के माध्यम से दी।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि उनकी सरकार ने आईआईटी-कानपुर के सहयोग से मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में




कृत्रिम बारिश का पहला परीक्षण किया तथा अगले कुछ दिनों में इस तरह के और परीक्षण किए जाने की योजना है। अधिकारियों ने बताया कि कृत्रिम बारिश की खातिर रसायनों का छिड़काव करने के लिए विमान ने कानपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरी और मेरठ की हवाई पट्टी पर उतरने से पहले बुराड़ी, उत्तरी करोल बाग और मयूर विहार जैसे क्षेत्रों में रसायनों का छिड़काव किया। सिरसा ने अपने बयान में कहा कि सेसना विमान ने कानपुर से उड़ान भरी।

इसने आठ चरणों में रसायनों का छिड़काव किया और सुबह का परीक्षण आधे घंटे तक चला। मंत्री सिरसा ने कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-कानपुर का मानना है कि परीक्षण के 15 मिनट से चार घंटे के भीतर बारिश हो सकती है। सिरसा ने बताया कि बताया कि अगले कुछ दिनों में नौ से दस परीक्षण करने की योजना है। मंत्री ने कहा कि प्रदूषण कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाया गया यह एक बड़ा कदम है। अगर परीक्षण सफल रहे, तो हम एक दीर्घकालिक योजना तैयार करेंगे।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए कृत्रिम वर्षा कराने के उद्देश्य से किया गया यह परीक्षण, सर्दियों के महीनों के दौरान बिगड़ती वायु गुणवत्ता में सुधार की दिल्ली सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि पिछले हफ्ते बुराड़ी के आसमान में भी विमान ने एक परीक्षण उड़ान भरी थी।


SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
ई–मेल: crpd@sbi.co.in

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की नियुक्ति**

संविदा आधार पर नेम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/15**

| पद का नाम | रिक्ति |
|---|---|
| प्रमुख (उत्पाद, निवेश और अनुसंधान) | 01 |
| जोनल प्रमुख | 04 |
| क्षेत्रीय प्रमुख | 07 |
| आरएम – टीम प्रमुख | 19 |
| निवेश विशेषज्ञ | 22 |
| निवेश अधिकारी | 46 |
| परियोजना विकास प्रबंधक (व्यवसाय) | 02 |
| केंद्रीय अनुसंधान दल (सहायता) | 02 |

पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया **"CONTACT US"** → **"Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट (**https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query**) पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 27.10.2025 से 17.11.2025 तक.**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 27.10.2025
**महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**

## खबर संक्षेप

### एनईपी पर शिक्षकों के लिए कार्यशाला



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल, प्रताप विहार में सी.बी.एस.ई. के तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक सारगर्भित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन शिक्षा जगत के अनुभवी व्यक्तित्व सीमा सिन्हा एवं नरेश भारद्वाज द्वारा किया गया।विद्यालय के प्रधानाचार्य मधुकर प्रिय एवं उप-प्रधानाचार्य कल्पना सीजो ने दोनों संचालकों का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया । और कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएँ दीं।

### फोन छीनने व मार-पिटाई के मामले में काबू

**फरीदाबाद।** फोन छीनने व मार-पिटाई करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा फोन बरामद कर लिया है। निहाल ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 14 अक्टूबर की सुबह उसका बेटा मोहित नाहर सिंह स्टेडियम के पीछे ट्रैक पर दौड लगाने गया था। जहां कुछ लडको ने उसके साथ मारपीट की और उसका फोन छीन कर ले गये। जिस शिकायत पर थाना कोतवाली में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। फरीदाबाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया है।

### फोन हैक कर खाता से 10 लाख, दो गिरफ्तार



फरीदाबाद। फोन हैक कर खाता से 10 लाख रुपए निकालने के मामले में साइबर पुलिस ने आरोपी खाताधारक व खाता उपलब्ध करवाने को गिरफ्तार कर लिया है। सेक्टर-29 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 23 सितम्बर को उसके खाता से 5.5 लाख के दो लेन-देन हुए है जिसकी उससे कोई जानकारी नहीं है। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

# 31 थानों की पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने नशे के विरुद्ध जनजागरण अभियान के लिए हरी झंडी दिखाकर पुलिस टीम को अपने कार्यालय से रवाना किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्कूलों में जाकर पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता के बारे में जागरूक किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन 31 अक्टूबर को भारतवर्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 31 अक्टूबर को उनकी 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में फरीदाबाद पुलिस द्वारा कार्यक्रम किये जा रहे हैं जिसके निरंतर में फरीदाबाद पुलिस के 31 थानों की टीम ने विभिन्न स्कूलों में राष्ट्रीय एकता के बारे में संदेश देकर विद्यार्थियों को जागरूक किया।

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने नशे के विरुद्ध जनजागरण अभियान के लिए हरी झंडी दिखाकर पुलिस टीम को अपने कार्यालय से रवाना किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्कूलों में जाकर पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता के बारे में जागरूक किया जाए। जिस पर फरीदाबाद पुलिस के 31 थानों की टीम द्वारा अलग-अलग स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता के बारे में बताया गया।



**फरीदाबाद पुलिस ने विद्यार्थियों को दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश**

विद्यार्थियों को बताया गया कि अनेकता में एकता है और यही हमारे देशभारत की पहचान है। भारत विभिन्न भाषाओं, धर्मों, संस्कृतियों और परंपराओं वाला देश है, परंतु एकता ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। धर्म, भाषा और जाति से ऊपर उठकर सोचना चाहिए कि हम सब भारतीय हैं और हमारी असली पहचान भारतीय होना है। एकजुट भारत ही मजबूत भारत है। जब पूरा देश एक साथ खड़ा होता है तो कोई भी शक्ति हमें कमजोर नहीं कर सकती। समाज में प्रेमए सम्मान और सहनशीलता से ही एकता बनी रहती है। राष्ट्र की ताकत उसकी एकता में है, मतभेद में नहीं। विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन उद्देश्य एक ही रखो, राष्ट्र का विकास।

### नशा मुक्त समाज के संकल्प

पुलिस आयुक्त फरीदाबाद सतेंद्र कुमार गुप्ता ने राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में नशा मुक्त समाज के संकल्प के साथ पुलिस की एक टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा का उद्देश्य समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना और युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

रजिस्ट्री की पुरानी प्रणाली बंद

# फरीदाबाद सहित प्रदेश के सभी 22 जिलों में 1 नवंबर से होगी पेपरलेस रजिस्ट्री की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। सरकार हरियाणा के सभी 22 जिलों में 1 नवंबर से पेपर लेस रजिस्ट्री प्रणाली लागू की जा रही है। इसके साथ ही पुरानी मैनुअल प्रणाली को पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। साथ ही 03 नवंबर 2025 से पूर्व खरीदे गए स्टाम्प ड्यूटी पेपर पर 15 नवंबर 2025 तक रजिस्ट्री कराई जा सकती है। निर्धारित अवधि के पश्चात, अर्थात 03 नवंबर 2025 के बाद रजिस्ट्री के लिए बनाए गए स्टाम्प ड्यूटी पेपर मान्य नहीं होंगे।

पायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि वित्तीय आयुक्त, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस में यह प्रणाली सभी जिलों में लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। डीसी ने बताया कि नई प्रणाली के अंतर्गत संपत्ति की रजिस्ट्री पूरी तरह ऑनलाइन होगी, जिससे प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और सुरक्षित बनेगी।

**खास बातें**

- 3 नवंबर से पहले खरीदे स्टाम्प पेपर पर 15 नवंबर तक करा सकेंगे रजिस्ट्री
- डीसी विक्रम सिंह ने पार्टिशन मामलों के शीघ्र निपटान के दिए

**नई प्रणाली के अधिकारियों को प्रशिक्षण दी गई**



उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि वित्तीय आयुक्त, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस में यह प्रणाली सभी जिलों में लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। डीसी ने बताया कि नई प्रणाली के अंतर्गत संपत्ति की रजिस्ट्री पूरी तरह ऑनलाइन होगी, जिससे प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और सुरक्षित बनेगी। उन्होंने बताया कि पेपर लेस रजिस्ट्री लागू होने से दस्तावेजों की भौतिक प्रतियों की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी और नागरिकों को कागजी औपचारिकताओं से मुक्ति मिलेगी। रजिस्ट्री से संबंधित सभी दस्तावेज डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रहेंगेए जिन्हें आसानी से एक्सेस किया जा सकेगा। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि इस नई प्रणाली के सुचारू संचालन के लिए तहसील स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष ट्रेनिंग दी गई है, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल डिजिटल हरियाणा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो शासन व्यवस्था को आधुनिक बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

## डीएलआई के ट्रायल्स में चार हजार से ज्यादा क्रिकेट खिलाड़ी हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

देश की सबसे बड़ी टेनिस क्रिकेट बॉल लीग ड्रीम लीग ऑफ इंडिया (डीएलआई) के दिल्ली ट्रायल्स में तीन दिनों के दौरान 4000 से अधिक क्रिकेट खिलाडियों ने भाग लिया। ट्रायल्स में जूनियर और सीनियर दोनों ही श्रेणियों में शानदार प्रतिभाएं देखने को मिली। शामिल खिलाडियों में कैंसर सर्वाइवर, डॉक्टर, भारतीय सेना के जवानों से लेकर दिल्ली पुलिस के सदस्यों ने भी बढ़ चढक़र हिस्सा लिया।

ड्रीम लीग ऑफ इंडिया के संस्थापक ऋ षभ भाटिया ने कहा कि, दिल्ली ट्रायल्स में इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ड़ों का शामिल होना, उनके क्रिकेट के प्रति प्यार का अद्भुत उदाहरण है। अलग-अलग पृष्ठभूमियों से आए इन खिलाडिय़ों का टेनिस क्रिकेट के प्रति प्रेम साफ दर्शाता है कि यह लीग वास्तव में लोगों के लिए क्या मायने रखती है।

वहीं पूर्व क्रिकेटर और ड्रीम लीग ऑफ इंडिया के सह-संस्थापक चेतन्या नंदा ने दिल्ली ट्रायल्स की बागडोर संभाली। ट्रायल्स के दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि इसका संचालन सुचारू रूप से हो, चयन निष्पक्ष रहे और सभी प्रतिभागियों के लिए एक चुनौतीपूर्ण माहौल तैयार किया जाए। डीएलआई चयन समिति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडय़ों को शॉर्टलिस्ट कर लिया है, जो अब अगले मूल्यांकन चरण में जाएंगे।

उन्होंने बताया कि सर्वोटेक स्पोर्ट्स द्वारा शुरू की गई ड्रीम लीग ऑफ इंडिया देश की सबसे बड़ी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता है। जिसमें जूनियर (13 से 18 वर्ष) और सीनियर (18 वर्ष से अधिक) जैसी दो श्रेणियों में छह टीमें हिस्सा लेंगी। लीग कमिश्नर के रूप में बॉलीवुड सुपर स्टार और समाजसेवक सोनू सूद इस लीग से पहले ही जुड़ चुके हैं, इसके अलावा सलीम मर्चेंट जैसी प्रसिद्ध हस्तियां भी लीग से जुड़ी हुई हैं।

## फरीदाबाद में फाइनेंसर ने खुद को मारी गोली, सुसाइड का कारण जानने में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद में डबुआ थाना क्षेत्र के पाली गांव में एक फाइनेंसर ने पिस्तौल से खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। मौके पर ही फाइनेंसर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि फाइनेंसर कुछ दिनों से काफी दिनों से परेशान चल रहा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजन को सौंप दिया। पाली गांव के रहने वाले राजेंद्र भड़ाना फाइनेंसर का काम करते थे। वह मंगलवार की सुबह करीब चार बजे कहीं से वापस घर लौटे। उनके साथ उनका दोस्त भी था। राजेंद्र का बेटा उनके दोस्त को छोड़ने के लिए घर से बाहर गया हुआ था। जैसे ही वह उसको छोड़कर वापस आया तो देखा कि राजेंद्र का शव जमीन पर गिरा पड़ा है।

बताया गया कि राजेंद्र ने अपनी कनपटी पर गोली मार ली है। वह किस वजह से परेशान चल रहे थे। इसे लेकर स्वजन भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। डबुआ थाना प्रभारी रणधीर ने बताया कि फाइनेंसर ने जिस पिस्तौल से गोली मारकर आत्महत्या की है। वह लाइसेंसी नहीं है। ऐसे में यह भी पता लगाया जा रहा है कि पिस्तौल फाइनेंसर के पास कहां से आई। वह किस वजह से परेशान चल रहा था। इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### चोरीशुदा आटो सहित आरोपी काबू

फरीदाबाद। आटो चुराने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से चोरीशुदा आटो को बरामद किया है।



अरमान निवासी नेहरू कॉलोनी फरीदाबाद ने पुलिस को शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 14 अक्टूबर को डबुआ मंडी में अपना ऑटो खडा किया था। जिसे कोई नामपता नामालुम व्यक्ति चोरी करके ले गया। जिस शिकायत पर थाना डबुआ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा भुपानी ने कार्रवाई करते हुए जावेद निवासी धौज फरीदाबाद को ऑटो सहित सोहना पुल सेक्टर-25 के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## जितेन्द्र चंदेलिया को मिली बिहार चुनाव में जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

कांग्रेस पार्टी के तेज तर्रार नेता प्रवक्ता कांग्रेस पूर्व प्रभारी हरियाणा प्रदेश एससी विभाग संविधान रक्षक कमेटी को बिहार चुनाव में सुपौल विधानसभा का ऑब्ज़र्वर नियुक्त किया गया हैं। जितेन्द्र चंदेलिया ने बताया, उन्हें पिछले 10 साल से लगातार देश के कई राज्यों में चुनावो में पर्वक्षक के तौर पर नियुक्ति की गई है। उन्हें चुनावों में काम करने का अनुभव है जितेन्द्र चंदेलिया ने कहा की बिहार में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव और इंडिया



गठबंधन के कार्यकर्ताओं की मेहनत बिहार में रंग लाएगी और बिहार की जनता बदलाव चाहती है इंडिया गठबंधन बिहार के विकास के मुद्दों पर चुनाव लड़ रहा है और जो जिम्मेदारी एससी विभाग

## गाजियाबाद के डॉ.कनिष्क पांडेय बने खेल वस्त्र एवं उपकरण विनिर्माण टास्क फोर्स के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाज़ियाबाद

भारत सरकार ने खेल वस्त्र एवं उपकरण विनिर्माण क्षेत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स का गठन किया है। खेल विशेषज्ञ गाजियाबाद निवासी डॉ. कनिष्क पांडेय को राष्ट्रीय 'स्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग टास्क फोर्स' में शामिल किया गया है।

डॉ. कनिष्क पांडेय राष्ट्रीय समिति के सदस्य डॉ.पांडेय ने बताया कि भारत सरकार ने खेल वस्त्र एवं उपकरण विनिर्माण क्षेत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स का गठन किया है। खेल एवं युवा कार्य मंत्री मनसुख मांडविया की घोषणा के अनुरूप लिया गया है। इस पहल का उद्देश्य घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना, निर्यात को प्रोत्साहित करना और भारत को



वैश्विक खेल निर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

उन्होंने बताया कि इस टास्क फोर्स की पहली बैठक नई दिल्ली स्थित नीति आयोग में हुई, जिसकी अध्यक्षता संजीत सिंह, प्रोग्राम डायरेक्टर, नीति आयोग ने की। बैठक में विभिन्न मंत्रालयों, राज्य प्रतिनिधियों और उद्योग जगत के प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया और भारत के खेल निर्माण क्षेत्र को सशक्त बनाने की रूपरेखा पर चर्चा की।

डॉ. पांडे वर्तमान में फिक्की की 'स्पोर्ट्स उपसमिति (उत्तर प्रदेश)' के अध्यक्ष हैं और 'स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरिंग वर्टिकल' का नेतृत्व कर रहे हैं। वे उद्योग, सरकार और शिक्षा जगत के बीच सेतु के रूप में कार्य करते हुए भारत की खेल अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रहे हैं।

डॉ. पांडेय ने कहा कि फिक्की और उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व का विषय है। भारत का खेल उपकरण उद्योग अब परिवर्तन के दौर में है। नवाचार, अनुसंधान और वैश्विक ब्रांडिंग के माध्यम से हम मेरठ और जालंधर जैसे पारंपरिक केंद्रों को विश्वस्तरीय विनिर्माण केंद्रों में बदल सकते हैं।

## स्पेशल अचीवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से दिव्यांगों को व्हीलचेयर वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

स्पेशल अचीवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग जनों के लिए व्हीलचेयरए वितरण का कार्यक्रम कम्युनिटी सेंटर में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रीकृष्ण सिंहल अखिल भारतीय संपर्क टोली सदस्य मौजूद थे। इसके अलावा माधवी हंस संस्थापक चेयरपर्सन स्पेशल अचीवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट और उनकी टीम जिसमें पंकज हंस मैनेजिंग ट्रस्टी स्पेशल अचीवर्स चैरिटेबल ट्रस्टए टेकचंद नंदराजोग उर्फ टोनी पहलवान ट्रस्टी भी मौजूद थे। श्रीकृष्ण सिंहल ने कहा कि स्पेशल अचीवर्स टीम और खासकर माधवी हंस की जितनी भी तारीफ की जाए वो कम है । खुद दिव्यांग होते हुए निस्वार्थ भाव से दिव्यांगों की सेवा करने में लगी हुई है। मानव सेवा से बढक़र कोई सेवा नहीं है और दिव्यागों को उपकरण बांटकर उन्हें इतनी खुशी मिली जिसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है।

**दिव्यांगों की सेवा ईश्वर सेवा**



पंकज हंस कहा, दिव्यांगों की सेवा ईश्वर सेवा के समान है। उन्होनें स्पेशल एचीवर्स की पूर्व चेयरपर्सन माधवी हंस की प्रंशसा करते हुए कहा कि कामयाब वो लोग होते है जो सबके लिए सोचते है ।माधवी जिन्हानें हालातों से कभी हारना नहीं सीखा अपितु दिव्यांगों की भलाई के लिए वो दिन रात एक किए हुए है। माधवी हंस ने कहा कि दिव्यांग लोगों की सहायता और मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से स्पेशल अचीवर्स की स्थापना की गई है, यह दिव्यांग की जीवनशैली में सुधार लाने के लिए मार्गदर्शन देता है।

**कार्यालय, नगर पंचायत पुसौर जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक /941/लो.क.शा./न.पं/2025-26 — **ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना** — पुसौर, दिनांक : 28/10/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. Date of issue of Tender :- 29/10/2025 Time 10.30 AM
2. Last Date of Online Submission for Technical & Financial Bid :- 21/11/2025 Time 5.30 PM
3. Last Date for Submission of physical bid :- 28/11/2025 Time 5.00 PM
4. Bid Open Date :- 28/11/2025 Time 5.30 PM

| क्र. | सि.नि. क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र शुल्क (लाख में) | समय सीमा (वर्षा ऋतु को छोड़कर) | मूल दस्तावेज का फिजिकल लिफाफा नगर पंचायत पुसौर कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 178184 | वार्ड 03 पुष्पवाटिका उद्यान निर्माण कार्य। (SOR+Non SOR) | 292.40 | 1.50 | 0.03 | 09 माह | 28/11/2025 समय 05.00 PM |
| 2 | 178195 | वार्ड 15 में चंदन तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य। (SOR+Non SOR) | 210.40 | 1.20 | 0.03 | 09 माह | |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। निविदा नियम शर्तों का अवलोकन ध्यान पूर्वक भली भांति किया जावे।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पुसौर, जिला रायगढ़ (छ.ग.)

**सार्वजनिक सूचना**

जबकि, मेसर्स एवियाना ग्रीन एस्टेट्स, निदेशक नगर एवं ग्राम नियोजन, हरियाणा, चंडीगढ़ ('डीटीसीपी') द्वारा प्रदत्त लाइसेंस संख्या 97/2021 दिनांक 12.11.2021 और अतिरिक्त लाइसेंस संख्या 4/2025 दिनांक 10.01.2025 के प्रावधानों के अनुसार, गुरुग्राम के सेक्टर 103 में 9.29375 एकड़ क्षेत्रफल में टीओडी नीति-2016 के अंतर्गत एक आवासीय समूह आवास परियोजना विकसित करने की प्रक्रिया में है।

**और जबकि, i) उक्त कॉलोनी के लिए भवन योजनाएँ, जिन्हें पहले डीटीसीपी ज्ञापन संख्या ZP-1521/JD(NK)/2023/1279 दिनांक 13.01.2023 के तहत अनुमोदित किया गया था, अब डीटीसीपी द्वारा ज्ञापन संख्या ZP-1521-II/SD(RD)/2025/41226 दिनांक 28/10/2025 के तहत संशोधन (संशोधित भवन योजना) के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।**

**इसके अलावा, (ii) उक्त कॉलोनी के लिए चरणबद्ध योजना को भी डीटीसीपी द्वारा ज्ञापन संख्या ZP-1521-II/SD(RD)/2025/20089 दिनांक 28.05.2025 के तहत सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।**

और जबकि, डीटीसीपी ने चरणबद्ध योजना के साथ-साथ भवन योजनाओं के उपरोक्त संशोधन के विरुद्ध आपत्तियाँ/सुझाव मांगे हैं। उसमें इस तरह के संशोधन की अनुमति देने के लिए पूर्व शर्त। तदनुसार, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उक्त कॉलोनी की चरणबद्ध योजना और संशोधित भवन योजनाओं के प्रस्तावित संशोधन पर आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित किए जाते हैं। पहले स्वीकृत भवन योजनाओं और अब सैद्धांतिक रूप से स्वीकृत चरणबद्ध योजना और परिवर्तनों को दर्शाने वाली संशोधित भवन योजनाओं की एक प्रति हमारी वेबसाइट www.chintamanis.co.in पर अवलोकन के लिए उपलब्ध है। उक्त योजनाओं का अवलोकन गाँव दौलताबाद सेक्टर 103 गुरुग्राम, हरियाणा के साइट कार्यालय के साथ-साथ वरिष्ठ नगर योजनाकार, सेक्टर 14, गुरुग्राम, हरियाणा के कार्यालय में भी किया जा सकता है।

किसी भी आवंटी को उक्त चरणबद्ध योजना और संशोधित भवन योजना पर कोई आपत्ति/सुझाव है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर वरिष्ठ नगर योजनाकार, सेक्टर 14, गुरुग्राम, हरियाणा के कार्यालय में अपनी आपत्ति/सुझाव दर्ज करा सकता/सकती है, अन्यथा यह मान लिया जायेगा की चरणबद्ध योजना और संशोधित भवन योजनाओ में प्रस्तावित संशोधन पर कोई आपत्ति/सुझाव नहीं है।

**एवियाना ग्रीन एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड** की ओर से।
CIN: U70109DL2016PTC306330
**पंजीकृत कार्यालय:** CD-169, पीतमपुरा, उत्तर-पश्चिम दिल्ली, दिल्ली, भारत-110034।
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** # 15, द्वितीय तल, एमजीएफ मेगासिटी मॉल, एमजी रोड, गुरुग्राम-122002
**स्थल का पता:** सेक्टर 103, द्वारका एक्सप्रेसवे, गुरुग्राम - 122006
**स्थान:** गुरुग्राम
**दिनांक:** 29/10/2025
**वेबसाइट:** www.chintamanis.co.in

## खबर संक्षेप

### यूपी में बड़े पैमाने पर आईएएस के तबादले

**लखनऊ।** यूपी में बड़े पैमाने पर आईएएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। 46 अफसरों में से कुछ को अतिरिक्त जिम्मेदारी भी दी गई है। तीन मंडलायुक्त और दस जिलों के डीएम बदले गए हैं। मिर्जापुर सहारनपुर व मेरठ के कमिश्नर बदल दिए गए । हाथरस, सीतापुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, कौशांबी, बलरामपुर, ललितपुर, श्रावस्ती, रामपुर के कलेक्टरों को बदल दिया गया है।




### जनवरी में होगी एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक भर्ती परीक्षा 2026 का शेड्यूल जारी कर दिया है। उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। इस भर्ती के तहत कुल 7,466 पदों को भरा जाएगा। परीक्षा का आयोजन विभिन्न जिलों में किया जाएगा ।



### झारखंड में खुलेंगे 4 नए मेडिकल कॉलेज

**रांची।** चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे झारखंड में 4 नए मेडिकल कॉलेज खुलेंगे। ये मेडिकल कॉलेज खूंटी, जामताड़ा, धनबाद तथा गिरिडीह में खुलेंगे, जो पीपीपी मोड पर संचालित होंगे। मंगलवार को नई दिल्ली में वित्तीय मामलों के विभाग की हुई बैठक में राज्य सरकार के प्रस्ताव पर मंजूरी मिली। यह स्वीकृति भारत सरकार की 'पीपीपी मोड में मेडिकल कालेज स्थापना' योजना के तहत दी गई, जिसका उद्देश्य देशभर में चिकित्सा शिक्षा का विस्तार और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना है।

## सेना ने किया राम मंदिर में ध्वजारोहण का ट्रायल

# दिसंबर तक पूरी तरह से खुल जाएगा परिसर

अयोध्या राम मंदिर में 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण को भव्य बनाने की तैयारी चल रही है। पीएम मोदी के साथ देश के चुनिंदा आठ हजार मेहमान शामिल होंगे।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यहां राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। ध्वजारोहण के लिए लगातार ट्रायल हो रहा है। सोमवार व मंगलवार को सेना के जवानों ने राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र की मौजूदगी में ध्वजारोहण का ट्रायल किया। राम मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से फहराया जाने वाला ध्वज पैराशूट के कपड़े का हो सकता है, अभी इस पर मंथन चल रहा है।

### ट्रस्ट इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा



राम मंदिर भवन निर्माण समिति की बैठक में मंगलवार को ध्वजारोहण समारोह की तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक से पहले निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि ध्वजारोहण के लिए लगातार ट्रायल चल रहा है और आगे भी जारी रहेगा। सेना की टीम ट्रायल में लगी हुई है। सेना ने कुछ जरूरी राय दी है, जिसको क्रियान्वित किया जाएगा। ट्रस्ट इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा। ध्वजारोहण के दौरान किसी भी तरीके की चूक न हो यह सुनिश्चित किया जा रहा है। पैराशूट का कपड़ा काफी मजबूत होता है, इसलिए इसी कपड़े से ध्वज के निर्माण की राय आई है। सेना की टीम दो दिनों में रिपोर्ट बनाकर उन्हें सौंपेगी, जिसे वे पीएम मोदी को भेजेंगे।

### 25 को केवल मेहमानों को मिलेगा रामलला का दर्शन

नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि 25 नवंबर के समारोह के दौरान सिर्फ आमंत्रित मेहमानों को दर्शन का मौका मिलेगा। इसमें लगभग आठ हजार लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम के समय मंदिर में श्रद्धालुओं को दर्शन की अनुमति नहीं होगी। अगले दिन से श्रद्धालुओं को दर्शन की अनुमति दी जाएगी। मिश्र ने कहा, क्या श्रद्धालु सभी क्षेत्रों में बिना सुरक्षा जांच के स्वतंत्र रूप से आ-जा सकेंगे, इस पर ट्रस्ट विचार कर रहा है। मेरा निरंतर प्रयास है कि यहां बनने वाली हर चीज श्रद्धालुओं को समर्पित हो। परकोटा का निर्माण पूरा, म्यूरल का काम भी अंतिम चरण में नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि परिसर के चारों ओर बन रहे 800 मीटर लंबे परकोटा का निर्माण का पूरा हो चुका है। रैंप बन कर तैयार हो गया है। इस दौरान चार से छह नए स्थान निकले हैं, जहां पर कांस्य के रामकथा आधारित म्यूरल लगाए जा रहे हैं। रेलिंग का काम भी चल रहा है। पांच नवंबर तक यह सभी काम भी पूरे हो जाएंगे।

### श्रद्धालु सीमित संख्या में ही जा सकते हैं

उन्होंने कहा कि हमारा पूरा प्रयास होगा कि इस साल के आखिर तक राम जन्मभूमि परिसर में सभी मंदिर खोल दिए जाएं, वाटिकाएं खुल जाएं और कुबेर टीला तक भी श्रद्धालु पहुंच सकें। यह जरूरी है कि कुछ जगहों पर सीमित संख्या में ही जाया जा सकता है। जैसे कुबेर टीला में श्रद्धालु सीमित संख्या में ही जा सकते हैं। मंदिर के प्रथम तल पर भी सीमित संख्या होगी। ट्रस्ट पूरी तरह से हर जिम्मेदारी से काम में जुटा हुआ है। हमारी कोशिश है कि जल्द से जल्द काम पूरा करके श्रद्धालुओं के समक्ष जा सकें कि जो निर्माण कार्य हमें विश्वास के साथ दिया है, वह पूरा हो गया है।

## यूपी में तीन तहसीलों को मिलकर बनेगा 76वां जिला

# कल्याण सिंह नगर के लिए योगी सरकार कर रही तैयारी

एजेंसी ▶▶ अलीगढ़

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के दिवंगत नेता कल्याण सिंह उर्फ बाबूजी के नाम से अब यूपी में नए जिले को बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। यह काम उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के द्वारा शुरू किया गया है। कल्याण सिंह के पुत्र और एटा के पूर्व सांसद राजू भैया की सिफारिश के बाद यह काम शुरू किया गया है। फिलहाल नए जिले की तैयारी को लेकर खाका तैयार किया जा रहा है और उसके बाद शासन और प्रशासन के द्वारा इस पर मुहर लगाई जाएगी तब कहीं जाकर अलीगढ़ और बुलंदशहर जिले में से कुछ गांव को छांटकर नए जिले की नींव रखी जाएगी।

दरअसल पूरा मामला अलीगढ़ का है जहां अतरौली तहसील और उसके गांव मड़ौली को उत्तर प्रदेश पटल पर नई पहचान दिलाने के लिए नया जिला बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। यह तैयारी काफी समय से चर्चा में चल रही थी जिसमें "कल्याण सिंह नगर" के नाम से एक नए जिले के गठन पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। यह प्रस्ताव अलीगढ़ जिले के अतरौली और गंगीरी तथा बुलंदशहर जिले के डिबाई क्षेत्र को मिलाकर तैयार किया जा सकता है। इस नए जिले का नाम भाजपा के दिवंगत वरिष्ठ नेता और दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके स्व. कल्याण सिंह के नाम पर रखा जाएगा. यूपी सरकार ने इस दिशा में प्रारंभिक प्रक्रिया भी शुरू कर दी है. इस पूरे मामले पर जैसे ही शासन में पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र राजू भैया का पत्र पहुंचा तो राजस्व परिषद आयुक्त एवं सचिव कार्यालय की ओर से अलीगढ़ और बुलंदशहर जिलाधिकारियों को एक पत्र भेजा है. जिसमें दोनों जिलों के सीमा क्षेत्रों के पुनर्सीमन और नए जिले की संभावनाओं पर रिपोर्ट मांगी गई है.

भाजपा नेता राजवीर सिंह 'राजू भैया' ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर यह प्रस्ताव रखा कि कल्याण सिंह के नाम पर एक नया जिला बनाकर उनकी स्मृति को स्थायी स्वरूप दिया जाए. इस पर शासन स्तर से फाइलों का चलन शुरू हो गया और अब कयास लगाए जा रहे हैं जल्द ही कल्याण सिंह के नाम से एक नया जिला बन सकता है.

अतरौली इस प्रस्तावित जिले का केंद्र बिंदु बन सकता है। क्योंकि अतरौली अलीगढ़ और बुलंदशहर दोनों जिलों के बीच में आता है, जिससे प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से संचालित किए जा सकते हैं।

**खास बातें**

- अलीगढ़ और बुलंदशहर जिले में से कुछ गांव को छांटकर नए जिले की नींव रखी जाएगी
- अतरौली और गंगीरी तथा बुलंदशहर जिले के डिबाई क्षेत्र को मिलाकर तैयार किया जाएगा नया जिला

### अलीगढ़ - बुलंदशहर के डीएम को लिखा पत्र



राजवीर सिंह के इस पत्र के बाद सरकार ने त्वरित कार्रवाई की है और 17 अक्टूबर को राजस्व परिषद के आयुक्त राजकुमार द्विवेदी ने अलीगढ़ और बुलंदशहर के डीएम को पत्र भेजते हुए निर्देश दिए हैं कि दोनों जिले अपनी-अपनी सीमाओं के पुनर्सीमन के आधार पर नए जिले के गठन की संभावनाओं का अध्ययन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यह रिपोर्ट निर्धारित मानकों के अनुसार मंडलायुक्त के माध्यम से सरकार को भेजी जाएगी। इस रिपोर्ट में नए जिले की जनसंख्या, भौगोलिक स्थिति, प्रशासनिक सुविधा, दूरी, बुनियादी ढांचे, सड़कों, पुलिस-प्रशासनिक इकाइयों और जनसुविधाओं की दृष्टि से व्यावहारिकता का परीक्षण किया जाएगा।

### प्रस्तावित जिले का केंद्र बिंदु बन सकता है अतरौली

*वहीं अगर बात भौगोलिक दृष्टि से की जाए तो अतरौली इस प्रस्तावित जिले का केंद्र बिंदु बन सकता है. यह स्थान अलीगढ़ और बुलंदशहर दोनों जिलों के बीच में आता है, जिससे प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से संचालित किए जा सकते हैं। अतरौली नगर पहले से ही शिक्षा, व्यापार और राजनीतिक दृष्टि से विकसित क्षेत्र माना जाता है। इसके अलावा, मढौली गांव (जो कल्याण सिंह की जन्मभूमि है) को "कल्याण सिंह नगर" के मुख्यालय से जोड़ने की संभावना भी जताई जा रही है।*

## प्रशांत किशोर के पास डबल वोटर आईडी कार्ड

# बिहार के साथ व बंगाल के भवानीपुर विस में भी दर्ज



एजेंसी ▶▶ पटना

जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर मंगलवार को उस समय विवादों में घिर गए जब ये सामने आया कि वो कथित तौर पर अपने गृह राज्य बिहार के साथ ही पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में भी मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं। पश्चिम बंगाल में एक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार पश्चिम बंगाल में मतदाता के रूप में पंजीकृत प्रशांत किशोर का पता 121, कालीघाट रोड के रूप में दर्ज है, जो कोलकाता के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस मुख्यालय का पता है। भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी का निर्वाचन क्षेत्र है। अधिकारी ने कहा, 'उनका मतदान केंद्र बी रानीशंकरी लेन स्थित सेंट हेलेन स्कूल के रूप में सूचीबद्ध है।'

### तृणमूल के सलाहकार के रूप में काम कर चुके

पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनावों के दौरान किशोर ने तृणमूल कांग्रेस के लिए राजनीतिक सलाहकार के रूप में काम किया था। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रशांत किशोर का नाम बिहार में रोहतास जिले के सासाराम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत करगहर विधानसभा क्षेत्र में पंजीकृत है। उनका मतदान केंद्र मध्य विद्यालय, कोनार है। इस मामले पर चुनाव अधिकारी ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 17 का उल्लेख किया, जिसके तहत कोई भी व्यक्ति एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं हो सकता है।

# पूरे परिवार को जहर देकर आत्महत्या कर रहा हूं...अंतिम संस्कार कर देना, फिर पहुंच गई पुलिस की चार गाड़ियां

एजेंसी ▶▶ मेरठ

मेरठ के परतापुर थाना क्षेत्र के घाट गांव में एक युवक ने गांव के दबंग पर 50 लाख में जमीन का जबरन एग्रीमेंट कराने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। युवक ने तनाव में आकर पूर्व प्रधान को फोन कर पूरे परिवार समेत आत्महत्या करने की बात कही। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मौके पर पुलिस की चार गाड़ियां पहुंची और युवक को समझाकर सुरक्षा का आश्वासन दिया।

### मुझे मेरे घर पर आकर धमकाया जा रहा

गांव का एक दबंग व्यक्ति रात में 11 बजे मेरे घर पर आकर 50 लाख में जमीन का एग्रीमेंट करने का दबाव बना रहा है। एग्रीमेंट न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। जबरन मेरी जमीन लेने के लिए मेरे परिवार को धमकियां दी जा रही हैं। प्रधान जी मैं पूरे परिवार को जहर देकर आत्महत्या कर रहा हूं। मेरा अंतिम संस्कार कर देना। सुबह पूरा गांव अखबार में मेरी मौत की खबर पढ़ेगा।' यह बात परतापुर के घाट गांव निवासी एक युवक ने पूर्व प्रधान को फोन पर जानकारी देते हुए कही। पूर्व प्रधान ने किसी अनहोनी के डर से एसएसपी और थाना पुलिस को फोन कर मामले की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस महकमे में हडकंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और व्यक्ति को समझाकर सुरक्षा का भरोसा दिया। घाट गांव निवासी मोनू की घाट रोड स्थित बसंतकुंज कॉलोनी के पास 24 बीघा जमीन है। परतापुर थाने में तहरीर देते हुए मोनू ने बताया कि कुछ दिन पहले उसने अपनी 24 बीघा जमीन का सौदा मेरठ निवासी एक व्यक्ति से किया था।

## खुद मर जाओ या मां-बाप,बहन को मार दो

# मोबाइल पर सुसाइड नोट लिखकर छात्र ने दी जान



एजेंसी ▶▶ कानपुर

जिले के कोहना थाना क्षेत्र के रानीघाट में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नाती द जैन इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ने वाले 11वीं के छात्र ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने बताया कि छात्र को एक साल से सपने में कुछ लोग दिखते थे, जो उससे कहते थे कि या तो खुद जान दे दो या परिवार में मां, बाप और बहन को मार डालो। घटना के समय माता&पिता भागलपुर छठ मनाने गए थे। वहीं, बड़ी बहन कोचिंग पढ़ने गई थी। पुराना कानपुर रानीघाट निवासी मेडिकल सेवाओं से जुड़े आलोक मिश्रा का इकलौता बेटा (16) आरव 11वीं का छात्र था। परिवार में पत्नी दिव्या और बेटी मान्या है। परिजनों ने बताया कि दीपावली पर बेटे ने बड़ी बहन को बताया कि उसे सपने में चार-चार चेहरे नजर आते हैं, जो कहते हैं कि या तो खुद जान दे दो या परिवार को मार डालो।

### अंग्रेजी में सुसाइड नोट लिखा मिला

आत्महत्या से पूर्व उसने सुसाइड नोट में लिखा कि लोगों के सपने में दिखने और अपनी जान देने या परिवार को मारने की बात लिखी। देर शाम बहन लौटी तो दरवाजा न खुलने पर पड़ोसी परमिंदर चंद्रा के साथ ही परिजनों को जानकारी दी। दरवाजा तोड़ा गया, तो आरव का शव फंदे पर लटकता मिला। मंगलवार सुबह परिजन मौके पर पहुंचे तो बेटे का शव देखकर बदहवास हो गए। कोहना थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि मोबाइल के नोटपैड में अंग्रेजी में सुसाइड नोट लिखा मिला है। फॉरेंसिक में मोबाइल जब्त कर लिया है।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई पेशी

# मौलाना तौकीर की न्यायिक हिरासत 11 नवंबर तक बढ़ाई

एजेंसी ▶▶ बरेली



में 26 सितंबर को हुए बवाल के मामले में मुख्य आरोपी इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। मौलाना का ठिकाना फिलहाल फतेहगढ़ सेंट्रल जेल ही रहेगा। मंगलवार को सीजेएम कोर्ट समेत स्थानीय अन्य कोर्ट में 11 मुकदमों की सुनवाई के दौरान मौलाना की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी कराई गई। मौलाना के साथियों को बरेली जेल से लाकर कोर्ट में पेश किया गया।

सभी की न्यायिक हिरासत 11 नवंबर तक बढ़ाने का आदेश कोर्ट ने दिया है। पुलिस ने तर्क दिया है कि मौलाना तौकीर रजा की जमानत से मुकदमों की विवेचना प्रभावित हो सकती है। अभी सभी मुकदमों के विवेचक मौलाना का बयान ही दर्ज नहीं कर सके हैं। इसलिए मौलाना को जमानत न दी जाए। वहीं मौलाना के वकीलों ने बीमारी व स्वास्थ्य के मद्देनजर जेल से बाहर लाने की जरूरत बताई थी।

### 5 मुकदमों में मौलाना तौकीर के बयान दर्ज

कोतवाली में दर्ज पांच मुकदमों के विवेचक फतेहगढ़ जेल में जाकर मौलाना तौकीर रजा के बयान दर्ज कर चुके हैं। छठे मुकदमे में दो दिन बाद बयान दर्ज होंगे। सोमवार को दो विवेचक वहां से बयान दर्ज कर लौट आए। अब स्टेशन चौकी प्रभारी गौरव अत्री को वहां जाकर मौलाना तौकीर रजा के बयान दर्ज करने हैं। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि यह क्रम जारी रहेगा।

## पेज एक का शेष

### अब राफेल जेट ....

राष्ट्रपति दिल्ली से अपने विशेष विमान से अंबाला के लिए उड़ान भरेंगी। एक घंटे में उनका विमान अंबाला एयरफोर्स स्टेशन में पहुंचेगा। इसके बाद उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा, और वह अधिकारियों को भी संबोधित करेंगी। इसके बाद लगभग 12 बजे यह कार्यक्रम समाप्त हो जाएगा।

### कुरुक्षेत्र में हरियाणा की...

लोक जीवन की झलक प्रस्तुत करता है। यह विद्यार्थियों को न केवल अपने व्यक्तित्व को निखारने का अवसर देता है, बल्कि उन्हें अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व करने की भावना से भी ओतप्रोत करता है। रत्नावली महोत्सव केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी जड़ों और पहचान को पुनर्जीवित करने का एक प्रेरक मंच है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा द्वारा पद्मश्री से अलंकृत संतराम देशवाल तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अनूप लाठर को सम्मानित किया गया। इसके अलावा, मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों ने हरियाणवी बोली में प्रकाशित रत्नावली टाईम्स पत्रिका का भी विमोचन किया। अपने संबोधन में सैनी ने कहा कि वे ऊर्जावान युवाओं के बीच आकर अत्यंत उत्साहित हैं। यह देखकर गर्व होता है कि नई पीढ़ी भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव एक ऐसा मंच है, जो युवा पीढ़ी को हमारी जड़ों से जोड़ता है। रत्नावली महोत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने, संरक्षित करने और उसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का एक अनुपम प्रयास है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के कर्मयोग संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि हरियाणा की संस्कृति में सादगी, स्वाभिमान और देशभक्ति का भाव रचा-बसा है। उन्होंने कहा कि वेशभूषा, नृत्य, लोकगीत, हरियाणवी 'सांग' और 'रागनी', यहां बनाई गई झोपड़ियां ये सब केवल प्रदर्शन मात्र नहीं हैं, ये हमारे पूर्वजों की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि युवा शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति व विरासत से भी जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा का सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय है। हरियाणा प्रदेश के शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास में इस विश्वविद्यालय का अमूल्य योगदान है। हरियाणा की सांस्कृतिक विकास यात्रा में इस उत्सव की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस महोत्सव को हरियाणवी संस्कृति का महाकुंभ कहा जाता है। इसमें अहीर, बांगर, बागर, खादर, कोरवी मेवाती जैसी विभिन्न बोलियों की 34 विधाओं में लगभग 3500 युवा कलाकार भाग लेते हैं।

### हरियाणा कांग्रेस अनुशासन...

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक, "यह बदलाव इस बात का संकेत है कि अब हरियाणा में कांग्रेस संगठन आधारित नेतृत्व संरचना की ओर बढ़ रही है, न कि केवल बड़े नामों पर निर्भर।" यह समिति पार्टी के अंदर अनुशासनहीनता, सार्वजनिक बयानबाज़ी, या पार्टी लाइन से हटकर गतिविधियों पर निगरानी रखेगी और आवश्यक कार्रवाई की सिफारिश करेगी। हरियाणा कांग्रेस में हाल के महीनों में कुछ नेताओं के सार्वजनिक मतभेदों और बयानबाज़ी के बाद संगठन की अनुशासन प्रक्रिया को मजबूत करने की जरूरत महसूस की जा रही थी। इससे पहले भी प्रदेश कांग्रेस में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति, समन्वय समितियों का गठन और चुनाव प्रबंधन को लेकर नई संरचनाएँ तैयार की जा चुकी हैं। नई अनुशासन समिति का गठन इसी प्रक्रिया का हिस्सा माना जा रहा है, जिसका मकसद है 2026 विधानसभा चुनावों से पहले संगठन को अनुशासित और एकजुट बनाना। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि हाईकमान ने इस निर्णय से यह स्पष्ट कर दिया है कि अब हरियाणा कांग्रेस में व्यक्तिवादी राजनीति की बजाय संगठन की प्राथमिकता तय की जाएगी।

### उदित होते सूर्य को...

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड में भी छठ पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

श्रध्दालुओं ने मंगलवार को अल सुबह करीब 4 बजे से एकत्रित होने के बाद उगते सूर्य को गाय के दूध व जल से अर्घ्य देकर पूजा-अर्चद्वना की। इसके बाद घाट स्वच्छता मुहिम चलाई गई।

### चुनाव आयोग की मंशा...

बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग राज्य प्रशासन पर नियंत्रण हासिल करना चाहता है ताकि 2026 के चुनावों से पहले राज्य सरकार काम न कर सके। अभिषेक बनर्जी ने उत्तर 24 परगना के पनिहाटी इलाके में मंगलवार को हुई एक व्यक्ति की आत्महत्या को भी एसआईआर और एनआरसी के डर से जोड़ा। उन्होंने कहा कि प्रदीप कर नामक व्यक्ति ने घबराहट में आत्महत्या कर ली। उसने अपने सुसाइड नोट में लिखा है कि एनआरसी और एसआईआर की वजह से उसे डर था। इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार जिम्मेदार हैं। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। टीएमसी नेता ने चेतावनी दी कि यदि किसी वैध मतदाता का नाम सूची से हटाया गया, तो बंगाल के एक लाख लोग दिल्ली में चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर धरना देंगे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इसके बावजूद टीएमसी कमजोर नहीं पड़ेगी भाजपा जितनी चाल चले, हम उतनी ही सीटें बढ़ाएंगे, यह मेरा चैलेंज है।

### भारत को पाँच ट्रिलियन डॉलर...

सड़कें बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई जो आर्थिक प्रगति को गति देंगी और नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएँगी। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे गतिशीलता विकसित हो रही है, भारत 'स्मार्ट सड़कों' को आकार दे रहा है जो पैदल यात्रियों की पहुँच, ईवी चार्जिंग, ईंधन स्टेशन, पार्किंग और आधुनिक सड़क किनारे सुविधाओं जैसी आवश्यक सुविधाओं के साथ प्रौद्योगिकी को एकीकृत करती हैं।

## निकाय चुनाव में बदले समीकरण

# ओबीसी आरक्षण: हेमंत सरकार ने विपक्ष से छीना बड़ा मुद्दा

एजेंसी ▶▶ रांची

राज्य में नगर निकाय चुनावों को लेकर राजनीतिक हलचल जल्द तेज होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन सरकार ने एक मास्टर स्ट्रोक खेलते हुए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 14 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है। इसकी मंत्रिपरिषद से मंजूरी मिल चुकी है। यह फैसला विपक्षी दलों, खासकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आजसू पार्टी के लिए बड़ा राजनीतिक झटका साबित हो रहा है। लंबे समय से भाजपा और आजसू ओबीसी आरक्षण की मांग को मुद्दा बनाकर सरकार पर दबाव बना रही थीं, लेकिन अब यह हथियार उनके हाथ से छिन गया है। सरकार के इस कदम से चुनावी समीकरण बदल सकते हैं और पिछड़े वर्ग का वोट बैंक सीधे सत्ताधारी गठबंधन की ओर झुक सकता है।



### ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूरी कर सरकार ने दिखाई सक्रियता

आरक्षण लागू करने की राह में सबसे बड़ी बाधा सुप्रीम कोर्ट के ट्रिपल टेस्ट मानदंड थे। इनमें जनसंख्या सर्वे, पिछड़ेपन का वैज्ञानिक आकलन और स्थानीय निकायों में प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना शामिल है। हेमंत सरकार ने इन सभी मानदंडों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने विस्तृत सर्वेक्षण किया, जिसमें ओबीसी समुदाय की जनसंख्या अनुपात, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और निकायों में उनकी भागीदारी का गहन विश्लेषण शामिल था। रिपोर्ट के आधार पर 14 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव तैयार किया गया, जो कुल आबादी के अनुपात में उचित माना गया।

### विपक्ष की रणनीति पर पानी फेरा, नया मुद्दा तलाशने की मजबूरी

भाजपा और आजसू ने ओबीसी आरक्षण को अपना प्रमुख हथियार बनाया था। इसे लेकर वे लगातार सरकार पर हमला बोलते पिछड़ों के हितों की अनदेखी का दावा करते थे, लेकिन सरकार के फैसले ने इन दलों से बड़ा मुद्दा छीन लिया। नि काय चुनावों में वार्ड स्तर पर आरक्षण से इन समुदायों को सीधा लाभ मिलेगा, और महत्वपूर्ण पदों पर उनकी भागीदारी बढ़ेगी। इससे जमीनी स्तर पर सरकार का प्रभाव मजबूत होगा।



## 30 साल बाद फिर सिनेमाघरों में दस्तक देगी 'रंगीला'

**मुंबई।** आमिर खान, उर्मिला मातोंडकर और जैकी श्रॉफ स्टारर सुपरहिट फिल्म 'रंगीला' एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अपनी रिलीज के ठीक 30 साल बाद रंगीला सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। इस बार दर्शक इस फिल्म को नए 4के एचडी रीस्टोर्ड वर्जन में देखे सकेंगे। रामगोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित रंगीला 28 नवंबर को सिनेमाघरों में री-रिलीज होगी। रंगीला साल 1995 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। एआर रहमान के संगीत से सजी इस फिल्म में शहरी महत्वाकांक्षाओं और सपनों को दिखाया गया था। फिल्म की कहानी उस वक्त काफी पसंद की गई थी और रंगीला बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही थी।


लाइफ Style

## सोनम
## बॉलीवुड डेब्यू के लिए बेलने पड़े खूब पापड़

अभिनेत्री सोनम बाजवा पंजाबी इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। इन दिनों उन्हें फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' में देखा जा रहा है। पंजाबी इंडस्ट्री में अच्छा-खासा काम कर चुकी सोनम को बॉलीवुड में आने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। इस बारे में बात कर उनका दर्द छलक आया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सोनम बाजवा ने दावा किया कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को पंजाब फिल्म इंडस्ट्री में उनके काम के बारे में पता नहीं था। बॉलीवुड के लोगों को वे सिर्फ सिनेमा के लिए एक ग्लैमरस फेस लगीं। एक इंटरव्यू में सोनम ने बताया कि पंजाबी सिनेमा में अलग-अलग तरह की फिल्में करने के बावजूद हिंदी फिल्ममेकर्स को उन्हें उनकी ग्लैमरस इमेज से हटकर देखना मुश्किल लगता था। इसके चलते सोनम को बॉलीवुड डेब्यू से पहले लंबा इंतजार करना पड़ा। सोनम बाजवा ने कहा, 'मैंने इतने वर्षों तक इंतजार किया, ताकि मुझे एक ऐसी हिंदी फिल्म मिले, जिसमें मेरे पास कुछ करने को हो। एक एक्टर के तौर पर भी, न कि सिर्फ इसलिए कि मैं अच्छी दिखती हूं या ग्लैमरस हूं। जब भी मेरे पास ऑफर आते थे, तो हमेशा ऐसा लगता था कि हिंदी सिनेमा में लोगों ने मेरा पंजाबी काम सच में देखा ही नहीं है। इसलिए, उनके लिए मुझे एक नॉन-ग्लैमरस रोल में सोचना भी मुश्किल था'। सोनम बाजवा ने बॉलीवुड फिल्ममेकर्स के बीच लगातार हो रही टाइपकास्टिंग पर नाराजगी जताई, जिससे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें परफॉर्मेंस वाले रोल मिलने के मौके कम हो गए हैं।



हॉलीवुड मसाला



## नए लुक में 22 साल के दिख रहे

**लॉस एंजिल्स।** जस्टिन बीबर इन दिनों अपने लुक से चर्चा बटोर रहे हैं। वो सैन डिएगो में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ थे। वो डिजॉन के गानों पर झूम रहे थे। उनके क्लीन शेव लुक पर फैंस मर मिटे हैं। फैंस कह रहे हैं कि वो 22 साल के जवान लग रहे हैं। पॉप आइकन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने अपने लुक से सभी का ध्यान खींचा है। वो सैन डिएगो में डिजॉन के कॉन्सर्ट में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ झूम रहे थे। उनके नए लुक से फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।



## ए क्रिसमस केरोल से की कॅरियर की शुरुआत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अदाकारा जून लॉकहार्ट अब हमारे बीच नहीं रहीं। 100 साल की उम्र में उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता मोनिका स्थित अपने घर में आखिरी सांस ली। उनके चेहरे की मुस्कान और आंखों की चमक ने पीढ़ियों तक दर्शकों का दिल जीता। जून लॉकहार्ट उन कुछ अभिनेत्रियों में से थीं जिन्होंने सिनेमा के स्वर्ण युग से लेकर आधुनिक टीवी युग तक, हर दौर में अपनी पहचान बनाए रखी। 1938 में परिवार के साथ उन्होंने 'अ क्रिसमस केरोल' से अपने कॅरियर की शुरुआत की और पहले ही प्रोजेक्ट से दर्शकों को उन्हें इंप्रेस किया था। 1950 और 60 के दशक में जून लॉकहार्ट टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना नाम बन चुकी थीं। सीरीज 'लेजी' में उन्होंने रुथ मार्टिन का किरदार निभाया जिसे दर्शकों ने काफी प्यार दिया।



## शाहरुख से मिलना चाहते हैं एनरिक

**मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध पॉप स्टार एनरिक इग्लेसियस 21 साल बाद मुंबई में वापसी कर रहे हैं। वह 29 और 30 अक्तूबर को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमएमआरडीए ग्राउंड्स में कॉन्सर्ट करेंगे। यह वही जगह है जहां उन्होंने 2004 में आखिरी बार प्रदर्शन किया था। उनके प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनरिक, जो बॉलीवुड के बड़े प्रशंसक हैं, इस दौरान शाहरुख खान, गौरी खान और उनके बच्चों-आर्यन, सुहाना और अबराम से मिलने की योजना बना रहे हैं। यह उनकी तीसरी भारत यात्रा है। वे मुंबई की संस्कृति और आध्यात्मिकता को करीब से जानना चाहते हैं। इसके लिए वे कोलाबा कॉजवे, सिद्धिविनायक मंदिर और गांधी संग्रहालय भी जाएंगे। पहले शो के टिकट कुछ ही घंटों में बिक गए हैं, जिसके बाद दूसरा शो भी जोड़ा गया।



## पूरी फीस कैंसर पीड़ित बच्चों को किया दान

**मुंबई।** विवेक ओबेरॉय इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। जिनमें नमित मल्होत्रा की 'रामायण', प्रभास के साथ 'स्पिरिट' और फिल्म 'मस्ती 4' शामिल है। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित फिल्म 'रामायण' में विवेक रावण के भाई विभीषण की भूमिका निभाएंगे। विवेक ओबेरॉय ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैंने निर्माता नमित मल्होत्रा से कहा कि मुझे विभीषण की भूमिका के लिए एक पैसा नहीं चाहिए। पूरी फीस मैं कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए दान करूंगा। मुझे उनका काम पसंद है और यह फिल्म भारतीय सिनेमा को दुनिया में चमकाएगी। पहली भाग की एडिटिंग पूरी हो गई। शूटिंग जून 2025 में खत्म हुई। अब वीएफएक्स पर 300 दिन काम होगा। पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है।' विवेक ने फिल्म को लेकर आगे कहा, ''रामायण' एक ऐतिहासिक फिल्म है।

टीवी मसाला



## बाहर आते ही बसीर ने तान्या के गेम को किया एक्सपोज

**नई दिल्ली।** बसीर अली ने शो से बाहर आते ही चुप्पी तोड़ दी है। बाहर निकलते ही उन्होंने एक बातचीत में कई चौंकाने वाले बयान दिए और शो की सच्चाई सामने रखी। उनका कहना है कि घर के अंदर सब कुछ उतना रियल नहीं था, जितना दिखाया गया। एविक्शन पर बात करते हुए बसीर कहते हैं कि वह खुद भी इस नतीजे से शॉक में थे। 'मुझे अब तक यकीन नहीं होता कि मैं एविक्ट हो गया। मुझे नहीं लगता कि ऑडियंस ने मुझे कम वोट दिए। मैंने हमेशा ऑडियंस के लिए सच्चाई से खेला। लेकिन, कई बार रियलिटी शो में रियलिटी पीछे रह जाती है और नैरेटिव जीत जाता है। शायद मेरे साथ भी वही हुआ। मेकर्स का फैसला था। उनके निर्णय को कोई मना नहीं कर सकता, लेकिन दिल में सवाल जरूर हैं। तान्या के गेम पर खुलकर बोलते हुए बसीर ने कहा, 'तान्या बहुत चालाक खिलाड़ी है। वो हर पल सोचती है कि क्या बोलना है, कब रोना है, कब भावुक होना है। उसकी हर हरकत कैमरे के लिए होती है। वो चाहती है कि लोग उसे स्ट्रॉन्ग और इमोशनल समझें, लेकिन असल में वो वैसी नहीं है। घर के अंदर वो ड्रामा करती है, ताकि लोगों को उसकी सहानुभूति मिले। सच्चाई ये है कि तान्या सबसे बड़ी फेक इंसान है। वो अच्छी परफॉर्मर है, लेकिन ईमानदार नहीं। तान्या घर की सबसे बड़ी मैनिपुलेटर है।' बसीर कहते हैं कि आज की दुनिया में सच्चाई को कमजोरी समझा जाता है। 'मुझे हमेशा कहा गया कि थोड़ा डिप्लोमैटिक बनो, लेकिन मैं वैसा नहीं हूं। मैंने जो महसूस किया, वही कहा।

### फिर आया अभिरा -अरमान की जिंदगी में तूफान

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में एक लंबे वक्त के बाद अभिरा और अरमान की जिंदगी में मुश्किलों का दौर खत्म हुआ। लेकिन ,अचानक एक बड़ा तूफान इनकी जिंदगी में आ गया है। एक फेक एआई वीडियो अभिरा और अरमान का वायरल हो रहा है। अभिरा और अरमान के परिवार को एक अश्लील वायरल वीडियो के बारे में पता चलता है। इस वजह से परिवार में हंगामा हो जाता है। इस बात से अरमान और अभिरा भी परेशान हैं। अरमान को समझ नहीं आ रहा है ये क्या हो रहा है? लेकिन अभिरा जल्द ही समझ जाती है कि यह फेक एआई वीडियो है। अरमान इस वीडियो को इंटरनेट से हटाने की कोशिश में लगा है। अरमान और अभिरा का फेक एआई वीडियो बनाने के पीछे कुछ लड़कों का हाथ है। दरअसल, कुछ दिन पहले अरमान और अभिरा डेट पर गए थे। जहां कुछ बिगड़ैल लड़कों से उनकी तू-तू, मैं-मैं होती है।



## नीसा और ओरी ने रीक्रिएट किया 29 साल पुराना फोटोशूट

**मुंबई।** सिनेमा की दुनिया में रिक्रिएशन बड़ी शै है। पुराने गाने रिक्रिएट होते हैं। फिल्मों में सीन रिक्रिएट होते हैं। अब रिक्रिएशन का नया प्रयोग हाल ही में नीसा देवगन और ओरी ने किया है। नीसा ने ओरी के साथ मिलकर अपनी मां काजोल के करीब 29 साल पुराने बोल्ड फोटोशूट को रिक्रिएट किया है। जिन्हें नहीं मालूम उन्हें बता दें कि साल 1996 में काजोल और दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने एक मैगजीन के लिए बेहद बोल्ड फोटोशूट कराया था। इस पर जमकर बवाल हुआ था। उसी फोटोशूट को अब ओरी और नीसा ने रिक्रिएट किया है। ओरी और नीसा ने यह फोटोशूट हैलोवीन से पहले मजाकिया अंदाज में कराया है। नीसा जहां काजोल की जगह पोज देती दिख रही हैं, वहीं ओरी ने दिग्गज एक्ट्रेस रेखा की जगह पोज दिए हैं। ओरी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से रिक्रिएशन की वीडियो भी शेयर की है। ओरी कहते दिख रहे हैं, 'हम अपने पसंदीदा लोगों से इंस्पायर्ड एक मजेदार हैलोवीन शूट कर रहे हैं। नीसा ने जवाब दिया, 'मेरी पसंदीदा मेरी मां (काजोल) हैं'। वहीं, ओरी ने कहा, 'और मेरी पसंदीदा हैं द मदर (रेखा)'। नीसा और ओरी ने वह पोज भी दिया है, जिस पर सबसे ज्यादा हंगामा मचा था। दरअसल, मैगजीन के लिए कराए गए फोटोशूट में रेखा और काजोल ने काफी बोल्ड पोज देकर तहलका मचा दिया था। दोनों के एक पोज पर तो इतना हंगामा मचा कि दोनों के खिलाफ भारतीय संस्कृति के साथ खिलवाड़ के आरोप लगे। व्हाइट कलर के एक ही स्वेटर में दोनों अदाकाराओं ने पोज दिए थे।



## लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना : यामी गौतम

**मुंबई।** शांत और दृढ़ विश्वास वाले किरदारों को निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री यामी गौतम, अपनी अगली बड़ी रिलीज, 'हक' के लिए तैयार हैं। इसमें उनके साथ इमरान हाशमी भी हैं। ऐतिहासिक शाह बानो मामले से प्रेरित यह फिल्म न्याय, पहचान और आस्था के विषयों पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यामी गौतम से पूछा गया कि हाल के वर्षों में उन्होंने जिस तरह की फिल्में चुनी हैं, उनके कारण उन्हें अक्सर 'राष्ट्रवादी' कहा जाता है। इस पर उनका क्या कहना है? इस पर अभिनेत्री ने हंस कर इस लेबल को खारिज कर दिया। राष्ट्रवादी का टैग दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर यामी ने कहा, 'लेबल है, मुझे पता भी नहीं है। अगर है तो लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना।' उन्होंने कहा, 'ये नहीं तो कुछ और लेबल, फिर कुछ और, फिर कुछ और। पहले कुछ और था। पहले कुछ अंडररेटेड लेबल था। उससे पहले कुछ और था। यह बदलता रहता है। मैं वो सब नहीं जानती हूं।' यामी गौतम ने बताया कि फिल्म 'हक' उनके लिए सिर्फ एक कोर्टरूम ड्रामा नहीं था। यामी ने कहा, 'यह विषय सार्वजनिक जीवन में रहा है। मैं हमेशा सोचती हूं कि शाजिया जैसी महिला को किस तरह की ताकत और साहस की जरूरत रही होगी। अगर मुझे ऐसी महिलाओं की कहानी कहने के मौके मिलते हैं, तो मैं जरूर कहूंगी।'



### रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा

## ओटीटी पर इस हफ्ते दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के लिए मनोरंजन का जबरदस्त धमाका होने जा रहा है। अलग-अलग शैलियों की कई बड़ी फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं, जिनमें रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा। नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और एप्पल टीवी जैसे प्लेटफॉर्म्स पर दर्शकों को इस हफ्ते भरपूर कंटेंट मिलने वाला है।*



**कांतारा चैप्टर 1 :** कन्नड़ फिल्म 'कांतारा' ने पिछले साल सिनेमा जगत में नई पहचान बनाई थी और अब इसका प्रीक्वल 'कांतारा चैप्टर 1' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने जा रहा है। निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी इस फिल्म में दो अलग-अलग किरदार निभा रहे हैं। कहानी पुराने कालखंड में स्थापित है, जहां 'बूता कोला' परंपरा की जड़ों को दिखाया गया है। इस फिल्म में जयाराम, रुक्मिणी वसंत और गुलशन देवैया जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। यह फिल्म 31 अक्टूबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**लोका चैप्टर 1 :** निर्देशक डॉमिनिक अरुण की मलयालम फिल्म 'लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा' इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म में कल्याणी प्रियदर्शन मुख्य भूमिका निभा रही हैं। कहानी एक रहस्यमयी महिला 'चंद्रा' की है, जो स्वीडन से भारत लौटती है और बेंगलुरु में हो रहे मानव तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ लड़ाई छेड़ देती है। महिला सुपरहीरो पर आधारित यह फिल्म मलयालम सिनेमा में एक नया अध्याय खोलती है। फिल्म 31 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर उपलब्ध होगी।






**इट: वेलकम टू डेरी :** दुनियाभर में मशहूर हॉरर कहानी 'इट' की नई किस्त 'इट: वेलकम टू डेरी' 27 अक्टूबर से जियोहॉटस्टार पर देखने को मिल रही है। यह कहानी 1962 के दशक के उस शहर की है, जहां एक बार फिर जोकर 'पेनीवाइज' का खौफ लौट आता है। डर और रहस्य से भरी इस सीरीज में दर्शकों को पुराने समय की पृष्ठभूमि के साथ हॉरर का गहरा अनुभव मिलेगा।

**हेड्डा :** अमेजन प्राइम वीडियो पर 'हेड्डा' नाम की एक दमदार ड्रामा फिल्म 29 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है। फिल्म की कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है जो सामाजिक बंधनों और निजी इच्छाओं के बीच संघर्ष करती है। इसमें कलाकारों का अभिनय और गहराई से लिखा गया डायलॉग फिल्म को खास बनाता है।

**डाउन सिमेट्री रोड :** ब्रिटिश रहस्य और अपराध पर आधारित सीरीज 'डाउन सिमेट्री रोड' 29 अक्टूबर को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में दो महिलाएं एक लापता लड़की की तलाश में निकलती हैं और इस खोज के दौरान एक बड़े रहस्य से पर्दा उठता है।

**द विचर सीजन 4 :** लोकप्रिय फैंटेसी सीरीज 'द विचर' का चौथा सीजन 30 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगा। इस बार मुख्य किरदार 'गेराल्ट' के रूप में नया चेहरा नजर आएगा। कहानी में युद्धग्रस्त दुनिया, जादू और राजनीतिक साजिशों के बीच येनिफर और सिरी की जुदाई इस सीजन का मुख्य केंद्र है।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में उत्सव का माहौल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी

# भाजपा की विचारधारा और सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना मकसद: खंडेलवाल



### पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल से सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मंत्री संगीता सोनी एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर मुलाकात की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी एवं प्रदेश मंत्री संगीता सोनी ने जनसंघ के संस्थापक सदस्य व एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल से भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह रावत, प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने भी सौजन्य भेंटकर नवीन दायित्व के लिए आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों ने प्रदेश संगठन में दिए गए दायित्व को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पार्टी नेतृत्व का आभार जताया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर पं. दीनदयाल और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलकर पार्टी को आगे बढ़ाना है।



#### आभार जताने के लिए आए

खुशी के अवसर पर हम यह गरबा करते हैं। हम आज यहां प्रदेश मंत्री संगीता सोनी के साथ भाजपा संगठन का आभार जताने के लिए आए हैं। हमें बहुत खुशी है कि संगीता सोनी को प्रदेश मंत्री बनाया गया है।
**संजय बाबर**, कार्यकर्ता

#### करीब 300 कार्यकर्ता आए

हम झाबुआ से सुबह 8:30 बजे भोपाल के लिए निकले थे और यहां शाम को 5 बजे पहुंचे है। आज हम यहां भाजपा संगठन का आभार व्यक्त करने आए है। हमारे साथ करीब 300 कार्यकर्ता आए हैं।
**महेश नागर**, कार्यकर्ता

#### अपनी खुशी जाहिर की है

हमारे क्षेत्र से प्रदेश मंत्री संगीता सोनी को बनाया गया है। इसी खुशी में हम सभी कार्यकर्ता यहां आभार जताने के लिए आए है। यहां हमने गरबा के माध्यम से अपनी खुशी जाहिर की है।
**गुड्डू बसूनिया**, कार्यकर्ता

#### सभी कार्यकर्ता यहां एकजुट हुए हैं

पूर्वजों से परंपरा रही है कि हम खुशी के अवसर पर आदिवासी गरबा करते हैं। आज हमारे लिए खुशी का दिन है और हम सभी कार्यकर्ता यहां एकजुट हुए है। बहुत अच्छा लग रहा है।
**रमेश मगन भूरिया**, कार्यकर्ता

### जनता की सेवा कर उनके दिल में बनाएं पार्टी के लिए स्थान



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी के साथ आए कार्यकर्ताओं को माल्यार्पण के बाद संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का संगठन जितना अधिक मजबूत होगा, हम जनता की सेवा उतने ही बेतहर तरीके से कर पाएंगे। पार्टी के सभी कार्यकर्ता जनता की सेवा कर उनके दिलों में पार्टी के लिए स्थान बनाएं। मध्यप्रदेश में भाजपा का संगठन आज हर-हर गांव व घर तक पहुंच चुका है। हमें भाजपा के लिए लोगों के दिलों में स्थान बनाना है।

### कार्यकर्ताओं ने जताया आभार

प्रदेश कार्यालय में प्रदेश मंत्री संगीता सोनी के साथ झाबुआ से आए करीब 300 कार्यकताओं ने आदिवासी गरबा करके भाजपा संगठन का आभार जताया। कार्यकताओं ने कहा कि उनके क्षेत्र से संगीता सोनी को प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी देने पर कार्यकर्ताओं द्वारा गरबा करके आभार जताया गया है।

---

**खबर संक्षेप**

### आज दोपहर 3 बजे होगी मोहन कैबिनेट की बैठक

**भोपाल।** मंगलवार को दोपहर 3 बजे मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक होगी। इस कैबिनेट में दर्जन भर से ज्यादा विषयों पर चर्चा की जाएगी। सीएम सचिवालय की ओर से मंत्री सदस्यों को सूचना दी गई है। महिला बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग के सबसे ज्यादा एजेंडे शामिल किए गए है। महिला बाल विकास में भर्ती की स्वीकृति का विषय शामिल है। इसके अलावा पोषण ट्रैकिंग एप के जरिए मानीटरिंग के प्रस्ताव पर भी चर्चा होगी। 3 हजार आंगनबाड़ियों को बनाए जाने के प्रस्ताव को भी शामिल किया गया है।

### कोदो- कुटकी उपार्जन के पंजीयन की तिथि बढ़ी

**भोपाल।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने किसानों के हित में कोदो- कुटकी उपार्जन के लिए पंजीयन की तिथि 31 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी है। रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा 16 जिलों जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, शहडोल, मैहर, सतना, मऊगंज, बालाघाट एवं सिवनी आदि में कोदो एवं कुटकी उपार्जन किया जाना है। खरीफ वर्ष 2025 में ई-उपार्जन पोर्टल पर 10 से 24 अक्टूबर तक पंजीयन किए जाने का निर्णय लिया गया था।

---

## समाज-संस्कृति-संस्कारों को पल्लवित कर रहा गायत्री परिवार

## मुख्यमंत्री ने युवा चिंतन शिविर के शुभारंभ-सत्र को किया संबोधित

# आत्म, राष्ट्र और युग निर्माण के लिए युवा चिंतन शिविर का होना अत्याधिक गर्व का विषय: डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि जिस प्रकार हृदय, शरीर के रक्त को शुद्ध कर हमारी आयु बढ़ाता है, उसी प्रकार गायत्री परिवार समाज-संस्कृति-संस्कारों को पुष्पित-पल्लवित कर नई ऊर्जा का संचार कर रहा है। प्रांतीय युवा चिंतन शिविर के माध्यम से आत्म निर्माण-राष्ट्र निर्माण और युग निर्माण की यह गतिविधियां देश के दिल में बसे मध्यप्रदेश से संचालित हो रही हैं। हम सबको इस पर गर्व है। डॉ यादव सोमवार को शारदा विहार विद्यालय में आयोजित अखिल विश्व गायत्री परिवार के तीन दिवसीय प्रांतीय युवा चिंतन शिविर के शुभारंभ-सत्र को संबोधित कर रहे थे।



#### राम और कृष्ण के जीवन प्रसंग पाठ्यक्रमों में शामिल

सीएम ने कहा कि बदलते दौर में भारतीय संस्कृति के सामने चुनौतियां हैं, परंतु भारत और विश्व में गायत्री परिवार की अखंड ज्योति भी प्रज्ज्वलित है। गायत्री परिवार, सर्वे भवंतु सुखिनः की भावना को ही अपना धर्म मानकर कार्य कर रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, नारी उत्थान, पर्यावरण, ग्राम विकास और नशा मुक्ति के क्षेत्र में गतिविधियों के माध्यम से धर्म सेवा और राष्ट्र निर्माण का कार्य निरंतर जारी है।

#### हम बदलेंगे, युग बदलेगा की भावना परिवार का आधार

गायत्री परिवार के डॉ चिन्मय पंड्या ने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार कोई संस्था नहीं बल्कि एक जीवन दर्शन है। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने गायत्री मंत्र को केवल जप नहीं बल्कि जीवन की दिशा बनाया। उन्होंने सिखाया कि युग परिवर्तन का आरंभ व्यक्ति के भीतर से होता है। उन्होंने 'हम बदलेंगे युग बदलेगा' की सीख देते हुए बताया कि जब मनुष्य स्वयं सुधरता है तो परिवार सुधरता है। परिवार सुधरता है तो समाज बदलता है और समाज बदलता है तो राष्ट्र बदलता है। यही गायत्री परिवार के विचार का आधार है। भगवती देवी शर्मा ने इस विचार को मातृत्व का स्वर दिया और सेवा को साधना बना दिया।

#### 1 से 15 नवंबर तक विकासात्मक गतिविधियों का होगा संचालन, जनजातीय नायकों पर केंद्रित होंगी प्रदर्शनियां

## जनजातीय गौरव दिवस के रूप में भव्यता के साथ मनाएं बिरसा मुंडा जयंती: मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वें जयंती वर्ष के समापन अवसर पर 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस भव्यता से मनाया जाए। साथ ही एक नवम्बर से 15 नवम्बर तक ग्राम पंचायतों से राजधानी स्तर तक विभिन्न गतिविधियों का संचालन हो। स्वतंत्रता के लिए संघर्ष में भगवान बिरसा मुंडा के योगदान पर शिक्षण संस्थाओं में गतिविधियां संचालित की जाएं। प्रदेश के विभिन्न अंचलों में सक्रिय रहे जनजातीय नायकों पर केन्द्रित प्रदर्शनियां लगाई जाएं। स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समुदाय के योगदान पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध, भाषण, क्विज और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन हो। डॉ यादव ने जनजातीय गौरव दिवस के संबंध में मुख्यमंत्री निवास



स्थित समत्व भवन में सोमवार को आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि स्व-सहायता समूहों के सम्मेलन, हस्तशिल्प की प्रदर्शनी और लोक कलाओं पर केन्द्रित गतिविधियों का भी आयोजन किया जाए। जनजाति बहुल क्षेत्रों में इस अवधि में लगने वाले मेलों में स्वतंत्रता सेनानियों से संबंधित विषय-वस्तु का प्रदर्शन किया जाए। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के समापन अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों में शासकीय कल्याणकारी कार्यक्रमों और विकास गतिविधियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए भी गतिविधियां हों। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य गुलशन बामरा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज जलवायु परिवर्तन और सतत् विकास वैचारिक संगोष्ठी में होंगे शामिल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 12 बजे जलवायु परिवर्तन और सतत विकास वैचारिक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। संगोष्ठी का आयोजन राज्य नीति आयोग, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और एप्को के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। नर्मदा समग्र, सिकोईडिकोन, पैरवी और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय कार्यक्रम के सह-आयोजक हैं। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के समाधान में राज्यों की भूमिका पर विमर्श करना और व्यक्ति, समाज एवं सरकारों की सहभागिता से सतत विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है। जलवायु संकट, जो जल, जंगल, जमीन, जैव विविधता और मानव जीवन के सभी पहलुओं को प्रभावित कर रहा है और वर्तमान समय की गंभीर चुनौती है। यह संगोष्ठी नवंबर 2025 में ब्राजील में होने वाले संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के लिए पूर्व परामर्श का कार्य करेगी। इसके सुझाव और विचार सीओपी30 के अंतरराष्ट्रीय मंच पर साझा किए जाएंगे। मध्यप्रदेश इस चर्चा को शुरू करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है।

---

#### एर्राबोर थाना क्षेत्र का मामला, पहचान के प्रयास तेज

## राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मिला युवक का शव, जांच जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर एक युवक का शव मिलने से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही एर्राबोर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस फिलहाल मृतक की शिनाख्त करने और मामले की तह तक जाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सुकमा जिले के एर्राबोर थाना क्षेत्र के ग्राम मुलाकिसोली के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सड़क किनारे एक युवक का शव बरामद हुआ। शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई।

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। घटना की जानकारी मिलते ही एर्राबोर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही, मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने मृतक की तस्वीर सभी थानों और चौकियों में भेज दी है, ताकि उसकी पहचान की जा सके।

### अज्ञात महिला का शव बरामद

*बलौदाबाजार-भाटापारा। जिले में एक बार फिर सनसनीखेज वारदात सामने आई है। थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुडगहन नाला में एक अज्ञात शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार की प्रातः स्थानीय ग्रामीणों ने नाला किनारे एक शव पड़ा देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस दल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में यह शव किसी महिला का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा ग्रामवासियों से पूछताछ की जा रही है एवं पंचनामा कार्यवाही के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि शव कितने दिन पुराना है या मौत किन परिस्थितियों में हुई, परंतु घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। लगातार जिले में अज्ञात शवों के मिलने से क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और कहा है कि जांच पूरी होते ही विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।*

#### जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम के किए दर्शन, मांगा आशीर्वाद

## मुख्यमंत्री सायं सपत्नीक पहुंचे भगवान जगन्नाथ मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार सुबह 8:30 बजे कुनकुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर महाप्रभु श्री जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम जी के दर्शन किए। मुख्यमंत्री ने अपनी पत्नी कौशल्या साय के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि, शांति और कल्याण की मंगल कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में श्री जगन्नाथ सेवा समिति कुनकुरी द्वारा मंगलवार से 5 नवम्बर तक चलने वाले तुलसी अर्चन कार्यक्रम में भी भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने भगवान जगन्नाथ को 51 हजार तुलसी दल अर्पित कर विशेष पूजन किया। साथ ही वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रदेश की प्रगति, समरसता और जनकल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान में ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एकता और भक्ति



के सूत्र में बांधते हैं। उन्होंने समिति को इस पावन आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, अन्य जनप्रतिनिधियों, स्थानीय नागरिकों, पुजारीगण एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान पूरा वातावरण जय जगन्नाथ के उद्घोष से गूंज उठा।

## मध्यप्रदेश कांग्रेस में पॉडकास्ट प्रतिस्पर्धा का जोश हाई, पटवारी का वॉइस ऑफ वॉइसलेस

**भोपाल।** कांग्रेस के दो कद्दावर नेताओं के बीच सोशल मीडिया पॉडकास्ट प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस दफ्तर में हाल ही में 'वॉइस ऑफ वॉइसलेस' पॉडकास्ट को लेकर स्टूडियो तैयार किया गया है। जिस पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित अन्य नेता अपनी बात जनता तक पहुंचाएंगे। जैसे ही यह खबर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार तक पहुंची तो उन्होंने भी अपना पॉडकास्ट 'जनपक्ष ' शुरू करने की तैयारी कर ली है। सिंघार के इस पॉडकास्ट का पहला एपिसोड एक नवंबर को प्रसारित होगा। इन दोनों में से कौन-सा पॉडकास्ट जनता के बीच अधिक प्रभाव छोड़ता है, यह भी प्रतिस्पर्धा का हिस्सा माना जा रहा है। पीसीसी अपना चैनल दो-तीन दिन में लांच कर देगी, जबकि नेता प्रतिपक्ष एक नवंबर को इसे लांच करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री डॉ. संजय कांमले ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के दफ्तर में स्टूडियो का निर्माण कांग्रेसजनों के सहयोग से किया जा रहा है, जिन्होंने आर्थिक मदद देकर स्टूडियो बनाया गया है। मध्यप्रदेश में यह पहली बार हो रहा है कि पार्टी अपना पॉडकास्ट चैनल लॉन्च कर रही है।

## नक्सली साजिश नाकाम आईईडी बम किया बरामद

**सुकमा।** फूलबगड़ी इलाके में सुरक्षाबलों ने एक बड़ी नक्सली साजिश को नाकाम किया है। फूलबगड़ी-बड़ेशेट्टी मार्ग किनारे करीब 40 किलो वजनी आईईडी बम बरामद किया गया, जिसे माओवादियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाने की नीयत से प्लांट किया था। गश्त पर निकले जिला पुलिस बल और 159वीं बटालियन सीआरपीएफ के जवानों ने समय रहते इस विस्फोटक का पता लगाया और बम निरोधक दस्ते की मदद से सुरक्षित तरीके से डिस्पोजल कर दिया। सौभाग्य से किसी भी जवान या आम नागरिक को कोई नुकसान नहीं हुआ।


### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 468 दिनांक 22.10.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
नाम - दीपक
पिता/पति- पुत्र अशोक खुराना
पता - निवासी कमला नगर रोहतक
उम्र- 33 वर्ष
कद- 5 फुट 6 इंच ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर।
पहनावा – टी शर्ट व लोवर पहने हुए है ।

दिनांक 22.10.25 को दीपक पुत्र अशोक खुराना निवासी कमला नगर रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक - 8814038021

पीआरडीएच-1084/11/4060/2026/39816/88/7 दि. 28.10.25



### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह में 12 अदद लिफ्टों (मेक ओरबिस) हेतु व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के प्रावधान के लिए निविदा। | 30.10.2025 09.11.2025 | 24.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 2 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह में कैफेटेरिया के लिए कैंटीन सेवाओं के प्रावधान हेतु निविदा। | 30.10.2025 24.11.2025 | 15.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 3 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान, पंचकूला, हरियाणा | ई-रिक्शा की अधिप्राप्ति। | 28.10.2025 26.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज नारनौल | गांव भराफ ब्लॉक कनीना, जिला महेन्द्रगढ़ में आईपीबी फिरनी का निर्माण + 1 कार्य। | 27.10.2025 04.11.2025 | 62.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | राजकीय स्टोर में विभिन्न आकार के पीवीसी सक्शन ग्रीन होज पाइप की आवश्यकता। | बंद होने की तिथि 03.11.2025 | 0.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/100/39818/I/88/7 दि. 28.10.25

## चिंतन

# मोदी सरकार ने कर्मचारियों के हित में लिया बड़ा फैसला

सरकारी कर्मचारी समाज और सरकार के लिए बहुत ज़रूरी हैं, क्योंकि वे सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करते हैं, जो समाज के सुचारू कामकाज के लिए आवश्यक हैं। वे शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कानून व्यवस्था और बुनियादी ढांचे जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करके देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। सरकारी कर्मचारी ही देश में कानून और व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे समाज में स्थिरता और सुरक्षा बनी रहती है। वे सरकार की नीतियों और विकास योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर लागू करते हैं, जिससे समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिल सके। कर्मचारी सरकारी विभागों, संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों के माध्यम से रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था में योगदान करते हैं। ऐसे में सरकार का भी दायित्व बनता है कि समय-समय पर कर्मचारियों के हितों और उनकी जरूरतों को पूर्ण किया जाए। ऐसा ही कदम केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने मंगलवार को उठाया है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी है। यह आयोग केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन, भत्ते, पेंशन और अन्य लाभों की समीक्षा करेगा और उसी के आधार पर सैलरी में बढ़ोतरी की सिफारिश करेगा। आयोग को अपनी रिपोर्ट साल 2026 तक सौंपनी होगी। आमतौर पर वेतन आयोग का गठन हर दस साल में किया जाता है। पिछला यानी 7वां वेतन आयोग 2014 में बना था और इसकी सिफारिशें 2016 में लागू की गई थीं। केंद्र सरकार द्वारा गठित वेतन आयोग एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति होती है, जिसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों के वेतन और भत्तों की समीक्षा कर उन्हें वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों के अनुसार न्यायोचित बनाना होता है। यह आयोग सुनिश्चित करता है कि कर्मचारियों को ऐसा वेतन मिले, जिससे वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। इसके अलावा यह पेंशन, महंगाई भत्ता, चिकित्सा और आवास जैसी सुविधाओं से जुड़ी नीतियों में सुधार की सिफारिशें भी करता है। वेतन आयोग का गठन सामान्यतः हर 10 वर्ष में एक बार किया जाता है। हालांकि, यह कोई अनिवार्य नियम नहीं है। सरकार आर्थिक स्थिति, महंगाई और राजकोषीय जरूरतों को देखते हुए इसे पहले या बाद में भी गठित करती रही है। वेतन आयोग का लाभ केवल उन्हीं कर्मचारियों को मिलता है, जिन्हें केंद्र सरकार के कंसोलिडेटेड फंड से वेतन प्राप्त होता है। यानी, केंद्रीय सिविल सेवाओं के सभी अधिकारी और कर्मचारी इसके दायरे में आते हैं। इसके बाद राज्य सरकारें भी अपने कर्मचारियों के लिए केंद्र की तर्ज पर ही वेतन संशोधन का कार्य करती हैं। वेतन आयोग देखता है कि पिछले वर्षों में महंगाई दर कितनी बढ़ी है और इसका कर्मचारियों की जीवनशैली पर क्या असर पड़ा है। महंगाई बढ़ने पर आयोग वेतन वृद्धि का अनुपात उसी अनुसार तय करता है। आयोग यह भी देखता है कि कर्मचारियों की उत्पादकता और कार्यकुशलता में कितना सुधार आया है। यदि प्रदर्शन बेहतर है, तो सिफारिशों में इसका असर दिखाई देता है। आयोग निजी क्षेत्र में मिलने वाले वेतन का भी अध्ययन करता है, ताकि सरकारी और निजी कर्मचारियों के बीच अत्यधिक असमानता न रहे। इसका देश की अर्थव्यवस्था पर भी खासा प्रभाव पड़ता है। जब कर्मचारियों की जेब में पैसा होता है तो बाजार में खरीददारी ज्यादा होती है। इससे अर्थव्यवस्था को भी लाभ होता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस बार भी वेतन आयोग की रिपोर्ट के बाद कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले होने वाली है।

# शताब्दी का पर्व, राष्ट्र चेतना का उत्सव



**आरएसएस के सौ वर्ष**
कैप्टन अभिमन्यु

> संघ की शताब्दी केवल एक इतिहास नहीं, बल्कि एक सतत चलने वाली साधना है। यह देश और समाज प्रेम की भावना को कूट-कूट कर भरती है। संघ की यह यात्रा हर भारतवासी को प्रेरित करती है कि वह अपने जीवन में सेवा, अनुशासन और समर्पण के आदर्शों को अपनाए। यही मूल मंत्र भारत को विश्वगुरु बनाएगा और दुनिया में भारत की पताका फहराएगी। इसके लिए संघ के स्वयंसेवक हमेशा तत्पर हैं और भारत जैसे विशाल देश को आत्मनिर्भर, मजबूत और सशक्त बनाने की भावना के साथ लगातार तत्परता से काम कर रहे हैं। "चरैवेति चरैवेति" यही संघ का मूल मंत्र है। निरंतर कर्म, निरंतर सेवा, और निरंतर राष्ट्र के प्रति समर्पण यही भारत की शक्ति है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होना सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए गर्व और गौरव का विषय है। यह केवल एक संगठन की शताब्दी नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, संगठन, सेवा, संस्कृति और संस्कारों की सौ वर्षीय साधना का उत्सव है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर, 1925 को डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने विजयादशमी के दिन नागपुर में की थी। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा प्रज्ज्वलित वह दीप आज करोड़ों स्वयंसेवकों के जीवन में त्याग, अनुशासन और समर्पण का आलोक बन चुका है। संघ की शताब्दी केवल एक इतिहास नहीं, बल्कि एक सतत चलने वाली साधना है। जो पीढ़ी दर पीढ़ी में राष्ट्र-प्रेम, भाईचारे और समाज सेवा की भावना का संचार करती है। यह देश और समाज प्रेम की भावना को कूट-कूट कर भरती है।

संघ से प्रेरित हर शख्स देश, समाज और राष्ट्र सेवा के लिए हमेशा तैयार रहता है। संघ के स्वयंसेवक देश और समाज के लिए हमेशा सजग रहते हैं। परिस्थितियां चाहें कैसी भी हो, संघ के स्वयंसेवक देशप्रेम की भावना से कभी विमुख नहीं होते। देश के लिए हमेशा कुछ कर गुजरने का जज्बा इनमें देखते ही बनता है। निरंतर कर्म का शाश्वत संदेश संघ की यात्रा हमारे ऋषि-मुनियों की उस अमर वाणी का स्मरण कराती है।"चरैवेति... चरैवेति...", अर्थात रुकना नहीं, थकना नहीं, हारना नहीं। यही सतत कर्म और निस्वार्थ सेवा का भाव संघ की आत्मा है। संघ के स्वयंसेवक इस भावना को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर समाज के प्रत्येक वर्ग तक राष्ट्र सेवा का प्रकाश पहुंचा रहे हैं। यह वही भाव है, जिसने हर कठिन परिस्थिति में संघ को और अधिक सशक्त बनाया है। चाहे देश का विभाजन काल हो, प्राकृतिक आपदाएं हों या समाज के भीतर फैला विषमता का अंधकार, स्वयंसेवक सदैव राष्ट्रसेवा में अग्रणी रहे हैं। उनमें समाज सेवा के लिए किसी भी हद जक जाने का जज्बा हमेशा विद्यमान रहा है। जो उनकी सेवा और समर्पण को दर्शाता है। यह सौ साल यानी वर्ष 1925 से चली आ रही परंपरा आज भी निर्बाध गति से जारी है। यह एक साधना है। इसमे तपकर निकले सेवकों ने हमेशा देश और समाज का मान बढ़ाया है। दुनिया में देश की पताका फहराने का काम किया है। यही हिम्मत और जोश इन्हें आमजन से अलग बनाता है। सेवा, संगठन और संस्कार की अद्भुत त्रिवेणी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पिछले सौ वर्षों में समाज जीवन के हर क्षेत्र में सृजनात्मक भूमिका निभाई है। संघ की प्रेरणा से देशभर में हजारों सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक संगठन कार्यरत हैं। जो समाज में महती भूमिका निभा रहे हैं। विद्या भारती ने संस्कारयुक्त और राष्ट्रनिष्ठ शिक्षा प्रणाली को जन-जन तक पहुंचाया। इससे हजारों युवा शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन को सफल बना चुके हैं। आज भी बच्चे और युवा संघ के स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर समाज और देश सेवा के लिए आगे आ रहे हैं। सेवा भारती ने निर्धन, वंचित और आपदा-ग्रस्त लोगों के जीवन में आशा की किरण जगाई। इसके जरिये समाज के गरीब और वंचित तबके को आगे लाकर मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया जा रहा है। इसके लिए संघ सेवक हमेशा तैयार हैं और हर लड़ाई लड़ने के लिए सज हैं। ग्रामोदय अभियान और एकात्म मानव दर्शन पर आधारित कार्यों ने स्वावलंबी



भारत की नींव रखी। इसके जरिये ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की धारा से जोड़ने के लिए सभी संभव प्रयास किए गए हैं। कहा जाता है शहर के विकास का रास्ता गांवों से ही होकर गुजरता है। आरएसएस ने इस भावना को और आगे बढ़ाया और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए ग्रामोदय अभियान शुरू किया और गांवों के विकास के पथ पर आगे बढ़ाया। राष्ट्र सेविका समिति ने मातृशक्ति को संगठन और नेतृत्व के केंद्र में स्थापित किया। इसका उद्देश्य महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें राष्ट्र निर्माण में शामिल करना है। "संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक यह मानता है कि संगठन की शक्ति ही राष्ट्र की शक्ति है। जब समाज संगठित होता है, तब राष्ट्र सशक्त होता है।" इसलिए नारी सशक्तिकरण भी बेहद जरूरी है। इसी भावना को देखते हुए राष्ट्र सेविका समिति लगातार महिलाओं को मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। आज भारत "वसुधैव कुटुम्बकम" के मंत्र के साथ विश्व मंच पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस विचार की जड़ें संघ के संस्कारों में गहराई तक विद्यमान हैं। संघ ने विश्व भर में भारतीय संस्कृति, परिवार मूल्यों और सामाजिक एकता का संदेश पहुंचाया है। विदेशों में भी हजारों स्वयंसेवक भारतीय जीवन-दृष्टि के प्रचारक बनकर "भारत की आत्मा" को जीवित रखे हुए हैं। यह वही विचारधारा है जो कहती है कि "हम सब एक परिवार हैं, हमारा सुख और दुःख समाज के सुख-दुःख से जुड़ा है।" यही भावना विश्व पटल पर भारतीय दृष्टि की पहचान है। इसी धारणा को लेकर संघ ने दुनिया में भारत का नाम चमकाया है। अपनी संस्कृति से दुनिया को अवगत करवाया और देश में सामाजिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। इससे एकता और भाईचारे की भावना बढ़ी और लोगों में एक दूसरे पर विश्वास कायम हुआ। अब जब भारत "अमृत काल" में प्रवेश कर चुका है, तब संघ की भूमिका और भी व्यापक होती जा रही है। अब जिम्मेदारियां और बड़ी हैं। इनको समय पर पूरा करना और देश को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाना जैसी चुनौतियों को समय पर पूरा करना होगा। तभी अमृतकाल का यह समय सार्थक होगा और हर भारतीय गर्व से कह सकेगा की मैं अब आत्मनिर्भर हूं। अब संघ का उद्देश्य केवल संगठन निर्माण ही नहीं है, बल्कि एक सशक्त, आत्मनिर्भर और संस्कारित भारत का निर्माण करना है। संघ का संकल्प है कि आने वाले सौ वर्षों में भारत को पुनः विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठित किया जाए और भारत दुनिया में अग्रणी भूमिका निभाए। इसके लिए संघ लगातार दृढ़ता के साथ काम कर रहा और आगे बढ़ रहा है। संघ के स्वयंसेवक देश के हर कोने में यह संदेश लेकर आगे बढ़ रहे हैं कि सेवा ही धर्म है। राष्ट्र ही सर्वोपरि है और संगठन ही शक्ति है।

यह एक सतत साधना का शतक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी केवल बीते सौ वर्षों का स्मरण नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों का संकल्प भी है। यह उस जीवन दृष्टि का उत्सव है, जिसमें व्यक्ति का जीवन समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित होता है। संघ की यह यात्रा हर भारतवासी को प्रेरित करती है कि वह अपने जीवन में सेवा, अनुशासन और समर्पण के आदर्शों को अपनाए। यही मार्ग भारत को सशक्त, समरस और आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके लिए संघ के स्वयंसेवक हमेशा तत्पर हैं और भारत जैसे विशाल देश को आत्मनिर्भर, मजबूत और सशक्त बनाने की भावना के साथ लगातार तत्परता से काम कर रहे हैं। यही मूल मंत्र भारत को विश्वगुरु बनाएगा और दुनिया में भारत की पताका फहराएगी। "चरैवेति चरैवेति" यही संघ का मूल मंत्र है। निरंतर कर्म, निरंतर सेवा, और निरंतर राष्ट्र के प्रति समर्पण यही भारत की शक्ति है।

( लेखक पूर्व वित्त मंत्री, हरियाणा एवं सामाजिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दो टूक
उमेश चतुर्वेदी



# वीजा नियमों के उल्लंघन की छूट किसी को नहीं

दीपावली के अगले दिन यानी 21 अक्टूबर की सुबह भारत के अखबार दिल्ली समेत समूचे उत्तर भारत की दमघोटूं जहरीली हवा की खबरों से भरे हुए थे। उन्हीं खबरों के बीच एक छोटा-सा समाचार अखबारों के पन्नों के बीच खो गया था। खबर यह थी कि लंदन में रह रही इतालवी मूल की हिंदी विद्वान फ्रांचेस्का ओरसिनी को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ही हांगकांग वापस भेज दिया गया। भारतीय मनीषा के बीच फ्रांचेस्का का नाम उनके हिंदी और उर्दू अध्ययन के लिए जाना-पहचाना है। लिहाजा इस समाचार को हिंदी का बौद्धिक समाज ले उड़ा। वामपंथ वर्चस्व वाले भारत के बौद्धिक समाज के लिए यह समाचार अहर्निश रूदन की अगली कड़ी साबित हुआ। सोशल मीडिया का हर मंच ओरसिनी की वापसी को लेकर सरकार पर हमलों से भर उठा। एक कहावत है, कौवा कान ले उड़ा। हिंदी के बौद्धिक समाज की हालत भी कुछ वैसी ही है। साहित्य की चाहे जितनी भी किताबें वह पढ़ ले, लेकिन ज्ञान के दूसरे अनुशासनों में उसकी वैसी गति नहीं है। दिलचस्प यह है कि हिंदी का समाज इन दिनों शोध से भी उफन रहा है, लेकिन किसी ने यह जानने की कोशिश नहीं कि आखिर ओरसिनी को अधिकारियों ने क्यों हवाई अड्डे से ही वापस भेज दिया। भारत सरकार के अधिकारियों की भी गलती रही कि उन्होंने ओरसिनी को वापस भेजने की नैरेटिव केंद्रित हो चुके भारतीय समाज के लिए संभावित गंभीरता को नहीं समझा। उन्हें तत्काल इसकी जानकारी देनी चाहिए कि भारत विद् के तौर पर विख्यात ओरसिनी को वापस क्यों भेजा। हिंदी के बौद्धिक समाज के कुछ कूपमंडूक टाइप लोगों की नजर में ओरसिनी की वापसी केंद्र सरकार के डर को जाहिर करता है। कुछ ने तो उनके हिंदी और उर्दू के तुलनात्मक अध्ययन को भी इसका कारण मान लिया। अधिकारियों का ओरसिनी को वापस भेजते वक्त इन तथ्यों की ओर ध्यान गया या नहीं, लेकिन हिंदी का बौद्धिक समाज तरह-तरह की बातें बताने लगा। उसकी नजर में चूंकि ओरसिनी उर्दू और हिंदी के बीच जिस तरह के संबंधों की व्याख्या करती हैं, इसलिए वह मौजूदा कथित हिंदुत्ववादी सरकार को परेशानी है। किसी ने यह जानने की कोशिश नहीं कि वीजा को लेकर राष्ट्रों के कैसे-कैसे नियम हैं। जरा दूसरे देशों में वीजा नियमों का उल्लंघन करके देखिए, लोकतंत्र का परचम फहराने और दुनिया को लोकतंत्र की ताकीद करने वाले देश अमेरिका हो या ब्रिटेन या ऑस्ट्रेलिया या फिर यूरोप के दूसरे देश, आपने वीजा नियमों का उल्लंघन किया नहीं कि आपको वहां से दर-बदर कर दिया जाएगा। इस्लामी और तानाशाही शासन व्यवस्था वाले देशों की बात तो इससे भी आगे है। इसमें दो राय नहीं है कि 'द हिंदी पब्लिक स्फेयर, 1920-1940' और 'प्रिंट एंड प्लेजर' ओरसिनी की बहुचर्चित और गंभीर पुस्तकें हैं। द हिंदी पब्लिक स्फेयर उनकी सबसे प्रसिद्ध पुस्तकों में से एक है, जो आधुनिक भारतीय साहित्यिक अध्ययन में मील का पत्थर मानी जाती है। 1920 से 1940 के बीच हिंदी किस तरह भारत के विकसित हो रहे राष्ट्रवाद और उसके समाज के मूल्यों को स्थापित करने का वाहक बन रही थी, इस पुस्तक में इसकी गहन मीमांसा है। इसी तरह उन्होंने प्रिंट एंड प्लेज़र नामक पुस्तक में औपनिवेशिक काल के उत्तरी भारत में हिंदी और उर्दू के वाणिज्यिक प्रकाशनों का विश्लेषण किया है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे वीजा नियमों का उल्लंघन करें। वे भारत की नागरिक नहीं हैं। लंदन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओरिएंटल स्टडीज की प्रोफेसर ओरसिनी भले ही जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में पढ़ी हैं, भले ही हिंदी पर उनका अधिकार है। इसका मतलब यह नहीं है कि भारतीय कानूनों का उल्लंघन करें। बेशक उनके पास भारत का पांच साल का पर्यटक वीजा है। लेकिन भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और गृहमंत्रालय की नजरों में उन्होंने वीजा नियमों का उल्लंघन किया है। वह पर्यटक वीजा पर भारत आती रहीं, लेकिन शोध और अध्ययन में शामिल रहीं। भारत के अधिकारियों ने जब उनकी गतिविधियों की समीक्षा की तो उन्हें वीजा नियमों का उनके द्वारा उल्लंघन की बात सामने आई। लिहाजा बीते मार्च में उन्हें ब्लैक लिस्टेड घोषित कर दिया। हिंदी के कुछ बौद्धिकों को भारत सरकार की इस कार्रवाई से शर्म आ रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा और नियमों के उल्लंघन को लेकर अधिकारियों को जरूरी कदम उठाने का पूरा अधिकार है। ओरसिनी के मामले को इन्हीं संदर्भों में देखा और परखा जाना चाहिए। जिन्हें हांगकांग वापस भेज दिया, इसलिए कि वे हांगकांग से ही भारत आई थीं।

( ये उनके अपने विचार हैं।)

# बहुत-सी परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित
**दर्शन**

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

# योजना बनाकर किए काम में मिलती है सफलता



संकलित
**प्रेरणा**

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी। वानर सेना ने रावण से युद्ध में भी श्रीराम का साथ दिया था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पराली का हो उचित प्रयोग

पराली को जलाना वायु को तो प्रदूषित करती ही है, साथ ही खेतों की उपजाऊ क्षमता को भी कम करती है। किसानों को यह समझना और समझाना जरूरी है कि अगर वो पराली को ऐसे ही जलाते रहेंगे तो उनके खेत बंजर भी हो सकते हैं। अमेरिका की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉन हॉफस्ट्रैंड के अनुसार हम जिस पराली को परेशानी समझ रहे हैं, वह ऊर्जा का बेशकीमती स्रोत है। धान, मक्का, गेहूं जैसी फसलों के अवशेष का इस्तेमाल फाइबर बोर्ड और कागज बनाने में किया जा सकता है। अगर पेपर इंडस्ट्री में इसका इस्तेमाल हो तो कागज बनाने के लिए जरूरी फाइबर का लगभग चालीस फीसदी हिस्सा फसलों के अवशेष से मिल सकता है। इस तरह पराली का सही उपयोग सुनिश्चित बनाना होगा। – *महेश सराफ, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### राष्ट्र निर्माण में योगदान



विकसित भारत युवा नेता संवाद 2.0 हमारे युवाओं के लिए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का एक शानदार अवसर है। हमारे युवाओं के विचार और अंतर्दृष्टि, विकसित भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### महाझूठ का पुलिंदा



महागठबंधन का घोषणापत्र "महाझूठ का पुलिंदा" है। बिहार की जनता को गुमराह करने, धोखा देने और भ्रष्टाचार व जंगलराज को वापस लाने की साजिश! जनता ने पहले ही इनके हर झूठे वादे को नकार दिया है।
- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

### आदिवासियों की आवाज



खुद को आदिवासियों की हितैषी बताने वाली हेमंत सरकार अब उन्हीं की आवाज़ को दबाने के लिए बर्बरता पर उतर आई है। अपनी मांगों के लिए ने स्थानीय विधायक के आवास पर जाने की कोशिश की, तो उन्हें रोकने के लिए धारा 144 लागू कर दी।
-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

### एसआईआर प्रक्रिया



करीब 20 साल पहले भी एसआईआर प्रक्रिया हुई, तब कोई विरोध नहीं हुआ। अब चुनाव आयोग ने ही ऐसा माहौल बना दिया जिससे आमजन के मन में शक पैदा हुआ है। एसआईआर से जनता के मन में मताधिकार छीनने की आशंका पनप गई है।
-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर

# द. अफ्रीका तीन साल बाद 'ग्रे सूची' से बाहर निकला




दक्षिण अफ्रीका को करीब तीन साल बाद वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की संदिग्ध (ग्रे) सूची से बाहर निकलने में सफलता मिली है। वैश्विक धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण निगरानी संस्था ने पिछले सप्ताह पेरिस में अपनी तीन दिवसीय पूर्ण बैठक के समापन के बाद इस निर्णय की घोषणा की। एफएटीएफ की संदिग्ध सूची में शामिल देशों पर कड़ी निगरानी रखी जाती है और ऐसे देशों को धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण आदि का मुकाबला करने के लिए रणनीतिक कमियों को दूर करना होता है। दक्षिण अफ्रीका के वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'गत 32 महीनों में, दक्षिण अफ्रीका ने कार्य योजना की प्रगति का आकलन करने के लिए एफएटीएफ द्वारा नियुक्त समीक्षकों की एक टीम के साथ काम किया है।'बयान के मुताबिक, 'इस सहयोग की वजह से जुलाई 2025 के अंत में समीक्षकों ने मौके का मुआयना किया। इस दौरान समीक्षक सुधारों की स्थिरता की पुष्टि करने के लिए यहां आए और उनके द्वारा तैयार रिपोर्ट एफएटीएफ के समक्ष प्रस्तुत की गई।' बयान में कहा गया कि एफएटीएफ को आश्वासन दिया गया कि सरकार धन शोधन निरोधक और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने (एएमएल/सीएफटी) वाली प्रणाली में स्थायी सुधार के लिए प्रतिबद्धता है।

## ऑफ बीट

# 'चैटजीपीटी एटलस' से इंटरनेट ब्राउजिंग का नया दौर होगा शुरू




ओपनएआई ने पिछले सप्ताह 'चैटजीपीटी एटलस' नामक वेब ब्राउज़र पेश किया जिसे इंटरनेट के साथ हमारी बातचीत के तरीके को पूरी तरह बदलने वाला कदम बताया जा रहा है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन ने इसे "दशक में एक बार मिलने वाला अवसर" बताते हुए कहा कि यह लोगों के इंटरनेट उपयोग के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करेगा। एटलस को इस तरह से तैयार किया गया है कि यह उपयोगकर्ता के साथ हर वेबसाइट पर सक्रिय रहे, उनकी पसंद याद रखे, लेखों का सारांश दे और फ्लाइट बुक करने या किराने का सामान ऑर्डर करने जैसे कार्य तक स्वचालित रूप से पूरा करे। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि इस अत्याधुनिक तकनीक के पीछे गंभीर सुरक्षा और गोपनीयता संबंधी खतरे छिपे हैं, जिनसे आम उपयोगकर्ता निपटने के लिए तैयार नहीं हैं। 'एजेंट मोड' : सुविधा के साथ जोखिम एटलस की सबसे बड़ी खासियत इसका "एजेंट मोड" है, जो चैटजीपीटी को उपयोगकर्ता की ओर से वेब पर अर्ध-स्वायत्त रूप से कार्य करने की अनुमति देता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई उपयोगकर्ता कहे "मेरे पास के किसी कॉकटेल बार में टेबल बुक करो", तो यह सुविधा न केवल विकल्प ढूंढेगी, बल्कि स्वतः बुकिंग करने का प्रयास भी करेगी।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।






बिहार का 'तेजस्वी प्रण', महागठबंधन ने वादों की लगाई झड़ी

# 20 माह में परिवार के हर सदस्य को नौकरी, 200 यूनिट बिजली फ्री

*बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। 'बिहार का तेजस्वी प्रण' शीर्षक से महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी किया है। इसके मौके पर महागठबंधन के सीएम उम्मीदवार तेजस्वी यादव सहित सहयोगी दलों के नेता मंच पर उपस्थित थे।*

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। 'बिहार का तेजस्वी प्रण' शीर्षक से महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी किया है। इसके मौके पर महागठबंधन के सीएम उम्मीदवार तेजस्वी यादव सहित सहयोगी दलों के नेता मंच पर उपस्थित थे। घोषणापत्र में 20 महीने के अंदर परिवार के हर सदस्य को नौकरी, 200 यूनिट फ्री बिजली, जीविका सीएम दीदियों को नियमित करने और ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने सहित कई बड़े वादे किए गए हैं। तेजस्वी ने साझा घोषणापत्र को जारी करते हुए कहा कि एक-एक घोषणा दिल से लिया हुआ प्रण है। हमें प्रण को प्राण खोकर भी पूरा करने पड़े तो हम अपने प्रण को पूरा करेंगे। जब भी कोई बिहारी ठान लेता है तो उसको पूरा करता है। हम सब लोग नौजवान हैं, बिहार को अव्वल राज्यों में हम देखना चाहते हैं, विकसित बिहार देखना चाहते हैं।




### बिहार 20 साल में पीछे चला गया: खेड़ा

*इस मौके पर पवन खेड़ा ने कहा कि महागठबंधन ने सबसे पहले सीएम फेस घोषित किया और सबने मिलकर संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया। इससे यह स्पष्ट है कि कौन बिहार के लिए गंभीर है। उन्होंने कहा कि बिहार 20 सालों में पीछे चला गया है। उसे वापस पटरी पर लाना है।*

### सीएम नीतीश कुमार से जताई सहानुभूति

*उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के प्रति सहानुभूति रखता हूं, लेकिन कहना चाहता हूं कि भाजपा के लोगों ने, भ्रष्ट अधिकारियों ने नीतीश को पुतला बनाकर रखा है। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने साफ कहा कि विधायक तय करेंगे कि एनडीए का सीएम कौन होगा? चुनाव के बाद भाजपा नीतीश को सीएम नहीं बनाएगी।*

## संकल्प पत्र में ये किए वादे

- इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही 20 दिनों के अंदर प्रदेश के हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का अधिनियम लाया जाएगा
- हमारी सरकार युवकों को नौकरी देने के अपने संकल्प पर अमल करते हुए 20 महीने में शीघ्र नौकरी प्रदान करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर देगी
- सभी जीविका दीदियों को स्थायी किया जाएगा और उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाएगा। उनका वेतन 30,000 प्रतिमाह सुनिश्चित किया जाएगा।
- जीविका दीदियों के द्वारा लिए गए ऋण पर ब्याज माफ किया जाएगा और दो वर्षों तक बिना ब्याज का ऋण प्रदान किया जाएगा। जीविका केंद्र की दीदीयों को उनके कार्य के निष्पादन के लिए हर महीने 2,000 रुपए । भत्ता दिया जाएगा।
- जीविका केंद्र के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष को भी मानदेय प्रदान किया जाएगा।
- सभी संविदाकर्मियों और आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों को स्थायी किया जाएगा।
- आईटी पार्क, स्पेशल इकोनॉमिक जोन, डेयरी-वेस्ड इंडस्ट्रीज, एग्रो-वेस्ड इंडस्ट्रीज, स्वास्थ्य सेवा, कृषि उद्योग, फूड प्रोसेसिंग, नवीकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स, -टेलिकम्यूनिकेशन और पर्यटन के क्षेत्रों में कौशल-आधारित रोजगार का सृजन किया जाएगा।
- 2000 एकड़ में एजुकेशनल सिटी
- माई बहिन योजना के तहत महिलाओं को ढाई हजार रुपए प्रतिमाह की राशि दी जाएगी।
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1500 रुपए दी जाएगी और इसमें हर साल 200 रुपए की वृद्धि की जाएगी।
- 200 यूनिट फ्री बिजली देने का भी ऐलान किया।
- ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाएगी
- वक्फ संशोधन विधेयक (कानून) पर रोक लगाई जाएगी और वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी बनाएंगे।
- आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े मुस्लिम समुदाय की समानता और उन्नति सुनिश्चित करने के लिए सच्चर समिति की सिफारिशों को लागू किया जाएगा।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह करेंगे घोषणा

### कल एनडीए जारी करेगा घोषणा पत्र, दिया जा रहा अंतिम रूप



बिहार विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी के घोषणापत्र को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संकल्प पत्र को लेकर आज पटना में भाजपा के बिहार चुनाव के मैनिफेस्टो कमिटी की बैठक होगी। इस बैठक में भाजपा संकल्प पत्र के मुद्दों, वादों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस बैठक में संकल्प पत्र जारी करने की तारीख भी तय होगी। 30 अक्टूबर को भाजपा का संकल्प पत्र जारी हो सकता है। गृह मंत्री अमित शाह इसे जारी कर सकते हैं। इसके साथ ही एनडीए का साझा एजेंडा फॉर गवर्नेंस भी तैयार किया जा रहा है।

#### इन मुद्दों पर रहेगा जोर

इसमें एनडीए के सभी सहयोगी दलों के घोषणापत्र की प्रमुख बातों को शामिल किया जाएगा। बिहार को शैक्षणिक और औद्योगिक हब बनाने पर जोर होगा। युवाओं को रोजगार देने के लिए कई बड़ी योजनाओं का ऐलान हो सकता है।

मुख्यमंत्री के चेहरे पर किया खुलासा

### चिराग ने सीएम के लिए नीतीश का नाम बताया



बिहार में अब सीएम फेस को लेकर चर्चा शुरू होने लगी है। अब एनडीए के नेता चिराग पासवान ने खुद सीएम फेस को लेकर बड़ा बयान दिया है। चिराग से एनडीए के मुख्यमंत्री पद के चेहरे पर सवाल किया तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आखिर एक ही घोषणा कितनी बार की जाएगी? चिराग ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुनाव का नेतृत्व कर रहे हैं । विधायक आएंगे और विधायक चुनेंगे, यह सामान्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। चिराग ने यह भी कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि मेरी पार्टी से जितने भी विधायक जीतकर आएंगे वे सभी नीतीश कुमार को फिर से मुख्यमंत्री चुनेंगे।

नायक विवाद पर महागठबंधन पर भड़के ललन

### आप जाति और धर्म के नाम पर उन्माद फैला रहे



आरजेडी कार्यालय के बाहर तेजस्वी यादव को 'नायक' बताने वाले कथित पोस्टरों पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने कहा कि जब उन्हें खुद ही पोस्टर बनवाकर लगाना है, तो उन्हें कौन रोक रहा है? क्या आप 20 साल से कोशिश नहीं कर रहे थे? आप हर साल पोस्टर लगाते हैं, लेकिन बिहार की जनता आपको हर साल नकार देती है क्योंकि आप इसके लायक नहीं हैं। आप जाति और धर्म के नाम पर उन्माद फैलाते हैं।

दो वोटर आईडी रखने का मामला

### पीके को चुनाव आयोग का नोटिस, 3 दिन में जवाब दें



बिहार विधानसभा चुनाव के बीच जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर को निर्वाचन आयोग ने नोटिस भेज दिया है। आयोग ने पीके से दो वोटर आईडी रखने के मामले में जवाब मांगा है। प्रशांत का नाम पश्चिम बंगाल और बिहार, दोनों राज्यों की वोटर लिस्ट में शामिल है। चुनाव आयोग ने उनसे 3 दिन के भीतर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। रोहतास जिले की करगहर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह डीसीएलआर सासाराम की ओर से मंगलवार को यह नोटिस जारी किया गया। उनका नाम बिहार में करगहर विधानसभा क्षेत्र की वोटर लिस्ट में है, जबकि पश्चिम बंगाल की भवानीपुर विधानसभा से भी वह मतदाता हैं।

पूर्वी चंपारण में ओवैसी को झटका

### 200 कार्यकर्ताओं ने छोड़ी पीर्टी, जेडीयू में शामिल



चुनाव के बीच एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी जहां पूर्वी चंपारण में रैली कर अपने प्रत्याशी के लिए समर्थन मांग रहे हैं। वहीं, उसी जिले से उनकी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। नरकटिया विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के करीब 200 कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा देकर जदयू की सदस्यता ले ली। नाराजगी के बीच सोमवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने ओवैसी की पार्टी को छोड़ते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भरोसा जताया और जदयू में शामिल हो गए।

## खबर संक्षेप

### मनोज दास बने गुजरात ने नए मुख्य सचिव



**अहमदाबाद।** गुजरात को नया मुख्य सचवि मिल गया है। आईएएस मनोज कुमार दास को प्रदेश का नया चीफ सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार दास को मुख्य सचिव बनाया गया है। वह 31 अक्टूबर की दोपहर से इस पद को संभाल लेंगे।

### डॉक्टर की आत्महत्या के खिलाफ बंद का ऐलान



**सतारा।** जिले में महिला डॉक्टर की आत्महत्या का मामला बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को डॉक्टर के गृह क्षेत्र बीड जिले के वडवानी में बंद बुलाया गया। पीड़ित परिजनों ने एसआईटी जांच की मांग की है। डॉक्टर पिछले हफ्ते सतारा जिले के फलटन तालुका के एक होटल में फंदे से लटकी मिली थी। हथेली पर एक सुसाइड नोट लिखा था।

### पटना में अर्घ्य के दौरान 3 लोगों की मौत



**पटना।** छठ महापर्व के अर्घ्य के दौरान पटना के बाढ़ अनुमंडल में अलग-अलग हादसों में 3लोगों की मौत हो गई। 2युवक गंगा नदी में डूब गए, जबकि एक छठ व्रती महिला की अर्घ्य देने जाते समय हार्ट अटैक से मौत हो गई। मलाही गांव में गंगा किनारे अस्थायी घाट बनाकर व्रतियों के लिए अर्घ्य की व्यवस्था की गई थी।

### सिद्धारमैया के आदेश को शीर्षकोर्ट ने बैन किया



**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को झटका देते हुए उसके एक आदेश पर रोक लगा दी है। कर्नाटक सरकार ने निजी संगठनों को सरकारी परिसरों और सार्वजनिक जगहों, सड़कों आदि पर कोई भी कार्यक्रम करने से प्रशासन की मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया था। इसे राज्य में बाधित करने के तौर पर देखा जा रहा था।

विशाखापत्तनम में भारी बारिश जारी

मलकापुरम पुलिस स्टेशन के पास दीवार ढही

### आंध्रप्रदेश के तट से टकराया मोंथा, उदयपुर में 40 घंटे से बारिश

# विशाखापत्तनम एयरपोर्ट बंद, सभी उड़ानें रद्द और 120 ट्रेनें भी कैंसिल



तूफान मोंथा अब और ज्यादा तीव्र हो गया है और इसका लैंडफॉल शुरू हो गया है। चेतावनी जारी



एजेंसी ▶▶ विशाखापत्तनम

गंभीर चक्रवाती तूफान मोंथा अब और ज्यादा तीव्र हो गया है और इसका लैंडफॉल शुरू हो गया है। तूफान आंध्र प्रदेश के तट से टकराया है। जो कि उत्तर-उत्तरपश्चिम दिशा में आगे बढ़ता रहेगा और अगले 3-4 घंटों में मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच काकीनाडा के आसपास आंध्र प्रदेश के तट को पार करेगा। इस दौरान अधिकतम 90-100 किमी प्रति घंटे की निरंतर हवा की गति से 110 किमी प्रति घंटे तक की गति पकड़ेगा। आईएमडी ने बताया कि अगले 3-4 घंटों तक लैंडफॉल की प्रक्रिया जारी रहेगी। 'मोंथा' आंध्र प्रदेश के तट से टकरा गया है। 3-4 घंटों में मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच काकीनाडा के आसपास आंध्र प्रदेश के तट को पार करेगा। चक्रवात का परोक्ष असर राजस्थान सहित उत्तर-पश्चिम भारत के मौसम पर भी देखा जा रहा है, जिससे प्रदेश में ठंडी हवाएं और बादलों का असर बना हुआ है। कोटा के खातोली में सबसे ज्यादा 69 मिमी बारिश दर्ज की गई। उदयपुर में भी दिनभर रिमझिम बारिश का सिलसिला जारी रहा।

### विशाखापत्तनम में सभी 32 फ्लाइट्स कैंसिल

'मोंथा' के कारण मंगलवार को विशाखापत्तनम एयरपोर्ट से संचालित होने वाली सभी 32 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। विशाखापत्तनम एयरपोर्ट के डायरेक्टर एन. पुरुषोत्तम ने बताया कि 27 अक्टूबर को एयर इंडिया एक्सप्रेस की दो फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई थीं। असल में, हम रोजाना 30 से 32 फ्लाइट्स (घरेलू और इंटरनेशनल) ऑपरेट करते हैं। वे सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की गाइडलाइंस के अनुसार, गंभीर चक्रवाती तूफान से बचने के लिए सावधानियां बरती हैं, जिसमें तूफान से पहले और तूफान के बाद के चरण शामिल हैं। विजयवाड़ा एयरपोर्ट ने 16 फ्लाइट्स कैंसिल कर दीं, लेकिन 5फ्लाइट्स ऑपरेट हुईं। तिरुपति एयरपोर्ट पर 4 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। एक रेलवे अधिकारी ने बताया कि साउथ सेंट्रल रेलवे जोन में 27 अक्टूबर और मंगलवार को कुल 120 ट्रेनें कैंसिल कर दी गईं।

#### हवा का झोंका 110 किमी प्रति घंटा होगा, पीएम ने की सीएम से बात



*यह उत्तर-उत्तरपश्चिम दिशा में चलता रहेगा और मंगलवार को आंध्र तट पार कर जाएगा। हवा की गति 90-100 किमी प्रति घंटे रहेगी और इसके झोंके 110 किमी तक पहुंच सकते हैं। इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने आंध्र के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से फोन पर बात की और हर संभव मदद का भरोसा दिया है।*

#### स्कूल बंद, एनडीआरएफ की तैनाती की गई

*सरकार ने 5 राज्यों आंध्र, ओडिशा, पुडुचेरी, तमिलनाडु और छत्तीसगढ़ में 22 एनडीआरएफ टीमें तैनात की हैं। दक्षिण मध्य रेलवे और पूर्वी तट रेलवे ने अगले दो दिनों के लिए 100 से ज्यादा ट्रेनें रद कर दी हैं। इसके अलावा स्कूलों को भी बंद करने का निर्देश जारी किया गया है। सभी निचले इलाकों से लोगों को निकाला जा रहा है। वहीं फ्लाइट पर भी मोंथा चक्रवात का असर पड़ा है। इस वजह से एहतियातन कई फ्लाइट्स रद कर दी गईं हैं।*

#### आंध्र प्रदेश को सबसे ज्यादा खतरा



*आईएमडी के महानिदेशक डॉ. एम मोहापात्रा ने कहा कि तट से टकराने के बाद मोंथा की रफ्तार थोड़ी कम होगी और यह ओडिशा की ओर बढ़ेगा। आंध्र सबसे ज्यादा प्रभावित होगा, फिर ओडिशा और उसके बाद छत्तीसगढ़ में दाखिल होगा। मौसम वि 28 से 30 अक्टूबर तक आंध्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में भारी बारिश जारी रहेगी।*

झूठे साक्ष्य मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा

### किसी भी व्यक्ति को झूटे मामले में गवाहों को धमकाना संज्ञेय अपराध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में मंगलवार (28 अक्तूबर) को कहा कि किसी भी व्यक्ति को झूठे साक्ष्य देने के लिए धमकाना एक संज्ञेय अपराध है। इसी के साथ 2006 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में शामिल किए गए एक प्रावधान की अस्पष्टता पर स्पष्टीकरण दिया, जिसके कारण विभिन्न उच्च न्यायालयों ने विरोधाभासी व्याख्याएं कीं। शीर्ष अदालत ने संबंधित प्रक्रियात्मक कानून पर चले आ रहे भ्रम को खत्म किया। कोर्ट ने साफ किया कि किसी को भी झूठी गवाही देने के लिए धमकाना आईपीसी की धारा 195ए के तहत संज्ञेय अपराध है। इसलिए पुलिस को सीधे तौर पर एफआईआर दर्ज करने और इसकी जांच करने का अधिकार है।

#### अपराधों से अलग और भिन्न माना गया

न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि वैधानिक व्यवस्था से यह स्पष्ट है कि आईपीसी की धारा 195ए को धारा 193 (झूठे साक्ष्य के लिए दंड), 194 (मृत्युदंड के लिए दोषी ठहराए जाने के इरादे से झूठे साक्ष्य देना या गढ़ना), 195 (आजीवन कारावास या सात साल या उससे अधिक कारावास से दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने के इरादे से झूठे साक्ष्य देना या गढ़ना) और 196 (झूठी गवाही) के तहत आने वाले अपराधों से अलग और भिन्न माना गया था।पीठ ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 193 से 196 के तहत अपराधों के लिए केवल दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 195(1)(बी)(आई) में नामित व्यक्तियों द्वारा ही शिकायत दर्ज कराना आवश्यक है और ये सभी असंज्ञेय अपराध हैं। अदालत ने कहा कि हालांकि, धारा 195ए के तहत अपराध एक संज्ञेय अपराध है और यह किसी व्यक्ति को उसके शरीर, प्रतिष्ठा या संपत्ति या किसी ऐसे व्यक्ति के शरीर या प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर उसे झूठी गवाही देने के लिए प्रेरित करने से संबंधित है, जिसमें वह व्यक्ति रुचि रखता हो।" पीठ ने आगे कहा कि किसी गवाह को धमकी उसके अदालत में आने से बहुत पहले दी जा सकती है, हालांकि ऐसी धमकी के तहत झूठी गवाही देना उस अदालत में चल रही कार्यवाही से संबंधित है। पीठ ने कहा, "शायद यही कारण है कि इस अपराध को संज्ञेय बनाया गया ताकि धमकी दिया गया गवाह या अन्य व्यक्ति इस संज्ञेय अपराध के घटित होने की मौखिक सूचना सीआरपीसी की धारा 154 के तहत संबंधित पुलिस अधिकारी को देकर या सीआरपीसी की धारा 195ए के तहत क्षेत्राधिकार वाले मजिस्ट्रेट के समक्ष शिकायत दर्ज कराकर तत्काल कदम उठा सके, ताकि आपराधिक कानून की प्रक्रिया शुरू हो सके।"

राहुल गांधी आज तेजस्वी यादव के साथ दो रैलियों में होंगे शामिल

# बिहार सरकार पर बोले- डबल इंजन ने राज्य को गर्त में धकेल दिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव के माहौल से पूरी तरह ख़ुद को दिल्ली में राहुल गांधी पर अनेक सवाल उठने शुरू हो गए थे। महागठबंधन में सब कुछ ठीक था ऐसा भी नहीं। राहुल गांधी जाहिर तौर पर नाराज थे। आपसी गिला शिकवा दूर करने के बाद लगभग दो हफ़्ते के बाद महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के घोषित उम्मीदवार राजद नेता तेजस्वी यादव और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज एक मंच पर नजर आएंगे। महागठबंधन के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगते नजर आयेंगे। महागठबंधन की साझा रैलियां पटना और गया जिलों में प्रस्तावित हैं। जहां दोनों नेता मंच साझा कर राज्य की नीतीश-मोदी सरकार पर सीधा हमला बोलेंगे और "बदलाव के न्याय संकल्प" को जनता के सामने रखेंगे।

राहुल और तेजस्वी की आज की रैलियों को महागठबंधन की चुनावी एकता का प्रदर्शन माना जा रहा है। कांग्रेस और राजद, दोनों दल भाजपा -जेडीयू गठबंधन पर "विकास बनाम वास्तविकता" का नैरेटिव स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसी क्रम में राहुल ने मंगलवार को बिहार के युवाओं से दिल्ली में बात मुलाकात के बाद एक्स पर एक तीखा बयान जारी करते हुए बिहार की स्थिति पर केंद्र और राज्य सरकार पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पिछले 20 सालों में मोदी-नीतीश सरकार ने बिहार की आकांक्षाओं का गला घोंटा है और प्रदेश को गर्त में धकेल दिया है। राहुल ने अपने पोस्ट में लिखा कि बिहार के युवाओं से उनकी बातचीत में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सबसे बड़ी चिंताएं बनकर सामने आईं। उन्होंने कहा "इन सभी क्षेत्रों की दुर्दशा के लिए सिर्फ एक गुनहगार है - बीजेपी-जेडीयू सरकार।"



**शिक्षा में बिहार की स्थिति चिंताजनक:** राहुल ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए आंकड़े साझा किए

कक्षा 9–10 में ड्रॉपआउट दर: 27वां स्थान (29 राज्यों में)

कक्षा 11–12 में नामांकन दर: 28वां स्थान

**महिला साक्षरता दर: 28वां स्थान:** उन्होंने कहा कि शिक्षा की यह हालत दिखाती है कि युवाओं के भविष्य के साथ निरंतर खिलवाड़ किया जा रहा है।

**रोज़गार और उद्योग के मोर्चे पर भी विफलता:** राहुल ने लिखा कि बिहार के युवाओं को अवसरों की जगह केवल बेरोज़गारी और निराशा दी गई है।

**सेवा क्षेत्र में रोजगार: 21वां स्थान, उद्योग/उत्पादन क्षेत्र में रोजगार: 23वां स्थान:** उन्होंने कहा बिहार के युवा बेहद काबिल हैं, लेकिन सरकार ने उनके लिए किसी अवसर का दरवाज़ा नहीं खोला।"

**स्वास्थ्य सुविधाओं की बदतर स्थिति**

राहुल के अनुसार, बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था देश में सबसे पिछड़ी हुई है—

**शिशु मृत्यु दर: 27वां स्थान: स्वास्थ्य बीमा कवरेज: 29वां स्थान**

**घर में शौचालय की सुविधा: 29वां स्थान** उन्होंने कहा कि ये आंकड़े "एक आईना हैं जो दिखा रहे हैं कि डबल इंजन सरकार ने बिहार को किस हद तक पीछे धकेला है।"

**मानव विकास और आय में भी बिहार पिछड़ा:** राहुल गांधी ने कहा-मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में बिहार 27वें स्थान पर और प्रति व्यक्ति आय (एनसीडीपी) में 25वें स्थान पर है। ये स्थिति बताती है कि विकास का दावा सिर्फ पोस्टरों और भाषणों तक सीमित है।

**'अब वक्त है बदलाव का':** अपने पोस्ट के अंत में राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के युवा होनहार और मेहनती हैं, लेकिन सरकार ने उन्हें सिर्फ बेरोज़गारी दी है। अब वक्त है बिहार का स्वाभिमान जगाने और महागठबंधन के न्याय संकल्प को दोहराने का।

# जीएसटी राहत के पैसे बचाने के बजाय ग्राहकों ने बेहतर मॉडल खरीदे

## स्मिटेनपल्स एआई की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जीएसटी दरों में की गई कटौती का फायदा उठाते हुए ग्राहकों ने त्योहारी मौसम में न सिर्फ अपने जमकर वाहन खरीदे बल्कि उन्होंने इस छूट का इस्तेमाल ऊंचे मॉडल और बेहतर ब्रांड की गाड़ियां खरीदने में भी किया। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह निष्कर्ष पेश किया गया है।

बाजार अनुसंधान मंच 'स्मिटेनपल्स एआई' की तरफ से कराए गए इस अध्ययन से यह पता चलता है कि खरीदारों के लिए एसयूवी लोकप्रिय विकल्प बनी हुई है जबकि बुनियादी ढांचे की कमियों के बावजूद पर्यावरण के प्रति जागरूकता इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति लोगों के रुझान में तेजी से वृद्धि का कारण रही।

### प्रीमियम वाहन खरीदने पर जोर

हालांकि ग्राहकों ने कर कटौती से वाहनों की कीमतों में आई गिरावट का फायदा उठाने के बजाय कहीं 'प्रीमियम' वाहन खरीदने पर जोर दिया। करीब 79 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे जीएसटी बचत का इस्तेमाल उच्च मॉडल, बेहतर ब्रांड या प्रीमियम ऐड-ऑन खरीदने में कर रहे हैं।"




### त्योहारों में एसयूवी की बिक्री अधिक रही

इसके मुताबिक, 60 प्रतिशत से अधिक लोगों ने अपने पसंदीदा वाहन ब्रांड के थोड़े ऊंचे संस्करण को खरीदने की मंशा जताई जबकि 46 प्रतिशत लोग पहले ही हैचबैक की जगह एसयूवी जैसे बड़े आकार वाली वाहन श्रेणी का रुख कर चुके थे। अध्ययन के अनुसार, त्योहारों के दौरान एसयूवी की बिक्री सबसे अधिक रही। वहीं पर्यावरणीय जागरूकता के कारण ईवी को लेकर भी दिलचस्पी तेजी से बढ़ रही है।

### जीएसटी कर में कटौती से वाहनों की मांग को रफ्तार

'जीएसटी कटौती के बाद कार खरीद के व्यवहार' पर किया गया यह अध्ययन अक्टूबर महीने में देश के बड़े, मझोले व छोटे शहरों में 5,000 से अधिक लोगों के बीच किया गया।अध्ययन में कहा गया, "जीएसटी कर में कटौती से वाहनों की मांग को रफ्तार मिली। 67 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि बैटरी संबंधी चिंताओं और बैटरी बदलने पर आने वाली ऊंची लागत के बावजूद पारिस्थितिक लाभ ईवी के प्रति रुचि को बढ़ा रहे हैं। स्मिटेन पल्सएआई के सह-संस्थापक स्वागत सारंगी ने कहा, "जीएसटी दरों में कटौती ने कारों को किफायती बनाने से कहीं अधिक भूमिका निभाई है।

## खबर संक्षेप




### पीएनबी हाउसिंग का शुद्ध लाभ बढ़कर 24 फीसदी

**नई दिल्ली।** आवास वित्त कंपनी पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस का चालू वित्त की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 24 प्रतिशत बढ़कर 582 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 470 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई- सितंबर तिमाही के उसकी कुल आय एक साल पहले के 1,880 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,131 करोड़ रुपये हो गई।

### इंडस टावर्स का लाभ दूसरी तिमाही में 17 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** मोबाइल टावर सेवाप्रदाता इंडस टावर्स का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत घटकर 1,839 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने बताया कि एक बड़े ग्राहक का बकाया न मिलने के कारण उसके शुद्ध लाभ यह गिरावट आई। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई- सितंबर तिमाही में 2,223.5 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। इंडस टावर्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रचुर साह ने कहा, 'हमारी लागत दक्षता पर मजबूत केंद्र के कारण मुनाफे में लगातार सुधार हो रहा है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे गिरकर 88.27 पर बंद

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख और विदेशी पूंजी की बाजार से निकासी के चलते अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया आठ पैसे गिरकर 88.27 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने गिरावट को कम किया।

## अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन सभा को किया संबोधित

# भारत 257 गीगावाट के साथ चौथा सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक : जोशी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि भारत, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश है और इसकी क्षमता 257 गीगावाट है जो 2014 के 81 गीगावाट से तीन गुना अधिक है। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन सभा के 8वें सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि भारत की सौर क्षमता 2014 में 2.8 गीगावाट से बढ़कर आज 128 गीगावाट हो गई है। उन्होंने कहा, " भारत अब नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश है। नवीकरणीय ऊर्जा 2014 की 81 गीगावाट से बढ़कर आज 257 गीगावाट है।"

■ क्षमता 2014 के 81 गीगावाट से तीन गुना अधिक

### गैर-जीवाश्म स्त्रोतों से निर्धारित लक्ष्य पांच साल पहले हासिल

जोशी ने बताया कि सौर मॉड्यूल निर्माण क्षमता 2014 में दो गीगावाट से बढ़कर वर्तमान में 110 गीगावाट हो गई है। इसी तरह सौर सेल निर्माण भी शून्य से बढ़कर 27 गीगावाट हो गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने गैर-जीवाश्म स्रोतों से 50 प्रतिशत क्षमता के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान लक्ष्य को समय सीमा से पांच वर्ष पहले ही हासिल कर लिया।



### बिजली उत्पादन क्षमता में भारत तीसरे स्थान पर

बिजली उत्पादन क्षमता में वृद्धि के मामले में भारत पिछले पांच वर्ष में विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे कम प्रति व्यक्ति उत्सर्जन और सबसे कम प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत वाले देशों में से एक होने के नाते स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता वास्तव में उल्लेखनीय है।

### वैश्विक सौर ऊर्जा अब 1,600 गीगावाट हुई

मंत्री ने उल्लेख किया कि वैश्विक सौर ऊर्जा अब 1,600 गीगावाट से अधिक हो गई है और कुल नवीकरणीय उत्पादन का करीब 40 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, " फिर भी प्रगति असमान बनी हुई है। उप-सहारा अफ्रीका और छोटे द्वीपीय देशों में लाखों लोग अब भी निरंतर बिजली आपूर्ति के बिना जी रहे हैं। इस खाई को पाटने के लिए सामूहिक महत्वाकांक्षा एवं समान वित्त की आवश्यकता है।"

### भारत का नवीकरणीय ऊर्जा शुल्क सबसे कम

मंत्री ने कहा कि भारत के नवीकरणीय ऊर्जा शुल्क, चाहे वह सौर ऊर्जा हो, 'सोलर-प्लस-बैटरी' हो या हरित अमोनिया हो, विश्व स्तर पर सबसे कम हैं। "यह स्वच्छ ऊर्जा को किफायती बनाने के लिए गति और कौशल को संयोजित करने की देश की क्षमता को दर्शाता है।"

### दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा बाजार

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने भारत के दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा बाजार बनने का अनुमान लगाया है। जोशी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी भारत को ऊर्जा परिवर्तन की एक महाशक्ति मानती है। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में भी भारत शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों में बना हुआ है।

### भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य किए हासिल

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वास्तव में जी-20 देशों में भारत एकमात्र ऐसा देश है, जिसने 2030 के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को 2021 में ही हासिल कर लिया है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने कहा, " हम जलवायु परिवर्तन को कम करने के वैश्विक प्रयासों में लगातार अग्रणी बने रहे हैं।"

# सोना 4,100 रुपये टूटा और चांदी 6,250 रुपये लुढ़की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका-चीन व्यापार तनाव कम होने के बीच सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में मांग कम होने के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें 4,100 रुपये गिरकर 1,21,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं और वैश्विक बाजारों में 4,000 डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सोमवार को सोने की कीमत 1,25,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 4,100 रुपये गिरकर 1,21,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया, जो पिछले बंद भाव 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "मंगलवार को सोने में और गिरावट आई और सुरक्षित निवेश मांग में कमी के कारण यह और बढ़ गई। बिकवाली तेज हो गई और सोने की कीमतें तीन सप्ताह के निचले स्तर पर आ गईं।"

■ सोना गिरकर 1,21,800 रुपए प्रति दस ग्राम



### सुरक्षित निवेश मांग में कमी आई

मिराए एसेट शेयरखान में जिंस और मुद्रा के प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, "अमेरिका-चीन व्यापार समझौते के आशावाद के कारण सुरक्षित निवेश मांग में कमी के कारण हाजिर सोना दबाव में कारोबार कर रहा है।" इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके चीनी समकक्ष शी चिनफिंग संभावित अनुवर्ती बैठकों के साथ व्यापार समझौते की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए तैयार हैं।

### ट्रंप के जापान पर भरोसा से सराफा कीमतों पर असर

ट्रंप ने जापान के साथ व्यापार समझौते पर भी भरोसा जताया, जिससे सर्राफा कीमतों पर असर पड़ा। प्रवीण सिंह ने कहा, "निवेशक बुधवार को अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी के नीतिगत नतीजे का इंतजार कर रहे हैं, जहां केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत अंक की कटौती की व्यापक उम्मीद है।" सोने में 5 से 10 फीसदी गिरावट की संभावना हाजिर चांदी में भी भारी गिरावट देखी गई और यह 2.85 प्रतिशत टूटकर दिन के कारोबार के निचले स्तर 45.56 डॉलर प्रति औंस रह गई।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### बाटा इंडिया के मुनाफे में 73 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** जूता-चप्पल कंपनी बाटा इंडिया लिमिटेड का 30 सितंबर, 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 73.26 प्रतिशत घटकर 13.9 करोड़ रुपये रह गया। यह गिरावट कम राजस्व और अधिक व्यय के कारण आई है। बाटा इंडिया लिमिटेड ने एक नियामकीय सूचना में यह जानकारी दी।

# एसआरएम का 5वां दीक्षांत समारोह संपन्न

**चेन्नई।** एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी ने अपने 5वें दीक्षांत समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) कोठा मधु मूर्ति, अध्यक्ष, आंध्र प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद (एपीएससीएचई), संस्थापक कुलाधिपति डॉ. टी आर पारीवेंद्र, प्रो-कुलपति डॉ. पी सत्यनारायणन, कुलपति प्रो. सीएच सतीश कुमार, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य; प्रबंधन बोर्ड, रजिस्ट्रार डॉ. आर प्रेमकुमार; परीक्षा नियंत्रक, शैक्षणिक और अनुसंधान परिषद; सभी



स्कूलों के डीन, निदेशक, पूर्व छात्र, संकाय सलाहकार और गौरवान्वित अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति में किया। प्रो. सीएच सतीश कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहा, 'स्नातक होना किसी के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पड़ावों में से एक होता है। एक स्नातक के लिए, यह दिन कड़वा-मीठा और कड़ी मेहनत से अर्जित किया गया होता है। दोस्तों और परिवार के लिए, यह किसी प्रियजन की उपलब्धियों का सम्मान करने और जश्न मनाने का क्षण होता है।' मुख्य अतिथि प्रो. मधु मूर्ति ने 2025 के स्नातक वर्ग को दीक्षांत भाषण देते हुए कहा, 'अपनी शिक्षा को केवल कमाई का साधन न बनने दें - इसे सेवा, नेतृत्व और परिवर्तन का साधन बनाएँ।'

# मुनाफावसूली से शेयर बाजार में आई गिरावट

**मुंबई।** एशियाई बाजारों में कमजोरी के बीच मंगलवार को आईटी, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और रियल्टी शेयरों में मुनाफावसूली से स्थानीय शेयर बाजार नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 151 अंक टूट गया जबकि निफ्टी को 30 अंक का नुकसान हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 150.68 अंक की गिरावट के साथ 84,628.16 अंक पर बंद हुआ। मजबूती के साथ सत्र की शुरुआत करने वाला सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 559.45 अंक तक टूटकर 84,219.39 अंक पर आ गया था। निफ्टी 29.85 अंक की गिरावट के साथ 25,936.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और बजाज फाइनेंस के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही।

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# नाबार्ड और पतंजलि के सहयोग से बढ़ेगी जैविक खेती

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय में 'मृदा स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्रबंधन द्वारा गुणवत्तापूर्ण जड़ी-बूटियों की सतत खेती' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन मंगलवार को खत्म हुआ। यह वर्कशॉप भारत सरकार के आयुष मंत्रालय, पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टिट्यूट, आरसीएससीएनआर-1, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और भरुवा एग्री साइंस की संयुक्त कोशिश से 'स्वस्थ धरा' योजना के अंतर्गत आयोजित की गई थी। नाबार्ड के अध्यक्ष और कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाजी केवी ने पतंजलि के साथ सहयोग को महत्वपूर्ण बताया. उन्होंने कहा कि नाबार्ड का उद्देश्य देश में स्थायी कृषि और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए ऋण उपलब्ध कराना है और यह सहयोग सृजनात्मक कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित कर सकता है। उन्होंने विकसित भारत 2027 के लक्ष्य को साकार करने के लिए इस वर्ष को अत्यंत महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने मोनोकल्चर कृषि के कारण मिट्टी की उर्वरता में कमी और जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव की ओर भी ध्यान आकर्षित किया।



### फसल सुरक्षा से ही मानव स्वास्थ्य की रक्षा संभव

कार्यक्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहाकि 'फसल की सुरक्षा से ही मानव स्वास्थ्य की रक्षा संभव हैं। उन्होंने 'मूल की भूल' को सुधारते हुए मिट्टी को उसके मूल स्वरूप में लौटाने का आह्वान किया। उन्होंने जोर दिया कि 'स्वस्थ धरा' के लिए मृदा प्रबंधन आधुनिक समय की जरूरत है और सार्वभौमिक और निहित संपदा को पुनर्जीवित करना आवश्यक है।

### 'धरती का डॉक्टर' मशीन बनी आकर्षण का केंद्र

कार्यशाला का मुख्य आकर्षण पतंजलि की ऑटोमेटिड मृदा परीक्षण मशीन 'धरती का डॉक्टर' (डीकेडी) रही। आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि यह मशीन मृदा संबंधी चुनौतियों को दूर कर धरती को रोगमुक्त बनाने में सहायक है। इसकी किट से केवल आधे घंटे में मिट्टी के आवश्यक पोषक तत्व जैसे नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटेशियम, पीएच, ऑर्गेनिक कार्बन और इलेक्ट्रिकल कंडक्टिविटी का सटीक परीक्षण किया जा सकता है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद भिवानी | भिवानी शहर, एम.सी. भिवानी में कमला भवन रोड वार्ड नं. 02 और त्रिवेणी रोड, बैंक कॉलोनी वार्ड नं. 10 और 11 तथा दिनोद रोड, जागृति कॉलोनी, कौंट रोड और विभिन्न स्थानों पर ओक्टागोनल पोल की फिक्सिंग + 5 कार्य। | 27.10.2025 05.11.2025 | अनु. लागत रु. 270.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 99966295555 eo.mcbhiwani@gmail.com |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39813/I/88/7 दि. 28.10.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | रोहतक में आर्य चौपाल सेवा समिति में कमरे और शौचालय का निर्माण + 6 कार्य। | 27.10.2025 03.11.2025 | रु. 479.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | वार्ड 16 में मरवाह हस्पताल के निकट सी.सी. गली और दुआ बुक डिपो गली का निर्माण + 2 कार्य। | 27.10.2025 03.11.2025 | रु. 60.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39805/I/88/7 दि. 28.10.25

## शब्द पहेली - 6031



**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

**शब्द पहेली -6030 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6041

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6040 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# गुकेश ने नाकामुरा को हराया, 'किंग थ्रो' विवाद का हिसाब किया बराबर

एजेंसी ▶▶| सेंट लुईस

विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश ने अमेरिका के सेंट लुईस में आयोजित क्लच चेस चैंपियंस शोडाउन 2025 में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हिकारु नाकामुरा को रैपिड फॉर्मेट में हराकर मिनी मैच अपने नाम किया। यह जीत सिर्फ एक मुकाबले की नहीं थी, यह उस विवाद का जवाब भी थी, जिसने कुछ हफ्ते पहले शतरंज जगत को हिला दिया था।

दरअसल, कुछ समय पहले दोनों के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान नाकामुरा ने गुकेश को हराने के बाद उनका किंग मोहरा उठाकर दर्शकों की ओर फेंक दिया था, जिससे भारी विवाद खड़ा हो गया था।

### गुकेश ने शालीनता से जीता दिल

गुकेश ने राउंड 2 के पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए शानदार रणनीति के साथ जीत दर्ज की। इसके बाद सभी की नजरें उनके रिएक्शन पर थीं। लेकिन गुकेश ने अपनी भावनाओं पर काबू पाते हुए शांति से बोर्ड को रीसेट किया, मोहरों को उनकी जगह पर रखा और नाकामुरा से हाथ मिलाया। उनकी इस प्रतिक्रिया ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी इसका वीडियो काफी तेजी से वायरल है। प्रशंसकों का कहना है कि 'गुकेश ने खेल भावना की मिसाल पेश की'।




### क्या है 'किंग थ्रो' विवाद?

**'चेकमेट : भारत बनाम अमेरिका'** प्रदर्शनी इवेंट का हाल ही में टेक्सास के आर्लिंगटन में आयोजन किया गया था। इस दौरान अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हिकारु नाकामुरा ने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराने के बाद उनके राजा के मोहरे को दर्शकों की ओर फेंक दिया। इस निंदनीय कदम ने सोशल मीडिया पर चर्चा और आलोचना का तूफान खड़ा कर दिया।

### आयोजकों ने पहले से बनाई थी योजना

हालांकि बाद में यह रिपोर्ट सामने आई कि राजा के मोहरे को फेंकने की हरकत आयोजकों ने पहले से ही योजना बनाई थी। प्रसिद्ध शतरंज विशेषज्ञ लेवी रोजमन ने बताया, 'बिना संदर्भ के यह एक अप्रत्याशित और असम्मानजनक हरकत लग सकती है। लेकिन आयोजकों ने हमें इसे करने के लिए प्रोत्साहित किया था। मुझे याद है कि अगर मैंने या सागर शाह ने जीत हासिल की, तो हमें राजा के मोहरे को तोड़ना था। यह सब मनोरंजन के लिए था। गुकेश और हिकारु के मैच का विजेता राजा के मोहरे को दर्शकों में फेंकता। मुझे नहीं पता कि गुकेश ऐसा करते या नहीं। हिकारु ने बाद में गुकेश से बात की और बताया कि यह केवल शो के लिए था और कोई अपमान नहीं था।'

## खबर संक्षेप



### कजाकिस्तान ने भारत को बराबरी पर रोका

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला टीम ने कजाकिस्तान के शिमकेंट में बीआईआईके स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दूसरे और अंतिम मैत्री मैच में कजाकिस्तान अंडर-19 के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। दोनों गोल दूसरे हाफ में किए गए। एडेलिया बेक्कोझिना ने 47वें मिनट में मेज़बान टीम को बढ़त दिलाई, जबकि पूजा ने 55वें मिनट में इस दौरे का अपना दूसरा गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय टीम ने अगले साल होने वाले अंडर-20 महिला एशिया कप की तैयारी के सिलसिले में यह दौरा किया था, जिसमें उसने दो मैत्री मैच खेले। भारत ने शनिवार को पहला मैत्री मैच 3-2 से जीता था।

### ऑस्ट्रेलिया अपना आक्रामक रवैया जारी रखेगाः मार्श

**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श जानते हैं कि अति आक्रामक बल्लेबाजी करने की रणनीति हमेशा कारगर साबित नहीं होती लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के तहत आक्रामक रवैया अपनाना जारी रखेगी। ऑस्ट्रेलिया अगले साल फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले विश्व कप की तैयारी के तहत भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2021 में टी20 विश्व कप जीता था जबकि भारत 2024 में चैंपियन बना था। मार्श ने कहा, 'पिछले दो विश्व कप में हम अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाए और मुझे लगता है कि हमने एक टीम के रूप में खुद को चुनौती देने की बात की थी, ताकि हम विश्व कप जीत सकें।''

### भारत ने एशियाई रिले के लिए लगाई बोली

**नई दिल्ली।** भारत ने आगामी वर्षों में महाद्वीपीय और वैश्विक प्रतियोगिताओं के आयोजन के अपने प्रयासों के तहत 2028 एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप और 2026




एशियाई रिले की मेजबानी के लिए बोलियां पेश की हैं। भारत अगर इन प्रतियोगिताओं की मेजबानी हासिल करने में सफल रहा तो यह पहली बार होगा जब देश इन दो महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 2028 एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भुवनेश्वर को मेजबान शहर के रूप में प्रस्तावित किया है, जबकि 2026 एशियाई रिले के लिए स्थल अभी तय नहीं हुआ है। एएफआई के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, 'हमने 2028 एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भुवनेश्वर को मेजबान शहर के तौर पर बोली प्रस्तुत की है।

### सोफी की फिटनेस को लेकर इंग्लैंड परेशान

**गुवाहाटी।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल से पहले इंग्लैंड अपनी सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज सोफी एकलेस्टोन की फिटनेस को लेकर परेशान है। बाएं हाथ की इस स्पिनर को क्योंकि लेफ्ट आर्म स्पिनर को 'कॉलर बोन के पास के जोड़ में मामूली चोट' लगी है।



एकलेस्टोन अब तक टूर्नामेंट में इंग्लैंड की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहीं हैं। उन्होंने छह मैच में 12 विकेट लिए हैं। ईसीबी ने कहा, 'सोफी एकलेस्टोन के बाएं कंधे के एनआरआई स्कैन के नतीजों से पता चला है कि उनके कॉलर बोन के पास के जोड़ में मामूली चोट है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप सेमीफाइनल से पहले उनकी चोट का आकलन जारी रहेगा।

दोनों टीम ने पिछले 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 8 जीते और एक-एक मैच हारे

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 जंग आज से, फॉर्म में लौटने को बेताब सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶| कैनबरा

पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 29 अक्टूबर बुधवार को होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में फॉर्म में लौटने की कोशिश करेंगे। दोनों टीम ने अपने पिछले 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से आठ जीते हैं और एक-एक मैच हारे हैं, इसलिए मुकाबला बराबरी का होने की उम्मीद है। भारत का एक मैच टाई रहा, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। सूर्यकुमार का रन नहीं बना पाना टीम के लिए चिंता का विषय हो सकता है लेकिन अन्य खिलाड़ियों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी बेहतर खेल दिखाने के लिए वह प्रतिबद्ध होंगे।

आज दोपहर 1:45 बजे से शुरू होगा मुकाबला




### टी20 में पावरप्ले अहम : सूर्यकुमार

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में पावरप्ले के ओवर काफी महत्वपूर्ण होंगे और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की मौजूदगी से मैच के इस समय में उनकी टीम की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। सूर्यकुमार ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली के सामने बुमराह का होना हमेशा से उनकी टीम के लिए फायदेमंद रहा है। सूर्यकुमार ने कहा, 'पावर प्ले में गेंदबाजी करना हमेशा चुनौती होती है। हमने देखा है कि वे (ऑस्ट्रेलिया) वनडे श्रृंखला और टी20 विश्व कप में किस तरह से खेले। पावर प्ले हमेशा महत्वपूर्ण होता है।'

### अभिषेक के लिए नई चुनौती



सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के लिए ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर अतिरिक्त उछाल से निपटना एक नई चुनौती होगी और इसलिए कप्तान का योगदान और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। मनुका ओवल की पिच पर उछाल होने के कारण सूर्य कुमार को अधिकतम लाभ हासिल करने का मौका मिलेगा, लेकिन जोश हेजलवुड उनके लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं।

### बुमराह की मौजूदगी महत्वपूर्ण कारक




भारत के गेंदबाजी आक्रमण की बात करें तो जसप्रीत बुमराह की मौजूदगी और वरुण चक्रवर्ती की चतुराई महत्वपूर्ण कारक होंगे। वरुण, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल के 12 ओवर तथा बुमराह और अर्शदीप के शुरुआती स्पैल ट्रेविस हेड और खतरनाक मिशेल मार्श के खिलाफ काफी महत्वपूर्ण होंगे।

### सूर्य ने 10 पारियों में सिर्फ 100 रन ही बनाए

मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सूर्या का खुलकर समर्थन किया और उनका मानना है कि कप्तान का लगातार कम स्कोर पर आउट होना चिंता का विषय नहीं है। सूर्यकुमार हालांकि बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। सूर्यकुमार यादव ने 2023 में 18 पारियों में लगभग 156 के स्ट्राइक रेट से 733 रन बनाए थे, जिसमें दो शतक और पांच अर्धशतक शामिल थे। उन्होंने 2024 में 151 के स्ट्राइक रेट से 450 से थोड़ा कम रन बनाए, लेकिन 2025 में अब तक भारतीय कप्तान 10 पारियों में 11 रन प्रति मैच की औसत से केवल 100 रन ही बना पाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 105 से अधिक है, जिससे यह पता चलता है कि भले ही उन्हें रन बनाने में संघर्ष करना पड़ा है, लेकिन उन्होंने अपनी आक्रामक रणनीति को पूरी तरह से नहीं छोड़ा है।

### टी-20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारी की शुरुआत

ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला अगले साल की शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारत की वास्तविक तैयारी की शुरुआत है, जिसमें उसे 15 मैच खेलने हैं। लेकिन यह कहा जा सकता है कि इस श्रृंखला के परिणाम का कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले 10 मैच घरेलू परिस्थितियों में खेले जाएंगे।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलियाः** मिशेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, महली बियर्डमैन, टिम डेविड, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, जोश हेज़लवुड, ग्लेन मैक्सवेल, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मैथ्यू कुहनेमन, मिशेल ओवेन, जोश फिलिप, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस।

विमेंस वनडे रैंकिंग

# स्मृति ने हासिल की कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग, नंबर-1 पर कायम

एजेंसी ▶▶| दुबई

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने घरेलू विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के दम पर कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल करने के साथ महिला वनडे क्रिकेट में शीर्ष बल्लेबाज के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

बाएं हाथ की इस 29 साल की बल्लेबाज ने पिछले दो मैचों में न्यूजीलैंड के खिलाफ 109 और बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 34 रन बनाए हैं।

इन पारियों के बाद उनके नाम 828 रेटिंग अंक हो गए, जो दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर (731) से 97 अंक अधिक हैं। गार्डनर ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने नाबाद शतक के बाद छह स्थानों की छलांग लगाई। मंधाना को इससे पहले सितंबर 2025 के लिए 'आईसीसी-महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' चुना गया था।




### प्रतिका शीर्ष 30 में

चोट के कारण विश्व कप के बाकी मैचों से बाहर हुई भारतीय सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल 564 की रेटिंग के साथ शीर्ष 30 (27वें स्थान) में पहुंच गईं। इस विश्व कप में स्पिन की अहम भूमिका रही है और कई गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन के बूते अपनी रैंकिंग में सुधार किया है।

### सोफी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

इंग्लैंड की सोफी एकलेस्टोन महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग (747) में शीर्ष पर बनी हुई हैं। एकलेस्टोन को ऑस्ट्रेलिया की लेग स्पिनर अलाना किंग से कड़ी टक्कर मिल रही है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात विकेट लिए थे। किंग ने अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 698 के साथ पांच स्थान की छलांग लगाई, जिससे उनकी टीम की साथी गार्डनर एक स्थान फिसलकर तीसरे (689) स्थान पर आ गईं। पाकिस्तान की नशरा संधू दक्षिण अफ्रीका की बायें हाथ की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा (610) के साथ संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर रहीं, जबकि तेज गेंदबाज मारिजन काप और सदरलैंड भी एक-एक स्थान के सुधार के साथ क्रमशः चौथे और सातवें स्थान पर पहुंच गईं।


प्रतियोगिता

# छह भारतीय मुक्केबाज युवा एशियाई खेलों के फाइनल में

### 15 वर्षीय खुशी चंद ने मंगोलियाई बॉक्सर अल्तांगदास को 5-0 से हराया

(भाषा) ▶▶| मनामा (बहरीन)

भारतीय मुक्केबाजों ने मंगलवार को यहां युवा एशियाई खेलों (एवाईजी) में शानदार प्रदर्शन किया जब छह मुक्केबाजों ने फाइनल में प्रवेश कर देश के लिए पदक पक्के किए। कई बैडमिंटन खिलाड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रहे। भारत की 15 वर्षीय खुशी चंद ने मंगोलिया की अल्तानजुल अल्तांगदास को 5-0 से हराकर लड़कियों के 46 किग्रा वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह पक्की कर ली। अब वह बृहस्पतिवार को खिताबी मुकाबले में चीन की चेन फांग-यू से भिड़ेंगी। लड़कियों के 54 किग्रा वर्ग में चंद्रिका पुजारी ने कजाखस्तान की रमीना मखानोवा को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया और अब उनका सामना फाइनल में उज्बेकिस्तान की 15 वर्षीय कुमरिनिसो मुहम्मदोवा से होगा। हरनूर कौर का 66 किग्रा का मुकाबला भी एकतरफा रहा। उन्होंने



चीनी ताइपे की लू वेन-जिंग को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत कजाखस्तान की अयाउलीम ओस्पानोवा से होगी। अंशिका ने 80 से अधिक किग्रा वर्ग में चीन की गुओ जियाकिंग को हराया। फाइनल में उनका सामना कजाखस्तान की एलनुरा कोंग्यात से होगा। लड़कियों के 50 किग्रा सेमीफाइनल में अहाना शर्मा को उज्बेकिस्तान की नाजोकत मार्डोनोवा से कड़ी टक्कर मिली लेकिन भारतीय खिलाड़ी 3-2 के खंडित फैसले से जीत दर्ज करने में सफल रहीं। फाइनल में उनका सामना उत्तर कोरिया की मा जोंग हयांग से होगा। लड़कों के वर्ग में लैंचेनबा सिंह ने 50 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में उत्तर कोरिया के एन फ्योंग गुक को 5-0 से हराकर। वह फाइनल में कजाखस्तान के झुमगली नूरमाखान से भिड़ेंगे।

### यशिता ने किर्गिस्तान की खिलाड़ी को हराया

लड़कियों की कुश्ती में 61 किग्रा वर्ग में यशिता ने किर्गिस्तान की अकाइलाई चिन्यबायेवा को 6-0 से हराकर फाइनल में पहुंचकर भारत के लिए कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया। वह फाइनल में कजाखस्तान की जैदर मुखात से भिड़ेंगी। बैडमिंटन में सूर्याक्ष रावत ने चीनी ताइपे के हुआंग ज्यून-काई को 21-14, 21-19 से हराकर दूसरे दौर की बाधा पार करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि जैसन ब्योर्न और एंजेल पुनेरा की मिश्रित युगल जोड़ी ने रामोस रोआक्विन और शाची काल्डेरोन की फिलीपींस की जोड़ी को 21-10, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। लड़कियों के एकल वर्ग में वेन्नाला कलागोटला ने फिलीपींस की ईव बेजसा को 21-10, 21-12 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि लड़कों के एकल वर्ग में टंकारा तलासिला ने फिलीपींस की प्रतिद्वंद्वी को आसान जीत के साथ अंतिम आठ में जगह बनाई।

# कलकल ने रचा इतिहास, फ्री स्टाइल में जीता गोल्ड, उज्बेकिस्तान के पहलवान को हराया

एजेंसी ▶▶| नोवी साद

भारतीय पहलवान सुजीत कलकल ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पुरुषों की फ्री स्टाइल 65 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सुजीत ने खिताबी मुकाबले में उज्बेकिस्तान के उमिदजोन जालोलोव को एकतरफा अंदाज में 10-0 से हराया। दोनों पहलवानों के बीच यह मुकाबला चार मिनट 54 सेकेंड तक चला, जिसके बाद रेफरी ने भारतीय पहलवान को विजेता घोषित किया।

सुजीत ने इस तरह उज्बेकिस्तान के पहलवान पर तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत दर्ज की। इससे पहले सुजीत ने कभी विश्व खिताब नहीं जीता था, लेकिन उन्होंने 2022 और 2025 में अंडर-23 एशिया खिताब और 2022 में अंडर-20 एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। सुजीत ने पिछले साल इसी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, लेकिन इस बार वह पदक का रंग बदलने में सफल रहे।



# आईसीयू से बाहर आए अय्यर, हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** भारत की वनडे टीम की उप कप्तान श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया है और उनकी हालत स्थिर है, जिससे उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता कम हो गई है। उन्हें तिल्ली की चोट (स्प्लीनिक रप्चर) और पसली में चोट के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीसीसीआई के सूत्र ने बताया, 'उन्हें आईसीयू से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया है और सिडनी के अस्पताल से छुट्टी मिलने में उन्हें कुछ दिन और लग सकते हैं।' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान हर्षित राणा की गेंद पर एलेक्स कैरी का मुश्किल कैच लेने की कोशिश में अय्यर को बाईं पसली के निचले हिस्से में चोट लग गई थी। शुरुआत में वह फिजियो की मदद से मैदान से बाहर चले गए, लेकिन बाद में उनकी हालत बिगड़ गई, जिसके कारण उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बाद में किए गए परीक्षणों से पता चला कि तिल्ली में चोट लगने के कारण आंतरिक रक्तस्राव हुआ था, जिसके बाद उन्हें गहन निगरानी के लिए आईसीयू में भर्ती कराया गया।



आज दोपहर 3 बजे से महिला वनडे विश्व कप का सेमीफाइनल मैच

# इंग्लैंड के खिलाफ द. अफ्रीका को दिखाना होगा दम

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

लीग चरण में कुछ करीबी जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम को महिला वनडे विश्व कप के अंतिम चार के मुकाबले में अगर चार बार के चैंपियन इंग्लैंड के सामने कड़ी चुनौती पेश करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका को लीग चरण में जिन दो मैच में हार का सामना करना पड़ा था, उन दोनों में उसके बल्लेबाज नाकाम रहे। इन दोनों अवसरों पर उसकी बल्लेबाजी स्पिन के सामने बिखर गई। अपने पहले मैच में 69 रन पर आउट होने के बाद निराश दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अच्छी वापसी की तथा न्यूजीलैंड, भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका और पाकिस्तान पर करीबी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही। स्पिनरों के सामने उसके बल्लेबाजों का संघर्ष ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम लीग खेल में फिर से सामने आया, जिसने उन्हें 24 ओवरों में सिर्फ 97 रन पर ढेर कर दिया।





### इंग्लैंड की एलिस कैप्सी अच्छी लय में

इंग्लैंड एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका की इस कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेगा और दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को रोकने के लिए न केवल अपनी ऑलराउंड ताकत पर बल्कि अपनी स्पिन तिकड़ी सोफी एक्लेस्टोन, लिंसे स्मिथ और चार्ली डीन पर भी निर्भर करेगा। तेज गेंदबाज लॉरेन बेल को शुरू में दबाव बनाना होगा, जबकि एलिस कैप्सी अच्छी लय में हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक पांच विकेट लिए हैं। इंग्लैंड के लिए हालांकि स्टार स्पिनर एक्लेस्टोन की चोट चिंता का विषय बनी हुई है। वह रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय चोटिल हो गई है। इंग्लैंड को उम्मीद है कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच तक पूरी तरह फिट हो जाएगी। इंग्लैंड इस मुकाबले में आत्मविश्वास के साथ उतरेगा, क्योंकि उसने इसी मैदान पर अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया था।

### द. अफ्रीका के बल्लेबाजों में निरंतरता का अभाव

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने अब तक सात मैचों में 50.16 की औसत से 301 रन बनाए हैं लेकिन उनको छोड़कर टीम के अन्य बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। इंदौर में भारत के खिलाफ 101 रन की पारी खेलने वाली ताजमिन ब्रिट्स उसके बाद से तीन बार शून्य पर आउट हुई हैं। उन्होंने विश्व कप से पहले लगातार तीन शतक लगाए थे और दक्षिण अफ्रीका को उनसे इस महत्वपूर्ण मुकाबले में ठोस शुरुआत देने की उम्मीद होगी। सुने लुस (157 रन) और मारिजान काप (162 रन) भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं, जिससे टीम की बल्लेबाजी की समस्या और बढ़ गई है।




# पहली बार भारत में बनेगा सुखोई यात्री विमान, अब मेड इन इंडिया से होगा हवाई सफर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की एविएशन इंडस्ट्री के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और रूस की यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन (पीजेएससी-यूएसी) ने सोमवार को मॉस्को में समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत दोनों देश मिलकर सुखोई एसजे-100 पैसेंजर एयरक्राफ्ट का निर्माण भारत में करेंगे। यह पहली बार होगा, जब भारत में किसी फुल पैसेंजर एयरक्राफ्ट का प्रोडक्शन किया जाएगा। इससे पहले ऐसा प्रोजेक्ट 1961 में शुरू हुए एवीआरओ एचएस- 748 विमान के साथ हुआ था, जो 1988 में बंद हो गया था। एचएएल और रूस की पीजेएससी-यूएसी कंपनी ने 27 अक्टूबर 2025 को मॉस्को में एसजे-100 सिविल कम्यूटर एयरक्राफ्ट के निर्माण के लिए समझौता किया है। यह समझौता भारत के नागरिक उड्डयन इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत है और 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में अहम कदम है।

## भारत के विमानन इतिहास में महत्वपूर्ण कदम

*एचएएल और रूस के बीच हुआ समझौता*

*10 साल में भारत को इस कैटेगरी के करीब 550 छोटे जेट विमान की जरूरत होगी*

### घरेलू यात्रियों के लिए बनेगा 'मेड इन इंडिया' प्लेन



*इस समझौते के तहत एचएएल को भारत के घरेलू बाजार के लिए एसजे-100 बनाने का अधिकार मिलेगा। इसका मकसद सरकार की उड़ान योजना के तहत छोटी दूरी की हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत करना है। विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले 10 साल में भारत को इस कैटेगरी के करीब 550 छोटे जेट विमान की जरूरत होगी, जिनमें से 200 क्षेत्रीय रूट्स के लिए और बाकी 350 भारतीय महासागर क्षेत्र व अंतरराष्ट्रीय टूरिस्ट रूट्स के लिए होंगे।*



### सुखोई एसजे-100 की खासियत

एसजे-100 एक ट्विन-इंजन, नैरो-बॉडी वाला शॉर्ट-हॉल जेट है, जो अभी 16 से ज्यादा एयरलाइन ऑपरेटरों के साथ उड़ान भर रहा है। अब तक दुनिया भर में 200 से अधिक एसजे-100 विमान बनाए जा चुके हैं।

### सुखोई में आसान सफर

- ❑ सीट क्षमता- 103 यात्री तक
- ❑ फ्लाइट रेंज- 3,530 किलोमीटर
- ❑ इंजन- ट्विन जेट इंजन
- ❑ कंट्रोल सिस्टम- डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर तकनीक
- ❑ कॉकपिट- अत्याधुनिक कंट्रोल साइड स्टिक के साथ
- ❑ सुविधा- विशाल ओवरहेड बिन्स, आरामदायक इंटीरियर, मुख्यधारा के जेट जैसी कम्फर्ट लेवल
- ❑ सिक्योरिटी- एडवांस्ड एरोडायनामिक्स और आधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस।
- ❑ एसजे-100 का प्रोडक्शन भारत में शुरू होना न सिर्फ 'मेक इन इंडिया' को नई उड़ान देगा, बल्कि देश को सिविल एविएशन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी बड़ा कदम साबित होगा।

## चीन को घेरने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का नया दांव

# जापान के साथ साइन की क्रिटिकल मेटल की डील, ड्रैगन के उड़ गए होश!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने चीन को घेरने के लिए एक नया दांव चला है। उन्होंने जापान के साथ क्रिटिकल मेटल को लेकर बड़ा समझौता किया है। दरअसल, चीन ने रेयर अर्थ मेटल के निर्यात पर कड़े प्रतिबंध लगा रखे है। ऐसे में अमेरिका को दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। यही वजह है कि अमेरिका अब चीन को घेरने के जापान का सहारा ले रहा है। अमेरिका और जापान ने मंगलवार को जरूरी और रेयर-अर्थ मिनरल्स के प्रोडक्शन और सप्लाई में सहयोग के लिए एक एग्रीमेंट पर साइन किए।

यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के टैरिफ के जवाब में चीन के रेयर अर्थ और चिप बनाने वाले इक्विपमेंट पर एक्सपोर्ट कंट्रोल कड़ा करने के फैसले के बाद उठाया गया है। यह डील ट्रंप के टोक्यो दौरे के दौरान हुई, जहां उन्होंने जापान की नई प्रधानमंत्री सुनाए ताकाइची से पहली बार मुलाकात की। जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों ने घरेलू इंडस्ट्रीज, जिसमें एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और उनके संबंधित इंडस्ट्रियल बेस शामिल हैं, को सपोर्ट करने के लिए जरूरी जॉइंट प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने और जरूरी मिनरल्स और रेयर अर्थ के लिए अलग-अलग, लिक्विड और निष्पक्ष बाजारों के विकास में तेजी लाने के लिए आर्थिक नीति के साधनों और कोऑर्डिनेटेड इन्वेस्टमेंट का इस्तेमाल करने पर सहमति जताई। जापान की पीएम ने ट्रंप से कहा ने वे उनके लिए नोबेल पुरस्कार की मांग करेंगी।

चीन में दुनिया के 90% दुर्लभ पृथ्वी धातुओं का प्रसंस्करण

ट्रंप के लिए जापान ने की नोबेल पुरस्कार की मांग

ट्रंप ने जमकर की जापान की पीएम की सराहना



### चीन का रेयर अर्थ मेटल के 90% हिस्से पर कब्जा

चीन दुनिया के 90% रेयर अर्थ को प्रोसेस करता है। उसने हाल ही में एक्सपोर्ट पर पाबंदियां बढ़ा दी हैं, और अपनी कंट्रोल लिस्ट में नए एलिमेंट्स जोड़े हैं। उन्होंने उन विदेशी प्रोड्यूसर्स पर भी अपनी निगरानी कड़ी कर दी है जो चीनी मटेरियल पर निर्भर हैं। इसके उलट, अमेरिका में सिर्फ एक ही रेयर अर्थ माइन चालू है और वह इलेक्ट्रिक गाड़ियों और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग के लिए जरूरी मिनरल्स को सुरक्षित करने की दौड़ में लगा हुआ है। ट्रंप गुरुवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलेंगे। अपने एग्रीमेंट में, अमेरिका और जापान इस बात पर सहमत हुए कि वे परमिट पाने और रेयर अर्थ और जरूरी मिनरल्स को सुरक्षित करने के लिए प्रोसेस और टाइमलाइन को आसान बनाएंगे और उनमें ढील देंगे, और साथ ही गलत ट्रेड प्रैक्टिस और नॉन-मार्केट पॉलिसीज पर भी ध्यान देंगे। यूएस ने कहा कि दोनों देश एक स्टॉकपाइलिंग एग्रीमेंट पर भी विचार करेंगे जो दोनों के लिए फायदेमंद होगा और सप्लाई चेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दूसरे इंटरनेशनल पार्टनर्स के साथ काम करेंगे।

### नोबेल के लिए ट्रंप को मिला नया साथी

इस लिहाज से पाकिस्तान, इस्राइल और की तरह ही जापान भी अब उन देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने ट्रंप के लिए नोबेल शांति पुरस्कार देने के लिए आवाज उठाई है। अमेरिकी राष्ट्रपति मंगलवार को टोक्यो में अमेरिकी नौसेना के विमानवाहक पोत यूएसएस जॉर्ज वाशिंगटन पर तैनात सैनिकों से भी मिलने वाले हैं। इससे पहले सोमवार को उन्होंने जापान के सम्राट से औपचारिक मुलाकात की थी। ट्रंप इससे पहले मलेशिया के कुआलालंपुर में आसियान शिखर सम्मेलन में शामिल हुए, जहां उन्होंने थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हुए संघर्षविराम समझौते की सराहना की।

## पाक-अफगान की बातचीत बेनतीजा

# अफगानिस्तान पर हमले करता रहेगा पाकिस्तान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

तुर्की में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हुई शांति वार्ता बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई। बताया जा रहा है कि वार्ता के दौरान पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का रवैया इतना अजीब और असहयोगी था कि वहां मौजूद मध्यस्थ कतर और तुर्की के प्रतिनिधि भी हैरान और नाराज हो गए। सूत्र ने बताया कि पाकिस्तानी प्रतिनिधि बातचीत की प्रक्रिया से परिचित नहीं थे, वे बार-बार अतार्किक मुद्दे उठाते रहे और कई मौकों पर असभ्य भाषा का इस्तेमाल किया।

वार्ता के सभी एजेंडा बिंदु पूरे हो चुके थे, लेकिन जब एक मुद्दे पर चर्चा चल रही थी, तभी पाकिस्तानी पक्ष ने गलत बर्ताव कर बैठक का माहौल बिगाड़ दिया। बताया जा रहा है कि पाकिस्तानी टीम के प्रमुख ने अफगान पक्ष से कहा कि वे उन सभी समूहों को नियंत्रित करें जो पाकिस्तान में हमले करते हैं। यह मांग सुनकर मध्यस्थ भी हैरान रह गए। उन्होंने सवाल किया कैसे कोई देश दूसरे देश से कह सकता है कि वह उसके अपने विद्रोही समूहों को नियंत्रित करे? वार्ता के दौरान पाकिस्तानी पक्ष ने यह भी कहा कि यदि पाकिस्तान में टीटीपी के हमले जारी रहे, तो वे उसका बदला अफगानिस्तान से लेंगे। इस पर अफगान टीम ने जवाब दिया कि पाकिस्तान में सुरक्षा बनाए रखना पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा एजेंसियों की जिम्मेदारी है।



### एक-दूसरे को ठहराया जिम्मेदार

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हुई वार्ता का उद्देश्य सीमा पर हाल ही में हुई भीषण झड़पों के बाद स्थायी शांति बहाल करना था, जिनमें दर्जनों लोगों की मौत हो गई थी। यह 2021 में तालिबान के काबुल में सत्ता में आने के बाद सबसे गंभीर हिंसा मानी जा रही है। दोनों देशों ने 19 अक्टूबर को दोहा में एक संघर्षविराम समझौते पर सहमति जताई थी, लेकिन इसके बाद तुर्की और कतर की मध्यस्थता में इस्तांबुल में हुई दूसरी दौर की बातचीत में कोई साझा समाधान नहीं निकल सका। दोनों पक्षों ने वार्ता विफल होने के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया।

## इंडो-पैसिफिक रीजनल डायलॉग 2025

# नौसेना प्रमुख ने कहा- महासागर राष्ट्रों और समाजों की साझा धरोहर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी का कहना है कि समुद्र हमारे साझा भविष्य का दर्पण है, सुरक्षा और विकास दोनों एक साथ चलने वाले इंजन हैं। वह मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित इंडो-पैसिफिक रीजनल डायलॉग 2025 के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे।नौसेना प्रमुख ने कहा कि समुद्र सदियों से मानवता के सबसे प्राचीन राजमार्ग रहे हैं। इन राजमार्गों ने न केवल व्यापार और संस्कृति बल्कि जिज्ञासा और साहस को भी दिशा दी है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न मित्र देशों के 30 से अधिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति दर्शाती है कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र का भविष्य केवल संवाद, सहयोग और पारस्परिक विश्वास से ही सुरक्षित और समृद्ध बनाया जा सकता है।



नौसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि महासागर राष्ट्रों और समाजों की साझा धरोहर हैं। ये अंतरराष्ट्रीय व्यापार की जीवनरेखा है। आज देशों की सुरक्षा और समृद्धि महासागरों से गहराई से जुड़ी हुई है। यह संदेश हमें यह याद दिलाता है कि समुद्रों की शांति और राष्ट्रों की समृद्धि एक-दूसरे से अविभाज्य हैं।

*मजबूत हुआ आपसी तालमेल और क्षमता*

# भारत और अमेरिका की नौसेनाओं का पनडुब्बी-रोधी युद्ध अभ्यास

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन



भारत और अमेरिका ने पनडुब्बी-रोधी युद्ध (एएसडब्ल्यू) और समुद्री क्षेत्र में जागरूकता पर केंद्रित संयुक्त युद्ध अभ्यास किया, ताकि दोनों नौसेनाओं के बीच आपसी तालमेल और क्षमता को मजबूत किया जा सके।

अमेरिका के सातवें बेड़ा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अमेरिका और भारत की नौसेनाएं साथ उड़ान भर रही हैं। डिएगो गार्सिया के पास संयुक्त पी-8 प्रशिक्षण ने पनडुब्बी-रोधी युद्ध कौशल और समुद्री क्षेत्र की जागरूकता को निखारा और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने की हमारी सामूहिक क्षमता को बढ़ाया। रक्षा दृश्य सूचना वितरण सेवा (डीवीआईडीएस) ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'कमांडर टास्क फोर्स 72' (सीटीएफ) के मिशन में समुद्री गश्ती और टोही विमान (एमपीआरए) पी-8ए पोसाइडन ने भारतीय नौसेना के एमपीआरए पी-8आई के साथ डिएगो गार्सिया और हिंद महासागर के पास संयुक्त अभ्यास में भाग लिया। यह अभ्यास 22 से 28 अक्तूबर के बीच आयोजित किया गया था। पी-8आई के डिएगो गार्सिया पहुंचने के बाद अमेरिकी और भारतीय चालक दल ने अभ्यास के लिए संचालन योजना पर मिलकर काम किया, जिससे समुद्री में सूचना साझा करने और सहयोग की नींव रखी गई। इस तट आधारित चरण को संयुक्त उड़ान और द्विपक्षी पनडुब्बी-रोधी और संचार अभ्यास के साथ पूरा किया गया।

बयान में कहा गया, पैट्रोल स्क्वाड्रन (वीपी) 4 को सीटीएफ 72 में तैनात किया गया, जो अमेरिकी नौसेना के सातवें बेड़े समुद्री गश्ती और टोही विमानों के लिए कमान एवं नियंत्रण मुख्यालय है।

# ऊर्जा क्षेत्र के लगातार सिकुड़ने पर जयशंकर ने चिंता जाहिर की

एजेंसी ⏭ कुआलालंपुर

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आसियान सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में ऊर्जा क्षेत्र के लगातार सिकुड़ने पर चिंता जाहिर की। एस जयशंकर का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका और भारत के संबंधों में थोड़ा रूखापन आया हुआ है और अमेरिका द्वारा भारत पर रूस से तेल न खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इस दबाव के तहत अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है।

बीते हफ्ते ट्रंप ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों, रोसनेफ्ट और लुकोइल पर बैन लगा दिया, जिससे भारत को ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है। आसियान सम्मेलन के दौरान भारतीय विदेश मंत्री डॉ.



एस जयशंकर ने अपने बयान में बाजारों तक पहुंच, सप्लाई चेन की दिक्कतों को लेकर भी चिंता जताई। साथ ही उन्होंने कहा कि दुनिया को आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी चाहिए और गाजा और यूक्रेन जैसे संघर्षों को सुलझाने की कोशिशें तेज करनी चाहिए क्योंकि इन संघर्षों की वजह से खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति खतरे में पड़ गई है। जयशंकर ने कहा कि ऊर्जा व्यापार पर लगातार रोक लगाई जा रही है, जिससे तेल बाजार में गड़बड़ी हो रही है। सिद्धांतों को चुनिंदा तरीके से लागू किया जा रहा है। अमेरिका की व्यापार नीति का जिक्र किए बिना जयशंकर ने कहा कि सप्लाई चेन की विश्वसनीयता और बाजार पहुंच चिंता बढ़ा रही है। गौरतलब है कि एक तरफ जहां ट्रंप प्रशासन द्वारा दुनिया के विभिन्न देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगा दिए गए हैं, जिससे आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है। वहीं दूसरी तरफ चीन द्वारा दुर्लभ खनिजों और भारी मशीनरी के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109